नई दिल्ली, शुक्रवार 17 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 89
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 38.0°C
न्यून. 25.0°C

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में विश्वनाथ और गंगा ने स्वर्ण पर जमाया कब्जा

हरियाणा सरकार



विकसित भारत – विकसित हरियाणा

## श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के कर–कमलों द्वारा



## जींद और सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ

पूर्णतः स्वदेशी और हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित, जिसमें हाइड्रोजन और हवा से प्राप्त ऑक्सीजन से बनी बिजली से ट्रेन चलती है और केवल जल वाष्प उत्सर्जित होता है

3,200 हार्सपावर के साथ दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेन

10 कोचों के साथ यह दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन

2,600 यात्रियों की क्षमता के साथ दुनिया की सबसे अधिक यात्री क्षमता वाली हाइड्रोजन ट्रेन

इसके सहित

## लगभग ₹15,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

गरिमामयी उपस्थिति

**प्रो. असीम कुमार घोष** – राज्यपाल, हरियाणा | **श्री नायब सिंह सैनी** – मुख्यमंत्री, हरियाणा | **श्री नितिन जयराम गडकरी** – केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री | **श्री अश्विनी वैष्णव** – केन्द्रीय रेल मंत्री

दिनांक - 17 जुलाई, 2026 । समय - प्रातः 9 बजे
स्थान - एच.एस.वी.पी. ग्राउंड, सेक्टर-9, जींद, हरियाणा

DD NEWS डी.डी. न्यूज़ पर होगा सीधा प्रसारण

**दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे** (लागत - लगभग ₹9700 करोड़)
- दिल्ली से कटरा तक का सफर हुआ आसान, अब 14 घंटे की बजाय लगेंगे सिर्फ 6 घंटे
- हरियाणा के झज्जर-सोनीपत-जींद-कैथल जिले एक्सप्रेस-वे से जुड़े

**अम्बाला-काला अम्ब राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹1200 करोड़)
- हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच संपर्क होगा मजबूत
- उद्योगों का परिवहन समय और लॉजिस्टिक लागत में आएगी कमी
- आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा, व्यापार को मिलेगी नई गति

**पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
(लागत - लगभग ₹600 करोड़)
- भिवानी जिला अस्पताल अपग्रेड होकर बना मेडिकल कॉलेज
- अस्पताल में 630 बिस्तरों की सुविधा
- 100 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले उपरांत पढ़ाई हुई शुरू

**जींद-गोहाना राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹1600 करोड़)
- जींद से गोहाना की यात्रा 2 घंटे से घटकर हुई केवल 40 मिनट
- किसानों को कृषि उपज मंडियों तक पहुंचाने में होगी सुविधा
- रोहतक-पानीपत-दिल्ली एनसीआर से बेहतर संपर्क

**कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक** (लागत - लगभग ₹400 करोड़)
- सुगम यातायात की सुविधा
- घनी आबादी में स्थित पांच रेलवे फाटक हुए समाप्त
- जाम से परेशान जनता को मिली राहत

**महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज** (लागत - लगभग ₹900 करोड़)
- 650 बिस्तर वाले अस्पताल से इलाज क्षमता में वृद्धि
- 100 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले
- मरीजों के लिए ओपीडी सुविधा शुरू

**सिख संग्रहालय, कुरुक्षेत्र** (लागत - लगभग ₹160 करोड़)
- सिख गुरुओं की विरासत, जीवन और सांस्कृतिक महत्व से युवा पीढ़ी को प्रेरणा

**हांसी-बरवाला राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹140 करोड़)
- हिसार और पंचकूला क्षेत्र के बीच सड़क संपर्क होगा बेहतर
- कृषि उत्पादन एवं स्थानीय माल ढुलाई का कार्य होगा किफायती
- स्थानीय रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा




सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## एंटी करप्शन ब्रांच ने 11 किये गिरफ्तार

# जेलों में चल रहे वसूली और रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



एंटी करप्शन ब्रांच ने दिल्ली की तिहाड़, मंडोली और रोहिणी जेलों में चल रहे जबरन वसूली और रिश्वतखोरी के एक संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया है। कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में जेल अधिकारियों, कैदियों, वकीलों और निजी व्यक्तियों के बीच आपराधिक मिलीभगत का खुलासा हुआ है। इस सिलसिले में रोहिणी जेल के वार्डर दिनेश डबास, पंकज कुमार, रवि कुमार, तिहाड़ जेल का हेड वार्डर जोगिंदर, फरीदाबाद का वकील मनीष और आशीष राणा नामक शख्स को गिरफ्तार किया गया। ऑपरेशन के दौरान लगभग 1 लाख की रिश्वत की रकम भी बरामद की गई।

ज्वाइंट सीपी विक्रमजीत सिंह के अनुसार एंटी करप्शन ब्रांच ने दिल्ली की जेलों के अंदर चल रहे जबरन वसूली और रिश्वतखोरी के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है, जिसमें जेल अधिकारी, कैदी, वकील और निजी व्यक्ति शामिल थे। जांच में पहले एक सुनियोजित आपराधिक गिरोह का पता चला था जो कथित तौर पर विचाराधीन कैदियों के परिवार वालों से सुरक्षा, विशेष व्यवहार और जेल के अंदर अन्य अनधिकृत सुविधाएं देने के बदले पैसे वसूलता था। यह मामला इस साल 9 फरवरी को मिली एक शिकायत से शुरू हुआ था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता को रोहिणी जेल में बंद अपने पिता और भाई की सुरक्षा और आराम के लिए पैसे देने के लिए मजबूर किया जा रहा था। कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्रांच ने एक जाल बिछाया और एफआईआर दर्ज की। ऊपर बताये गये छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में शुरुआती गिरफ्तारियों से कहीं बड़ी आपराधिक साजिश का पता चला है। बैंक खातों, वित्तीय लेन देन, डिजिटल सबूतों और मोबाइल फोन डाटा के विश्लेषण से पता चला कि अवैध भुगतान कई बैंक खातों के माध्यम से किए जा रहे थे और गिरोह के सदस्यों के बीच बांटने के लिए नकद निकाले जा रहे थे। जांच के दौरान एकत्र किए गए सबूतों के आधार पर पांच और आरोपियों की पहचान की गई। गिरफ्तार इन लोगों के नाम रोहिणी जेल के सहायक अधीक्षक सुनील कुमार, हेड वार्डर योगेश, वार्डर जगबीर और बागपत के वकील हरेंद्र बंसल और विप्लव खारी हैं। अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट, छह जेल वार्डन, दो वकील और दो प्राइवेट व्यक्ति शामिल हैं। सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की पहचान करने, पैसों के पूरे लेन देन का पता लगाने और साजिश की पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए जांच जारी है।

# ऑपरेशन शस्त्र के तहत रोहिणी में 46 अरेस्ट

■ 19 देसी कट्टे बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रोहिणी जिला पुलिस ने अवैध हथियार, संगठित अपराध और लूटपाट व झपटमारी में शामिल बदमाशों के खिलाफ एक विशेष अभियान ऑपरेशन शस्त्र चलाया। इसके तहत 46 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 19 देसी कट्टे, 26 कारतूस और नौ चाकू बरामद किये गये हैं।

पुलिस के अनुसार इस साल अब तक रोहिणी में पुलिस ने 155 अवैध तमंचे और 287 कारतूस बरामद किए हैं जो दिल्ली पुलिस के सभी जिलों और इकाइयों में सबसे अधिक बरामदगी है। अवैध हथियार रखने, संगठित आपराधिक नेटवर्क और आदतन अपराधियों को लक्षित करते हुए शुरू किए गए 'ऑपरेशन शस्त्र' के तहत 14 और 15 जुलाई को रोहिणी जिले में विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने कहा कि अभियान के दौरान शस्त्र अधिनियम के तहत 24 मामले, आबकारी अधिनियम के तहत पांच, स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो और जुआ अधिनियम के तहत तीन मामले दर्ज किए गए। पुलिस के अनुसार, 15 टीमें बनाई गई जिनमें कुल 210 पुलिसकर्मी शामिल थे। जिलेभर में 106 स्थानों पर छापेमारी की गई।

रोहिणी के डीसीपी शशांक जायसवाल ने कहा कि अभियान के दौरान 101 पार्कों की जांच की गई। 60 वाहनों से काली फिल्में हटाई गई। लगभग 400 हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किया गया। आठ सक्रिय हिस्ट्रीशीटर और एक भगोड़े अपराधी को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान की गई 46 गिरफ्तारियों के अलावा, 23 लोगों को कानून के निवारक प्रावधानों के तहत पाबंद किया गया। शस्त्र अधिनियम के तहत 24 मामलों में 31 को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में कई कथित हिस्ट्रीशीटर और लूट, झपटमारी, सेंधमारी और शस्त्र अधिनियम के मामलों में संलिप्त अपराधी शामिल हैं। डीसीपी ने कहा कि चार आदतन लुटेरों और चोरों को भी गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से चार देसी कट्टे और आठ कारतूस सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

## तेज रफ्तार कार ने हेड कांस्टेबल को कुचला, मौत

■ पुलिस ने कुछ ही घंटों में दो आरोपियों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** सिंघू बॉर्डर पर एक तेज रफ्तार कार ने एक यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक हेड कांस्टेबल का नाम अमित कुमार बताया गया है। यह घटना बुधवार शाम की बताई गई है। इस संबंध में केस दर्ज कर पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना बुधवार शाम करीब छह बजे हुई। सिंघू बॉर्डर पर हेड कांस्टेबल अमित यातायात ड्यूटी पर तैनात थे। हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले हेड कांस्टेबल अमित को उनके सहकर्मी हादसे के तुरंत बाद नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल (एसआरएचसी) ले गए थे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में अलीपुर थाने में केस दर्ज किया गया। मामले में कुलदीप उर्फ करण और नीरज को पकड़ा गया है। दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा, यह बेहद अफसोस की बात है कि सिंघू बॉर्डर पर यातायात इकाई में तैनात हेड कांस्टेबल अमित की हिट-एंड-रन घटना में मृत्यु हो गई है। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं।

**खबर संक्षेप**

### बाइक टैक्सी से गिरी शिक्षिका की ट्रक की चपेट में आने से मौत

**नई दिल्ली।** रोहिणी इलाके के कंझावला रोड पर बृहस्पतिवार सुबह स्कूल जा रही 46 वर्षीय शिक्षिका की बाइक टैक्सी से गिरने के बाद एक ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतका की पहचान रामा विहार निवासी प्रियंका के तौर पर हुई है जो मंगोलपुरी में के-ब्लॉक के दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्कूल में कार्यरत थी। पुलिस के मुताबिक बृहस्पतिवार सुबह एक सड़क हादसे की सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को दी गई, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची। बजरी लदे ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत हुई थी। पुलिस ने कहा कि जब तक टीम मौके पर पहुंची, तब तक शिक्षिका की मौत हो चुकी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल का क्राइम टीम ने निरीक्षण किया और मौके से सबूत इकट्ठा किए। भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (लापरवाही से वाहन चलाना) और 106 (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने ट्रक के मालिक से संपर्क किया है और आरोपी फरार ट्रक चालक को गिरफ्तार करने की कोशिशें जारी हैं। पुलिस ने कहा कि बाइक टैक्सी चालक की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### 19 वर्षीय युवक की हत्या में पांच अरेस्ट

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के बेगमपुर इलाके में 19 वर्षीय फैक्टरी कर्मचारी की हत्या करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मृतक चंदन का शव 13 जुलाई को रोहिणी सेक्टर 23 में डीडीए ग्राउंड के पास झाड़ियों से बरामद हुआ था। मामले में कई स्थानों पर दबिश देने के बाद कान्हा चौहान (18), अमृत (18), अकबर (20), गिरीश (24) और अमन (25) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार चंदन के सीने में चाकू घोंपा गया, जिससे उसकी मौत हुई थी। वह रिठाला गांव में स्थित एक फैक्टरी में काम करता था। उसकी हत्या का मामला बेगमपुर थाने में दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के पास से हत्या में इस्तेमाल दो चाकू बरामद किए गए हैं। आरोपियों ने पूछताछ में पुराने विवाद में युवक की हत्या करने की बात कबूली है।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 365 किलोग्राम लाल चंदन जब्त, यात्री गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 365 किलोग्राम से अधिक लाल चंदन जब्त किया है जिसे कथित तौर पर तस्करी कर देश से बाहर ले जाया जा रहा था। इस मामले में एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मौके पर की गई जांच के आधार पर अधिकारियों ने 13 जुलाई को हवाई अड्डे के टर्मिनल-तीन से हांगकांग जाने वाले एक भारतीय यात्री को रोका। बयान के अनुसार, यात्री की संदिग्ध गतिविधियों और उसके पास एक अतिरिक्त बैग होने के कारण उसे रोका गया। बयान में कहा गया कि सामान की विस्तृत जांच के दौरान अधिकारियों ने 12 बैग में छिपाकर रखा गया 365.545 किलोग्राम लाल चंदन बरामद किया।

## बीएलओ के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले चार दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पुरानी दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक शिक्षिका एवं बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के काम में बाधा डालने और अभद्र व्यवहार करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि पांच जुलाई को चांदनी महल थाना क्षेत्र के फाटक तेलियान में एसआईआर अभियान के तहत आधिकारिक ड्यूटी के दौरान एक व्यक्ति ने उनके साथ आपत्तिजनक हरकत की। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि वहां मौजूद कुछ अन्य लोगों ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। एसआईआर फॉर्म लेने से इनकार किया तथा ऐसा व्यवहार किया जिससे उनका अपमान हुआ और वह अपने सरकारी दायित्व का निर्वहन नहीं कर सकीं। पुलिस ने बताया कि घटना पांच जुलाई की बताई गई है, लेकिन शिकायत 15 जुलाई को उस समय पुलिस के संज्ञान में आई, जब शिकायतकर्ता ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (पुरानी दिल्ली) से संपर्क किया। इसके बाद एडीएम ने पुलिस अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल शिकायतकर्ता से संपर्क किया, जिन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज कराने में देरी इसलिए हुई क्योंकि वह इस संबंध में अपने वरिष्ठ अधिकारियों से उचित कार्रवाई को लेकर परामर्श कर रही थीं। पुलिस के अनुसार, शिकायत का सत्यापन करने और उपलब्ध सामग्री की जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। शिकायत में नामजद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान तुर्कमान गेट निवासी मोहम्मद सबरीन, अतीक उर रहमान, मोहम्मद आसिफ और मोहम्मद आफताब हैं।

# डीयू ने पहले राउंड में 93 हजार 33 छात्रों को आवंटित की सीटें

■ 28 जुलाई से शुरू होगा नया शैक्षणिक सत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शैक्षणिक सत्र '2026-27' के स्नातक (यूजी) प्रवेश के पहले आवंटन के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार 93 हजार 33 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई हैं जबकि कुल सीटें 71,624 हैं। डीयू के कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता के अनुसार, डीयू ने कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) के तहत 67 कॉलेजों के 73 मूल यूजी पाठ्यक्रम और 150 से अधिक बी.ए. प्रोग्राम संयोजनों के लिए पहला सीट आवंटन कर दिया है। विश्वविद्यालय ने चयनित छात्रों को 18 जुलाई रात 11:59 बजे तक अपनी सीट स्वीकार करने और शुल्क जमा करने की सलाह दी है। वहीं, 28 जुलाई 2026 से नए शैक्षणिक सत्र की कक्षाएं शुरू होंगी। इस वर्ष 2 लाख 18 हजार 284 सफल पंजीकरण हुए, जिनमें से 2 लाख 8 हजार 43 अभ्यर्थियों ने 13 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया का पहला चरण पूरा किया। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान छात्रों की 1 करोड़ 59 लाख 42 हजार 385 कॉलेज और कार्यक्रम वरीयताओं पर विचार किया गया। सीट पाने वाले छात्रों में 42,019 पुरुष और 51,014 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। इसके अलावा 1,243 सिंगल गर्ल चाइल्ड और 242 अनाथ श्रेणी के अभ्यर्थियों को भी सीटें आवंटित की गई हैं। कुल आवंटन दर लगभग 86.1 प्रतिशत रही है।

## दिल्ली विश्वविद्यालय ने जारी किया प्रवेश अपडेट

### 18 जुलाई तक सीट स्वीकार करें, 21 जुलाई तक मिलेगा अपग्रेड का मौका

दिल्ली विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि चयनित अभ्यर्थियों को 18 जुलाई, 2026 रात 11:59 बजे तक अपनी सीट स्वीकार करनी होगी। भुगतान लिंक मिलने के बाद निर्धारित समय में शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। शुल्क जमा करने के बाद छात्र 'अपग्रेड' या 'फ्रिज' का विकल्प चुन सकेंगे। अपग्रेड चुनने वाले अभ्यर्थी 21 जुलाई रात 11:59 बजे तक अपनी उच्च वरीयताओं में बदलाव कर सकेंगे।

### पीजी पाठ्यक्रमों की तीसरी आवंटन सूची पूरी

विश्वविद्यालय ने बताया कि दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रमों की तीसरी आवंटन सूची पूरी हो चुकी है। अब तक 10,240 छात्रों ने प्रवेश लिया है, जबकि 6,240 छात्रों ने अपनी सीट फ्रीज की है और 2,153 ने अपग्रेड का विकल्प चुना है। जल्द ही स्पॉट राउंड और प्रदर्शन आधारित पाठ्यक्रमों के अगले चरण की घोषणा की जाएगी। वहीं, एक वर्षीय पीजी कार्यक्रम में अब तक 12,639 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ कोर्स का दूसरा स्पॉट राउंड 17 जुलाई से शुरू होगा, जबकि बीटेक प्रवेश का तीसरा राउंड 19 जुलाई से शुरू किया जाएगा।

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
**(जिला - सारण), बिहार - 841221**

**ई. निविदा सूचना संख्याः ई.एल.-स्प्रू वॉश-ओटी-2026, दिनांकः 15.07.2026,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/हेड क्वार्टर/रे.प.का./बेला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई. खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. कार्य का नाम, स्थान तथा कार्य सम्पन्न होने का समयः आरडब्लूपी, बेला के मोल्ड रूम में रेलवे पहियों के रीवर्क के लिए ऑफ लाइन रीहीटिंग फर्नेस और स्प्रू वॉश स्टेशन के मैन्युफैक्चर, सप्लाई, इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग के काम के लिए इलेक्ट्रिकल कार्य। कार्य अवधि 4 माह। 2. कार्य की अनुमानित लागतः रु **6400932.85** (रुपये चौसठ लाख नौ सौ बत्तीस पैसे पचासी मात्र जीएसटी @ 18% सहित) 3. धरोहर राशिः रु. **128000** (रु. एक लाख अट्ठाईस हज़ार रुपये मात्र) 4. निविदा ज़मा करने एवं खुलने का तिथि तथा समयः निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि 23.08.2026, बंद होने की तिथि 06.08.2026 को 14:00 बजे। टेन्डर खुलने की तिथि 06.08.2026 को 14:30 बजे या बाद में। 5. वेबसाईट का विवरण, सूचना पट्ट जहाँ से निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त किया जा सकता है एवं कार्यालय का पता जहाँ से निविदा कागजात खरीदा जा सकता हैः निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आईआरईपीएस के आधिकारिक वेबसाईट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों को ऊपर की निविदाओं के संबंध में शुद्धिपत्र सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/हेड क्वार्टर/रेपका/बेला
आरडब्ल्यूपी/सीपीआरओ/ए डी भी टी/2026-27/48

# लाल किला 15 अगस्त तक आम जनता के लिए रहेगा बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह की तैयारियों के मद्देनजर दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला परिसर को 15 जुलाई से 15 अगस्त तक आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गयी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को देखते हुए यह आदेश जारी किया है। नौ जुलाई को जारी आदेश में कहा गया है कि प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल तथा अवशेष नियम, 1959 के नियम-5 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्देश दिया जाता है कि लाल किला 15 जुलाई 2026 से 15 अगस्त 2026 तक स्वतंत्रता दिवस समारोह समाप्त होने तक आम जनता और पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। एएसआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि स्वतंत्रता दिवस से पहले हर वर्ष इस तरह का आदेश जारी किया जाता है। यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल लाल किला 15 अगस्त 1947 से देश के स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य स्थल रहा है। इसी दिन भारत ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से मुक्त होकर स्वतंत्र राष्ट्र बना था। हर वर्ष 15 अगस्त को लाल किले में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में केवल सरकार द्वारा जारी पास धारकों को ही प्रवेश की अनुमति होती है। यह समारोह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित किया जाता है।

### व्यक्ति ने महिला की गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद भी जान दी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति ने महिला की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी और फिर खुद भी गोली मारकर जान दे दी। पुलिस के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपराह्न करीब 3.30 बजे महिला की छोटी बहन जब काम से घर लौटी तो उसने शवों देखा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **मो. इजाज, पुत्रः** मो. इशराफिल, **पताः** गली टैंट वाली, मोतिया खान, सदर बाजार, दिल्ली **और भीः** सतधारा वार्ड नंबर 1, राजनगर, जिला मधुबनी, बिहार, ने **FIR No.: 26/2017, U/s: 324/341/34 IPC, थानाः सदर बाज़ार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **मो. इजाज,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **मो. इजाज,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 26/2017, U/s: 324/341/34 IPC, थानाः सदर बाज़ार, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **मो. इजाज,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री कार्तिक तपारिया
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-06
कमरा नं. 247, केन्द्रीय,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9773/N/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **राकेश मल्होत्रा, पुत्रः** पवन मल्होत्रा, **पताः** फ्लैट नंबर 221-A, पॉकेट-A-5, ब्लॉक, पश्चिम विहार, वेस्ट दिल्ली ने **FIR No.: 81/2025 U/s 33/38/58(D) Delhi Excise Act, , थानाः जाफरपुर कलां, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **राकेश मल्होत्रा,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **राकेश मल्होत्रा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 81/2025 U/s 33/38/58(D) Delhi Excise Act, थानाः जाफरपुर कलां, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **राकेश मल्होत्रा,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-09
दक्षिण-पश्चिम जिला, कमरा नं. 314
जिला कोर्ट द्वारका, दिल्ली

DP/9623/DW/2026
(Court Matter)

# फायरिंग और एक्सटॉर्शन केस का वांटेड मालदा से अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल की साउथ वेस्टर्न रेंज ने हैरी बॉक्सर गैंग से जुड़े फायरिंग और एक्सटॉर्शन केस के वांटेड को पश्चिम बंगाल के मालदा से गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर जगदीश उर्फ जैक को ढाई हजार किलोमीटर तक कई राज्यों में पीछा करने के बाद दबोचा गया। इसके मुख्य साथी विकास उर्फ चुहिया को स्पेशल सेल ने 7 जून को उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से गिरफ्तार किया था।

डीसीपी नारा चैतन्य के अनुसार ऑर्गनाइज्ड क्राइम के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी में स्पेशल सेल ने सबोली, दिल्ली के रहने वाले जगदीश नाम के एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विदेश से ऑपरेट होने वाले कुख्यात हैरी बॉक्सर , अनिल पंडित, सचिन उर्फ गोलू गैंग का मुख्य सदस्य है। वह फायरिंग और जबरन वसूली की सनसनीखेज घटनाओं के सिलसिले में वांछित था। ये मामले छावला पुलिस स्टेशन में दर्ज थे। इससे पहले 7 जून को इसी टीम ने लंबी खोजबीन के बाद उसके करीबी साथी विकास को उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से गिरफ्तार किया था। जांच से पता चला कि विकास ने जगदीश के साथ मिलकर दोनों आपराधिक घटनाओं के लिए मुख्य मददगार और लॉजिस्टिक्स उपलब्ध कराने वाले के तौर पर काम किया था। पहली वारदात 12 जनवरी को सामने आई थी। छावला के रहने वाले शिकायतकर्ता को एक इंटरनेशनल नंबर से व्हाट्सएप पर रंगदारी के लिए कॉल आया था। कॉलर ने खुद को गैंगस्टर हैरी बॉक्सर बताया और जान से मारने की धमकी देते हुये उससे व उसके दोस्त से पांच करोड़ रुपये की मांग की। जब रंगदारी की मांग पूरी नहीं हुई, तो गैंग ने 19/20 मार्च 2026 की रात को पीड़ित के जिम को निशाना बनाया और तीन राउंड फायरिंग की। उसी दिन बाद में हैरी बॉक्सर के नाम से फिर से जान से मारने की धमकी मिली और फायरिंग की जिम्मेदारी ली गई। आरोपी जगदीश उन तीन आरोपियों में से एक था जो अपराध की जगह पर आए थे और वहां फायरिंग शुरू की थी। दूसरी वारदात 25/26 जून की रात को छावला में ही सामने आई थी। गैंग ने अपनी गतिविधियां बढ़ाते हुये एक अन्य पीड़ित के घर पर कई राउंड फायरिंग की थी। साथ ही अगली बार सीने में गोली मारने की धमकी देते हुए पैसे की मांग दोहराई गई थी। आरोपी जगदीश ने गैंग की ओर से अपराध के लिए हथियार और बाइक उपलब्ध कराई थी।

## ठगी के लिये बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले बैंक कर्मी समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने ठगों को कमीशन आधारित बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में एक बैंक अधिकारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार गिरोह ने विभिन्न फर्जी कंपनियों व व्यक्तियों के नाम पर कथित रूप से खाते खोले और उन्हें कमीशन पर साइबर जालसाजों को दिया।

उनके मुताबिक दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहे एक छात्र ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया कि शेयर बाजार में पैसा निवेश करने पर मोटा मुनाफा देने के नाम पर उसके साथ 1.66 लाख रुपये की ठगी की गई। इसके बाद एक टीम ने पता लगाया कि पीड़ित से ठगे गए पैसे का एक हिस्सा कपड़ा कंपनी के नाम पर खुले खाते में गया है। टीम 100 से ज्यादा मोबाइल नंबरों और अन्य तकनीकी जांच के बाद बुद्ध विहार और रोहिणी तक पहुंची। इसके बाद 22 वर्षीय चिराग और 48 वर्षीय अमर को गिरफ्तार किया गया। जबकि गिरोह के सरगना नितेश कुमार को मोती नगर से गिरफ्तार किया गया। कुमार एक निजी बैंक में ग्राहक सेवा अधिकारी है और उसने जाली दस्तावेजों का उपयोग कर खाते खोलने के लिए बैंकिंग प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया था। बाद में उन खातों को कमीशन के आधार पर साइबर जालसाजों को दिया गया। आरोपियों ने किराये पर जगह लेकर कार्यालय बनाए। फर्जी व्यावसायिक दस्तावेज तैयार किए और मजदूरों और आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को पैसे का लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खोलने की अनुमति ली। पकड़े गये लोगों के पास से सात मोबाइल फोन, 14 सिम कार्ड, दो पासबुक, छह चेक बुक, सात डेबिट कार्ड, एक कार्ड स्वाइप मशीन और अन्य दस्तावेज जब्त किए गये हैं।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वन विभाग हिसार | हिसार, हांसी और आदमपुर रेंज के विभिन्न वन्य खण्डों में नये पौधारोपण कार्य और राज्य, कैम्पा, एनएच-9 स्कीम के तहत 49 कार्य और पौधारोपण का रखरखाव। | 14.07.2026 22.07.2026 | 2394.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992222537 dfohisar.t@gmail.com |
| 2 | सिविल सर्जन कैथल | ई-रिक्शा को किराये पर लेना। | 16.07.2026 27.07.2026 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 drugstorektl@gmail.com |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | अनुबंध आधार पर दो वर्ष के लिए पूर्ण प्रणाली की सात वर्षीय वारंटी सहित सोलर हाई मास्ट लाइटिंग सिस्टम्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 17.07.2026 18.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/60/47258/I/88/7 दि. 16.07.26

नई दिल्ली, शुक्रवार 17 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 89
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38.0°C
न्यून. 25.0°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 जापान ओपन : हान यू को हराकर सिंधु क्वार्टर फाइनल में

सत्यमेव जयते
Government of India

INDIAN RAILWAYS



# विकसित भारत
## के लिए आधुनिक रेल, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर

## ₹5,500 करोड़
की लागत की रेल एवं सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

### देश भर के 75 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों

* सिटी सेंटर के तौर पर विकसित हो रहे हैं स्टेशन
* क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार और व्यापार को बढ़ावा
* यात्री अनुकूल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित
* स्थानीय संस्कृति और वास्तुकला से प्रेरित बिल्डिंग डिज़ाइन
* बेहतर पार्किंग और प्रतीक्षालय से युक्त
* जल संरक्षण, सौर ऊर्जा और हरित क्षेत्र का प्रबंध

जालंधर कैंट



मुक्तसर



### दौलतपुर चौक – करतोली पंजाब रेल लाइन

* बेहतर यात्री और माल परिवहन कनेक्टिविटी
* पर्यटन, व्यापार और स्थानीय आर्थिक विकास को प्रोत्साहन

### 4 लेन एक्सेस-नियंत्रित दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे (पैकेज 6, NE-5)
(लंबाई - 30.91 किमी)

* दिल्ली से कटरा (जम्मू-कश्मीर) तक 667 किमी के मेगा कॉरिडोर का हिस्सा
* श्री माता वैष्णो देवी कटरा और स्वर्ण मंदिर (अमृतसर) तक हाई-स्पीड कनेक्टिविटी
* हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में सामाजिक-आर्थिक विकास को प्रोत्साहन
* एक्सेस-नियंत्रित डिज़ाइन से रिबन डेवलपमेंट और मिश्रित-यातायात की समस्याएं समाप्त होती हैं।

**का उद्घाटन**



* अमृतसर (छेहरटा) – वाराणसी एक्सप्रेस
* करतोली पंजाब – अम्बाला एक्सप्रेस

**का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ**



### 6 लेन वाला ग्रीनफील्ड दक्षिणी लुधियाना बाईपास (लंबाई - 25.24 किमी)

* NH-44 को दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे और प्रस्तावित लुधियाना-भटिंडा राजमार्ग से जोड़ता है - एक महत्वपूर्ण त्रि-मार्गीय जंक्शन
* लुधियाना से भटिंडा और दक्षिण-पश्चिमी पंजाब तक का सबसे छोटा और सबसे द्रुतगामी मार्ग
* भारी वाणिज्यिक वाहनों सहित सभी वाहनों को लुधियाना के भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्र से पूरी तरह से बचने की सुविधा
* पूरे लुधियाना में औद्योगिक उत्पाद, कृषि उपज और माल ढुलाई को सुगम बनाता है।

**का शिलान्यास**

प्रधानमंत्री
## नरेन्द्र मोदी
के द्वारा

17 जुलाई 2026 | अपराह्न 3:30 बजे | जालंधर छावनी रेलवे स्टेशन

**गरिमामयी उपस्थिति:**

| गुलाब चंद कटारिया | भगवंत मान | अश्विनी वैष्णव | रवनीत सिंह | चरणजीत सिंह चन्नी |
|---|---|---|---|---|
| राज्यपाल, पंजाब | मुख्यमंत्री, पंजाब | केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री | रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री | संसद, सदस्य |

## भारतीय रेल

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinIndia

**खबर संक्षेप**

## देसी कट्टा के साथ आरोपी धराया, भेजा जेल



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राईम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने अवैध हथियार पर कार्रवाई करते हुए 15 जुलाई को एक व्यक्ति को अवैध देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान संजय निवासी आदर्श कालोनी एनआईटी-4 फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार क्राईम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि संजय के पास अवैध हथियार है और एनआईटी-4 एरिया में मौजूद है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने गौरव को मौका से काबू किया है। जिस पर आरोपी के विरुद्ध थाना एसजीएम नगर में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी देसी कट्टा करीब 1 महीने पहले मथुरा उत्तर प्रदेश से 4200 रुपये में लाया था। पूर्व में भी एक चोरी का चोरी का मामला दर्ज है।

## वाहन चोर गिरफ्तार एक स्कूटी बरामद



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद शादाब निवासी एसजीएम नगर फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि जीतराम वासी ओल्ड फरीदाबाद ने थाना ओल्ड में शिकायत दी थी कि उसने 28 दिसंबर 2025 को अपनी स्कूटी फरीद पार्क ओल्ड फरीदाबाद के बाहर खड़ी की थी, शिकायत के आधार पर थाना ओल्ड में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने 15 जुलाई 2026 को हुड्डा पार्क सेक्टर-48 के पास से आरोपी मोहम्मद शादाब को चोरी की स्कूटी सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मोटरसाइकिल अपना शौक पूरा करने के लिए चुराई थी।

# काावड़ यात्रा महोत्सव की तैयारी में जुटा नगर निगम, 20 जुलाई से 24 घंटे होगा काम

## कावड़ रूट पर प्रकाश व्यवस्था हेतु लगाई जाएगी 2648 लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम कावड़ महोत्सव की तैयारी में जुट गया है नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक इसको लेकर गुरुवार को ऐतिहासिक पीठ दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी से मिले और लंबी चर्चा की इसके बाद नगर आए इतनी कहा कि 20 जुलाई से नगर निगम के सभी विभाग महोत्सव की तैयारी के लिए 24 घंटे कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति कावड़ महोत्सव को सफल बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम अहम भूमिका निभाने को तैयार है जिसमें कावड़ रूट पर कार्य करने के लिए सभी विभागों ने अलग से टीम बनाई है तैयारी के बारे में गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों द्वारा महंत दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर से बातचीत करते हुए योजना बनाई गई, मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, तथा प्रकाश विभाग की टीम उपस्थित रही। नगर आयुक्त ने बताया गाजियाबाद में दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में पौधारोपण भी किया गया, आम के पौधे लगाए गए, निर्धारित कावड़ रूट पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 1030



सफाई मित्र अलग से लगाए जाएंगे जिनके द्वारा सड़कों की सफाई व्यवस्था को देखा जाएगा इसके अलावा शौचालय में सफाई के लिए 200 लोगों की टीम लगाई जाएगी पुरुष और महिलाओं के लिए आवश्यक शौचालय मोबाइल टॉयलेट लगे जाएंगे, कावड़ रूट पर लगने वाले कैंप के बाहर डस्टबिन की व्यवस्था भी विभाग द्वारा कराई जा रही है। प्रकाश विभाग द्वारा दुहाई से लेकर दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर तक तथा मेरठ रोड से लेकर ज्ञानी बॉर्डर तक और मोहन नगर से लेकर एनएच-9 तक लगभग 2700 लिए लगाई जाएगी कावड़ रूट को प्रकाश मय बनाया जाएगा1 निर्माण विभाग द्वारा 20 जुलाई से बैरिकेडिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा निर्धारित रूट पर आवश्यकता को देखते हुए बैरिकेटिंग की जाएगी, सड़क मरम्मत का कार्य लगातार जारी है। जलकल विभाग द्वारा दूधेश्वर नाथ मंदिर में पेयजल की व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है, गंगाजल के 12 टैंकर मंदिर के बाहर खड़े रहेंगे इसके अलावा कावड़ रूट पर भी लगभग 25 से 30 टैंकरों की व्यवस्था की गई है। 20 जुलाई के बाद गाजियाबाद नगर निगम की टीम रोस्टर के क्रम में 24 घंटे कावड़ यात्रा महोत्सव की व्यवस्था में लगे रहेंगे। महंत नारायण गिरी, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और निगम अधिकारियों द्वारा प्राचीन मंदिर दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के अंदर की व्यवस्थाओं के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया।

## समग्र मानवता का कल्याण ही श्रीसंप्रदाय का मूलभावरू स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मार्ग स्थित श्रीरामानुज संप्रदाय की इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा तीर्थपीठ श्रीलक्ष्मीनारायण दिव्यधाम श्री सिद्धदाता आश्रम में गुरुवार को दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसमें



दिल्ली.एनसीआर के अलावा हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर.प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड और कुछ विदेश से आए करीब 210 श्रद्धालुओं ने दीक्षा प्राप्त कर ईश्वर के प्रति शरणागति का मार्ग स्वीकार किया। श्रीरामानुज संप्रदाय की इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा तीर्थपीठ के पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीपुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने दीक्षांत समरोह में आए भक्तों को एक-एक कर दीक्षित किया और सभी दीक्षित भक्तों को अपनत्व के भाव से स्वीकार किया।

### फेफड़ों के गंभीर एवं अंतिम चरण के रोगों से पीड़ित मरीजों को व्यापक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी

# फोर्टिस एस्कॉर्ट्स ने एडवांस रेस्पीरेटरी एवं ट्रांसप्लांट केयर के लिए फरीदाबाद में लंग्स फेलियर क्लीनिक का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल फरीदाबाद ने आज शहर में पहले लंग फेलियर क्लीनिक का उद्घाटन किया जहां एडवांस और एंड.स्टेज लग्स डिजीज (फेफड़ों के गंभीर एवं अंतिम चरण के रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए व्यापक देखभाल सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं।

इलाके में अपनी तरह के ऐसे गिने-चुने स्पेश्यलाइज्ड़ क्लीनिकों में से एक, लंग्स फेलियर क्लीनिक में लंग ट्रांसप्लांटेशन सेवाओं समेत एडवांस लंग फेलियर के प्रबंधन हेतु व्यापक सेवाएं उपलब्ध करायी गई हैं। यह क्लीनिक हर मंगलवार को फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल फरीदाबाद में दोपहर 2 बजे से अपराह्न 4 बजे तक खुला रहेगा और इसके




संचालन की कमान डॉ गोविनी बालासुब्रमणि, डायरेक्टर लंग्स ट्रांसप्लांट एंड एडवांस लंग फेलियर, ग्लेनईगल्स हॉस्पीटल चेन्नई फोर्टिस नेटवर्क के अंतर्गत कार्यरत अस्पताल के साथ-साथ डॉ रवि शेखर झा डायरेक्टर पल्मोनोलॉजी एंड स्लीप मेडिसिन फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल फरीदाबाद संभालेंगे। एडवांस लंग फेलियर से जूझ रहे मरीजों को उनके रोग संबंधी परामर्श भी उपलब्ध होगा इस क्लीनिक में एडवांस लंग फेलियर से जूझ रहे मरीजों को उनके रोग के विस्तृत मूल्यांकन, मेडिकल थेरेपी ऑप्टीमाइटेशन तथा लंग ट्रांसप्लांटेशन के लिए उपयुक्तता संबंधी परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। उपयुक्त पाए जाने वाले मरीजों के लिए प्री.ट्रांसप्लांट काउंसलिंग, विस्तृत क्लीनिकल जांच और पोस्ट-ट्रांसप्लांट फौलोअप की सेवाएं ट्रांसप्लांट विशेषज्ञों के सहयोग से सुनिश्चित की जाएंगी। इसके अलावा मरीजों के लिए एडवांस पल्मोनोरी फंक्शन टेस्टिंग ब्रॉन्कोस्कोपी तथा इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी प्रक्रियाओं, पल्मोनेरी रीहेबिलिटेशन प्रोग्रामों, पोषण संबंधी परामर्श, नींद के मूल्यांकन, नॉन-इन्वेसिव वेंटिलेशन सपोर्ट और व्यक्तिगत मरीज शिक्षा की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इस क्लीनिक में रेस्पीरेटरी फिजिशियन, ट्रांसप्लांट स्पेश्यलिस्ट, रीहेबिलिटेशन एक्सपर्ट और अन्य संबंधित हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स की मदद से मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार जीवन गुणवत्ता में बेहतरी और एडवांस रेस्पीरेटरी रोगों से ग्रस्त मरीजों के लिए निरंतर देखभाल भी सुनिश्चित की जाएगी। डॉ अभिषेक शर्मा फेसिलिटी डायरेक्टर फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल फरीदाबाद ने कहा कि फरीदाबाद के पहले समर्पित लंग फेलियर क्लीनिक के लॉन्च के साथ फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल ने फरीदाबाद समेत आसपास के अन्य इलाकों के मरीजों के लिए एडवांस रेस्पीरेटरी केयर तक पहुंच को मजबूत बनाया है। इस पहल ने ऐसे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता दोहरायी है, जहां जटिल और गंभीर किस्म के रोगों के लिए स्पेश्यलाइज्ड़ए मल्टीडिसीप्लीनरी केयर उपलब्ध कराने के साथ-साथ यह सुनिश्चित किया जाता है कि मरीजों को अपने घरों के नजदीक ही उपचार की उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हों।

### अनियमितता या हितों के टकराव को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं

# टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता पर ननि का ड्राफ्ट्समैन टर्मिनेट

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम ने टेंडर प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के माध्यम से नियुक्त ड्राफ्ट्समैन सोमबीर की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं। विभागीय जांच में हितों के टकराव कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट और कर्तव्य में लापरवाही की पुष्टि होने के बाद यह निर्णय लिया गया। नगर निगम के अनुसार, टेंडर दस्तावेजों की स्क्रूटनी और प्रोसेसिंग में अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए थे। मुख्य अभियंता की ओर से की गई जांच में संबंधित टेंडर दस्तावेजों और सभी पक्षों के जवाबों का परीक्षण किया गया। साथ ही संबंधित कर्मचारी को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर भी प्रदान किया गया।

जांच रिपोर्ट में सामने आया कि टेंडर दस्तावेजों की जांच के दौरान गंभीर प्रक्रियागत अनियमितताएं हुईं। कर्मचारी ने हितों के टकराव की स्थिति होने के बावजूद खुद को टेंडर प्रक्रिया से अलग नहीं किया और इस संबंध में आवश्यक जानकारी भी विभाग के साथ साझा नहीं की। जांच में यह भी माना गया कि इस लापरवाही से टेंडर प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता प्रभावित हुई। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उसके लिखित जवाब का परीक्षण करने के साथ-साथ व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर भी दिया गया। हालांकि, सुनवाई के दौरान प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया और आरोपों का उचित खंडन नहीं किया जा सका। इसके बाद नगर निगम ने उपलब्ध साक्ष्यों और विभागीय जांच के आधार पर ड्राफ्ट्समैन सोमबीर की सेवाएं समाप्त करने के आदेश जारी कर दिए। आदेश की प्रति आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों और हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भेज दी गई है। ननि आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि निगम में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि टेंडर प्रक्रिया सहित किसी भी प्रशासनिक कार्य में अनियमितता या हितों के टकराव को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण, डीसीपी बल्लभगढ़ ने सड़क सुरक्षा बारे दिए दिशा-निर्देश

### डीसीपी ने आईएमटी चौक बाईपास का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर प्रभावी सुरक्षा व दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ प्रतीक अग्रवाल ने बुधवार को थाना शहर बल्लभगढ़ और थाना सेक्टर-8 क्षेत्र का दौरा कर दुर्घटना संभावित स्थल चिन्हित किये और संबंधित थाना प्रभारी को इन स्थानों पर निगरानी बढ़ाने और सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने बारे निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने थाना शहर बल्लभगढ़ क्षेत्र के सलूजा पेट्रोल पंप अनाज मंडी के सामने, सोहना पुल रेड लाइट तथा आईएमटी चौक बाईपास का जायजा लिया। वर्ष 2026 में अब तक इन तीनों स्थानों पर करीब 10 से 12 घातक सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, अधिकांश हादसे दोपहिया वाहनों की तेज रफ्तार और सड़क पर लगी सुरक्षा ग्रिल पार कर सड़क क्रॉस करने वाले पैदल यात्रियों की वजह से हुए हैं। उन्होंने थाना सेक्टर-8 क्षेत्र के सूरदास मेट्रो स्टेशन और बाटा चौक का भी निरीक्षण किया गया। दुर्घटना संभावित क्षेत्र मानते हुए यहां अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू करने की आवश्यकता जताई गई। डीसीपी प्रतीक अग्रवाल ने संबंधित थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर नियमित पुलिस निगरानी बढ़ाई जाए। नगर निगम फरीदाबाद और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सुरक्षा बैरिकेडिंग, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुरक्षा उपाय सुनिश्चित कराने के लिए पत्राचार किया जाएगा।

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

# पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर से चली गोली दोस्त को लगी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-65 थाना क्षेत्र में पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर से संदिग्ध परिस्थितियों में गोली चलने से युवक के दोस्त की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरु कर दी। हादसे के बाद युवक फरार है, वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

जानकारी अनुसार, दिल्ली के बदरपुर का रहने वाला 28 वर्षीय आकाश गांव मैदावास में अपनी बहन और जीजा के साथ रहता था और वाहन चलाने का काम करता था। पुलिस के अनुसार, आकाश और लक्की लंबे समय से दोस्त थे। बुधवार दोपहर लक्की ने आकाश को मिलने के लिए बुलाया था। आकाश अपनी स्विफ्ट कार से उससे मिलने गया था। कुछ देर बाद परिजनों को उसकी मौत की सूचना मिली। आकाश के परिजनों ने आरोप लगाया है कि आकाश को बुलाकर उसकी हत्या की गई है। उनका कहना है कि आकाश की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और आखिर दोनों के बीच क्या हुआ, इसका खुलासा आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही हो सकेगा। प्रारंभिक पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों कहीं घूमने जाने की योजना बना रहे थे। लक्की अपने पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर देख रहा था, तभी उससे कथित तौर पर अचानक गोली चल गई, जो सीधे आकाश के सिर में लगी। इसके बाद लक्की उसे सेक्टर-57 स्थित अस्पताल लेकर पहुंचा।

### आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया

# जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर चलती कार में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर एक चलती हुंडई आई-10 कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार आग के गोले में तब्दील हो गई। यह हादसा खेड़कीदौला टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग पर हुआ। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। वहीं पुलिस की मदद से करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद कार पर काबू पाया गया।

जानकारी अनुसार, दोपहर जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर एक चलती हुंडई आई-10 कार में अचानक आग लग गई। ऐसे में पीछे से आ रही ट्रैफिक पुलिस की राइडर टीम ने जलती कार को देखकर तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। वहीं एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हो गया। पुलिसकर्मियों ने चालक की मदद की और आसपास रुक रहे वाहनों को सुरक्षित स्थान पर हटवाया। साथ ही



दमकल विभाग को घटना की सूचना दी गई। वहीं ट्रैफिक पुलिस ने मौके से गुजर रहे एक पानी के टैंकर को रुकवाया और उसकी मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। पुलिस ने मौके पर यातायात को भी सुचारु कराया और जाम खुलवाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### गुस्साए डिलीवरी बॉय ने किया हंगामा

# डंपर की चपेट में आकर डिलीवरी बॉय की मौत, तीन घंटे हुआ हंगामा, हाइवे पर लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

यहां खेड़कीदौला टोल प्लाजा के पास वीरवार को एक डंपर की चपेट में आकर डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही काफी संख्या में मौके पर ही डिलीवरी बॉय एकत्रित हो गए और हाइवे जाम कर दिया।

करीब तीन घंटे तक हंगामा होता रहा। चार किलोमीटर लंबा जाम वहां लग गया। जानकारी अनुसार, यूपी के अयोध्या निवासी 26 वर्षीय अनिल पिछले दो साल से गुरुग्राम में किराये पर रहकर डिलीवरी बॉय का काम कर रहा था। वह वीरवार की सुबह आठ बजे जेप्टो कंपनी का बैग लेकर ऑर्डर






के लिए जा रहा था। खेडक़ीदौला टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार डंपर ने उसे कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के विरोध में डिलीवरी बॉय सड़क पर उतर आए।

करीब तीन घंटे तक चले हंगामे के कारण हाईवे पर चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इस दौरान गुरुग्राम में होम डिलीवरी सेवा पूरी तरह ठप हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक गाड़ी से उतरा, लेकिन घायल अनिल को निकालने की बजाय मौके से फरार हो गया। अनिल ने दम तोड़ दिया। आरोप था कि एंबुलेंस और पुलिस के पहुंचने में देरी हुई। इससे गुस्साए राइडर्स ने एनएच-48 पर जाम लगा दिया और शव को उठाने से मना कर दिया।

**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राजकीय विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**वॉक-इन-इंटरव्यू सूचना** (विज्ञा. सं. पीआर-06 ऑफ 2026)

शैक्षणिक सत्र 2026-27 अथवा नियमित नियुक्तियों तक, जो भी पहले हो, के लिए सांख्यिकी एवं डेटा साइंस विभाग में अनुबंध पर 2026-27 के विश्वविद्यालय नॉर्म्स के अनुरूप समेकित पारिश्रमिक रु. 57700/- पर असिस्टेंट प्रोफेसर्स के तौर पर नियुक्ति के लिए यूजीसी/राज्य सरकार/महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा निर्धारित अनुसार असिस्टेंट प्रोफेसर की योग्यता रखने वाले पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

अनारक्षित-2, ओएससी-1, डीएससी-1, बीसीए-01

पात्र उम्मीदवार एक संक्षिप्त बायो-डेटा और सभी सम्बद्ध प्रत्यायकों की स्व-सत्यापित प्रतियों सहित निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन (हार्ड कॉपी) असिस्टेंट रजिस्ट्रार (स्थापना-अध्यापन), म.द. विश्वविद्यालय, रोहतक के पास 27.07.2026 को अप. 5:00 बजे तक जमा करवा सकते हैं।

आवेदनों की संवीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा गठित स्थायी संवीक्षा समिति द्वारा की जाएगी। केवल पात्र पाये गये उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए चयन समिति के समक्ष उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि : 30.07.2026
उपस्थिति समय : पूर्वा. 09:00 बजे
स्थान : रजिस्ट्रार कमेटी रूम, एमडीयू, रोहतक

उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय प्रमाणीकरण हेतु सभी मूल प्रमाण-पत्र/प्रत्यायक और अन्य सम्बद्ध दस्तावेज अवश्य प्रस्तुत करने होंगे।

नियुक्ति उपरोक्त अवधि के लिए पूर्णतया अनुबंध आधार पर होगी और अनुबंधात्मक अवधि के पश्चात नियमित नियुक्ति अथवा निरंतरता के लिए कोई दावा अथवा अधिकार प्रदान नहीं करेगी। वॉक-इन-इंटरव्यू में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए देय नहीं होगा।

संवाद-1235/11/177/2027/47245/सी/88/7 दि. 16.07.26 रजिस्ट्रार

### डेढ़ सौ करोड़ की सम्पत्ति नाम कराने को लेकर पिता-पुत्र के बीच था विवाद

# नशे में धुत्त युवक ने पिता को ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर मार डाला, आरोपी फरार

**आरोपी पूर्व में अपने छोटे भाई पर भी कर चुका है जानलेवा हमला**

**विवाद में गुस्साए आरोपी ने पिता पर गोलियां चला दी, डॉक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर गिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद में नशे में धुत्त एक युवक ने प्रोपर्टी नाम न करने पर अपने ही पिता को गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। डीसीपी एस एन तिवारी ने बताया कि आरोपी युवक को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कुछ साल पहले

अपने भाई को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। यह सनसनीखेज वारदात मोदीनगर से सटे गांव बुदाना में बुधवार देर रात घटी। मृतक बाप का नाम हरिओम नेहरा था। उसकी उम्र 52 साल थी। जबकि आरोपी उसका बेटा निखिल नेहरा है। परिजनों ने बताया कि बुधवार देर रात



आरोपी पुत्र



मृतक

निखिल शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा था। उसने पिता हरिओम पर अपनी जमीन नाम करने का दबाव बनाया। इसी बात को लेकर पिता और पुत्र के बीच तीखा विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्साए निखिल ने अपनी पिस्टल निकाली और ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। जिसके बाद हरिओम गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एसएन तिवारी ने बताया कि हत्या मुख्य रूप से करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपये की पैतृक जमीन के मालिकाना हक को लेकर हुई है। निखिल लंबे समय से पिता हरिओम पर अपनी जमीन अपने नाम कराने का दबाव बना रहा था। पिता हरिओम इसके लिए तैयार नहीं थे, जिससे दोनों के बीच विवाद बढ़ता गया। बुधवार रात शराब के नशे में यह विवाद और गहरा गया। हत्यारोपी निखिल नेहरा का पहले से ही आपराधिक इतिहास रहा है। वह वर्ष 2018 में अपने छोटे भाई निशु पर भी हमला कर चुका है। उस हमले में गंभीर रूप से घायल हुआ था। पुलिस अब निखिल के पुराने रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है। तीन पुलिस टीमें उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए प्रयासरत हैं।

### डॉक्टरों ने मरीजों को नियमित चिकित्सा परीक्षण कराने की सलाह दी

# डायबिटीज में पैरों के छोटे घाव भी बन सकते हैं गंभीर खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विश्व प्लास्टिक सर्जरी डे पर आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कहा कि डायबिटीज के मरीजों में पैर का छोटा घाव, छाला या कट भी लग जाए तो समय पर इलाज न मिलने पर गंभीर संक्रमण का रूप ले सकता है और कई मामलों में अंग काटने तक की नौबत आ सकती है। इस अवसर पर मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में डायबिटिक फुट लैब की शुरुआत भी की गई।

प्लास्टिक सर्जरी विभाग के हेड डॉ.अमिताभ सिंह ने कहा कि अनियंत्रित डायबिटीज नसों और रक्त संचार को प्रभावित करती है, जिससे पैरों के घाव का दर्द महसूस नहीं होता और मरीज देर से अस्पताल पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच और उपचार से अधिकांश




मामलों को रोका जा सकता है। फैसिलिटी डायरेक्टर हरप्रीत सिंह ने कहा कि डायबिटीज के उपचार में केवल ब्लड शुगर नियंत्रण ही नहीं, बल्कि पैरों से जुड़ी जटिलताओं की रोकथाम भी जरूरी है। कार्यक्रम में बताया गया कि नई डायबिटिक फुट लैब के जरिए नसों, रक्त प्रवाह और प्रेशर पॉइंट्स की समय रहते जांच कर अल्सर और एम्प्यूटेशन के जोखिम को कम करने का प्रयास किया जाएगा। डॉक्टरों ने मरीजों को प्रतिदिन पैरों की जांच, उचित जूते पहनने और नियमित चिकित्सकीय परीक्षण कराने की सलाह दी।

नई दिल्ली, शुक्रवार 17 जुलाई 2026 ■ आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-03 ■ वर्ष : 30, अंक : 89 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 38, न्यून. 25 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

# पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा



तू न संभाले तो हमें कौन संभाले

जगन्नाथ





घायलों को ले जाती एंबुलेंस

▸▸ भारी भीड़ के बीच दो श्रद्धालुओं की मौत

▸▸ कई अन्य श्रद्धालु बेहोश और घायल हुए

# आस्था का अटूट सैलाब

एजेंसी ▸▸ पुरी

तू न संभाले तो हमें कौन संभाले जगन्नाथ... महाप्रभु के रथ के विशाल पहियों के सामने खड़े होकर आंखों में आंसू लिए जब एक बुजुर्ग श्रद्धालु ने यह गुहार लगाई, तो वहां मौजूद हर शख्स का दिल भर आया। यह केवल एक पंक्ति नहीं, बल्कि उस परम सत्ता के प्रति उस अटूट समर्पण की गूंज है, जो हर संकट से उबारने का हौसला देती है। पुरी की प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान इस बार श्रद्धा, उत्साह और एक अप्रत्याशित हादसे का मिला-जुला रूप देखने को मिला। ग्रैंड रोड (बड़ा डंडा) पर उमड़े लाखों श्रद्धालुओं के हुजूम के बीच दो परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब भीड़ के दबाव में दो श्रद्धालुओं को अपनी जान गंवानी ▸▸ शेष पेज 6 पर

## पुरी में सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम

डीजीपी वाई बी खुरानिया के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था को संभालने के लिए 19 आईपीएस अधिकारी और लगभग 13,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सीआरपीएफ, बीएसएफ और आरएएफ जैसी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 15 कंपनियों को संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है। ड्रोन-जैमर सिस्टम से जुड़े कुल 473 एआई-आधारित कैमरे पूरे बड़ा डंडा क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़

## खबर संक्षेप

### भारत में पहली बार शुरू होगी इंजी. बायोलॉजी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार देश में पहली बार इंजीनियरिंग बायोलॉजी कोर्स शुरू करने जा रही है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नीति



आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में घोषणा की। इस विशेष कोर्स का मुख्य उद्देश्य भविष्य की तकनीकी और औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल मानव संसाधन (एक्सपर्ट्स) तैयार करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज चिकित्सा क्षेत्र तेजी से बदल रहा है।

### 34 करोड़ सब्सक्राइबर्स को मिला 8.25% का रिटर्न

**नई दिल्ली।** ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए करोड़ों कर्मचारियों के खातों में ब्याज क्रेडिट कर दिया है। लगभग 34




करोड़ सदस्यों के खातों में 15 जुलाई तक 8.25% की दर से ब्याज जमा कर दिया गया है। नई तकनीक 'सीआईटीईएस 2.01 प्रोजेक्ट' के लॉन्च होने से इस बार ट्रांसफर करने की प्रक्रिया काफी तेज रही। प्राइवेट कर्मचारियों के लिए पीएफ एक बेहद जरूरी बचत माध्यम है।

### बिम्सटेक देशों के एनएसए की 5वीं बैठक को संबोधित करते हुए बोले भारत के एनएसए

# संघर्षों के दौर में बातचीत के जरिए खोजा जाना चाहिए साझा समस्याओं का समाधान: डोभाल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया के कई भागों में जारी संघर्षों और भू-राजनीतिक जटिलताओं के बीच गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल) देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की पांचवीं महत्वपूर्ण बैठक हुई है। जिसकी अध्यक्षता करते हुए भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने अपने संबोधन में दुनिया के सामने विकराल रूप में खड़ी मुख्य समस्याओं जैसे संघर्षों और अन्य चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी वजह से हमारे सामने सुरक्षा और आर्थिक खतरे काफी बढ़ गए हैं। एक ओर तीव्र गति से होते रहे तकनीकी विकास ने सुरक्षा के खतरे को बढ़ा दिया है। तो दूसरी ओर वैश्विक सप्लाई चेन में आ रही परेशानियों के चलते आर्थिक समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए समूह के सभी देशों के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग को बढ़ाने, निर्णायक कदम उठाने और संवाद के जरिए आपसी समस्याओं का निदान खोजा जाना बेहद जरूरी है।

उधर, जानकारों का कहना है कि एनएसए डोभाल ने अपने इस बयान के जरिए बंगाल की खाड़ी से लेकर हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) तक के इलाके में बढ़ती चीन की आक्रामकता के खिलाफ अप्रत्यक्ष रूप से उसे साफ शब्दों में संदेश दे दिया है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि बैठक में बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल, भूटान ▸▸ शेष पेज 6 पर




### बिम्सटेक देशों में रहती 22% आबादी

बिम्सटेक की स्थापना वर्ष 1997 में हुई थी। आज इसमें कुल 7 देश शामिल हैं। जिनमें भारत, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं। एनएसए डोभाल ने यह भी कहा कि समूह के सात सदस्यीय देशों में कुल 1.7 अरब से अधिक लोग रहते हैं। यह दुनिया की लगभग 22% आबादी होती है और इन देशों का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। ऐसे में हमारा समूह विश्व के बेहद अहम और सक्रिय क्षेत्रों में से एक है।

### भारत के लिए बिम्सटेक के मायने

डोभाल ने कहा, हमारे देश में बिम्सटेक पड़ोस सबसे पहले, पूर्व की ओर देखो नीति और महासागर विजन का अहम हिस्सा है। जिसके केंद्र में बंगाल की खाड़ी के समूचे इलाके में सुरक्षा और विकास के लिए कदम उठाया जाना शामिल है। खाड़ी क्षेत्र हमें भौगोलिक रूप से नहीं बल्कि हजारों सालों से निरंतर चली आ रही सभ्यतागत और सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ती है। यही वह मजबूत आधार है, जिसके तहत समूह देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक आगे बढ़ाया है।

**नए खतरों से मिलकर करेंगे मुकाबला:** उन्होंने कहा कि आतंकवाद से मुकाबला, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध, साइबर और समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से पार पाने में बिम्सटेक के बीच लगातार सहयोग मजबूत हुआ है। साथ ही हम सभी देश नए और उभरते हुए खतरों का एकजुटता से मुकाबला करने के लिए व्यावहारिक तथा परिणाम आधारित उपायों के पक्ष में हैं। बैठक में हमने इन पर चर्चा भी की है। भारत के एनएसए ने कहा कि हमारे अहम लक्ष्यों में क्षेत्रीय सुरक्षा, कनेक्टिविटी, क्षमता विकास और आर्थिक सुरक्षा जैसे मामले शामिल हैं। यही हमारे भावी सामूहिक प्रयासों का आधार बने रहेंगे।

### बैठक में उठे यह मुद्दे

मंत्रालय ने बताया कि बैठक में बिम्सटेक के महासचिव ने सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को लेकर बनी हुई मौजूदा स्थिति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और तमाम क्षेत्रों में हुई प्रगति से भी सदस्य देशों को रूबरू कराया। मानवीय सहायता-आपदा राहत (एचएडीआर) के समुद्री घटक को ध्यान में रखते हुए दिशा-निर्देशों को अपनाया गया। जो सदस्य देशों को इलाके में राहत अभियानों के अत्यधिक शीघ्रता तथा प्रभावी ढंग से संचालन में मदद करेंगे।

### समूह ने दोहराए अपने संकल्प

2027 में बिम्सटेक की 30वीं वर्षगांठ के मद्देनजर एनएसए और प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने, लचीलापन बढ़ाने, संस्थागत क्षमताओं को सशक्त बनाने और तमाम सुरक्षा चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए सहयोग, ज्ञान को साझा करने की प्रक्रिया को लेकर अपने संकल्प को दोहराया है। इसके अलावा समुद्र में संपर्क के दौरान समुद्री कानून प्रवर्तन एजेंसियों के व्यवहार के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों ▸▸ शेष पेज 6 पर

### पंजाब चुनाव का टोन आज सेट करेंगे पीएम मोदी

# 26 हजार 700 करोड़ की परियोजनाओं का पिटारा लेकर पहुंचेंगे हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब

शिशिर सोनी ▸▸ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे तीनों राज्यों में 26,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। राजनीतिक दृष्टि से प्रधानमंत्री का पंजाब दौरा विशेष महत्व रखता है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी इसे वर्ष 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी माहौल बनाने की शुरुआत के रूप में देख रही है। जाहिर है पंजाब की सियासत को परियोजनों के रस्ते पीएम मोदी ऱफाइन ट्यूनऱ करने की कोशिश करेंगे। भाजपा के लिए सूबाई सियासत को वाया वोटर उर्वर करने की जुगत करेंगे। प्रधानमंत्री सबसे पहले हरियाणा के जींद पहुंचेंगे, जहां वे जींद-सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा जींद के एकलव्य स्टेडियम में करीब 14,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री चंडीगढ़ जाएंगे, जहां वे 6,600 करोड़ रुपये से अधिक की स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क अवसंरचना से जुड़ी परियोजनाओं ▸▸ शेष पेज 6 पर

### 2027 की पंजाब विधानसभा चुनाव की बिछेगी बिसात

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा केवल विकास परियोजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति का अहम हिस्सा भी है। पिछले पांच महीनों में प्रधानमंत्री का यह तीसरा पंजाब दौरा होगा। पार्टी इस बार पंजाब विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने की तैयारी कर रही है और विकास तथा आधारभूत ढांचे को अपने चुनावी अभियान का प्रमुख आधार बना रही है। भाजपा के अनुसार, वर्ष 2014 के बाद से केंद्र सरकार ने पंजाब में लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की आधारभूत ढांचा परियोजनाओं को गति दी है। इनमें सड़क नेटवर्क का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण, ब्रॉडगेज रेलवे नेटवर्क का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण, हवाई संपर्क में सुधार ▸▸ शेष पेज 6 पर

# संसदीय मानसून सत्र में केंद्र पर बौछार की तैयारी, कांग्रेस की उच्चस्तरीय बैठक में सोनिया गांधी भी हुईं शरीक



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

संसद के आगामी 19 दिवसीय मानसून सत्र से पहले कांग्रेस ने गुरुवार को अपनी संसदीय रणनीति समूह की बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने की। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित पार्टी के वरिष्ठ सांसद शामिल हुए। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश और सांसद डॉ. नासिर हुसैन ने कहा कि सरकार संसद में 'दागदार दो-तिहाई बहुमत' जुटाने की कोशिश कर रही है, लेकिन उसके लिए आवश्यक संख्या हासिल करना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यदि सरकार किसी तरह दो-तिहाई बहुमत जुटा भी लेती है, तो वह लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के खिलाफ होगा। जयराम ने दावा ये भी किया कि लोकसभा में दो तिहाई समर्थन से अभी भी बहुत पीछे है राजग गठबंधन।

### परिसीमन विधेयक का फिर विरोध करेगी कांग्रेस

जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस को आशंका है कि केंद्र सरकार मानसून सत्र में परिसीमन विधेयक को संशोधित रूप में दोबारा पेश कर सकती है। उन्होंने याद दिलाया कि 17 अप्रैल को लोकसभा में यह विधेयक आवश्यक बहुमत हासिल नहीं कर सका था। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पहले की तरह इस विधेयक का विरोध करेगी और विपक्षी दलों की एकजुटता बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी सहित पार्टी का शीर्ष नेतृत्व डीएमके, आम आदमी पार्टी समेत सभी विपक्षी दलों के संपर्क में है।

### गृह मंत्री पर लगाए 'माइंड गेम' खेलने के आरोप

जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री विपक्ष के बीच भ्रम फैलाने के लिए 'माइंड गेम' खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्षी दलों को तोड़कर दो-तिहाई बहुमत हासिल करने का प्रयास कर रही है, लेकिन अभी भी वह इस आंकड़े से काफी दूर है, विशेषकर लोकसभा में। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और शिवसेना ▸▸ शेष पेज 6 पर

# भाजपा, ईडी के दबाव में रहने वाले नेता 21 जुलाई से पहले जहां जाना है, चले जाएं : ममता

▸▸ पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, अगर वह 1997 में नया रास्ता बना सकती थीं, तो 2026 में भी ऐसा कर सकती हैं

▸▸ सांसद कोयल मलिक के इस्तीफे के बाद बोली ममता बनर्जी, कौन जाएगा मुझे परवाह नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि भाजपा, पुलिस और ईडी के दबाव में रहने वाले नेता 21 जुलाई से पहले अपना फैसला ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा, पुलिस और जांच एजेंसियों के दबाव में जो लोग पार्टी छोड़ना चाहते हैं, छोड़ सकते हैं। ममता ने टीएमसी की राज्यसभा सांसद कोयल मलिक के भाजपा नेता भूपेंद्र यादव से मिलने और इस्तीफे को लेकर ये बातें कही। उन्होंने एक और सांसद को देखा है, जो फिल्म पृष्ठभूमि से आती हैं। वह उनका सम्मान करती हैं। वह सांसद भाजपा नेता से मिलने और इस्तीफा देने के लिए गई हैं।

ममता बनर्जी ने कहा कि कौन उनके साथ आएगा या नहीं आएगा, उन्हें इसकी परवाह नहीं है। जो लोग साथ रहेंगे, वे एक नई राह बनाएंगे। उन्होंने कहा ▸▸ शेष पेज 6 पर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जींद से करेंगे भारत की पहली हाईड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ

# मुख्यमंत्री सैनी ने लिया प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को जींद पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को जींद से भारत की पहली हाईड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों व प्रबंधों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जींद में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री मोदी के सभी कार्यक्रम पूरी तरह से इको-फ्रेन्डली होंगे। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सहित अनेक उच्चाधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री सैनी बृहस्पतिवार को जींद स्थित चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री के जींद में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों के प्रबधों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इसके ▸▸ शेष पेज 6 पर



### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

**उनसे सवाल था** आपका दावा है कि नरोत्तम अच्छे संगठक हैं तो ढाई साल पहले हार क्यों गए?

# उनका जवाब-उनमें बहुत अहंकार आ गया था, वे अपने राजनैतिक 'विरोधियों' को व्यक्तिगत दुश्मन मान बैठे थे, अब जो सामने हैं वे उस पर भी हमला करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह का कहना है कि मेरी शराफत ही तो भाजपा पर भारी पड़ रही है। मैं शरीफ हूं लेकिन कमजोर नहीं हूं अंदर से बहुत मजबूत हूं। बहुत स्ट्रांग हूं। कोई मुझ पर अनुचित वार करेगा तो उसका मैं उचित राजनैतिक वार देना जानता हूं। मैंने कई बार इस मामले में अपनी ताकत दिखाई भी है। मैं जल्दी किसी के दबाव में नहीं आता। नरोत्तम अपनी राजनैतिक गलतियों के कारण हारे। वे लंबे समय से सत्ता में थे, मंत्री थे उनको बहुत अहंकार आ गया था। उन्होंने राजनैतिक विरोधियों को व्यक्तिगत दुश्मन मानते हुए परेशान किया। मेरे साथ भी हुआ, मैंने मुकाबला कर लिया। राजनैतिक रूप से अब वो सामने नहीं हैं। अब जो सामने हैं उस पर हमला करेंगे। अब जनता मेरे साथ है। हमारे कार्यकर्ता घूम रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता कम से कम दो बार प्रत्येक पोलिंग पर हो आए हैं। वरिष्ठ नेताओं ने कमान संभाली हुई है। पिछले 10 दिन से 50 वरिष्ठ नेता दतिया में हैं। गांव-गांव में सेक्टर बना दिए गए हैं। तीन पोलिंग का एक सेक्टर है। एक सेक्टर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री, वर्तमान विधायक और वर्तमान जिलाध्यक्ष दो बार घर हो आए हैं। चुनाव होगा तब तक 10 बार घर जा चुके होंगे। दतिया विधानसभा उप चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी वरिष्ठ नेता और दतिया राजघराने के कुंवर घनश्याम सिंह जो पहले भी दो बार दतिया क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं से डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत।

दतिया का दम

### यह भी बोले घनश्याम सिंह

- *90 प्रतिशत वोटरों ने आशुतोष तिवारी का कभी नाम ही नहीं सुना, वे बाहरी हैं*
- *अवधेश नायक आज भी पार्टी के साथ हैं और पार्टी उनके साथ है*
- *भाजपा के खिलाफ इनकंबेंसी है, हर वर्ग के लोग उनके खिलाफ*




### उनसे सीधी बातचीत

■ प्रश्नः एक बार फिर दतिया क्यों? ▸▸ शेष पेज 6 पर



मेंढकी के बच्चे ने एक दिन आसमान में हवाई जहाज को उड़ते देखा। वह अपनी मां से हवाई जहाज में बैठने की जिद्द करने लगा। मेंढकी मां ने बहुत समझाया कि हवाई जहाज सिर्फ इंसानों के बैठने के लिए होता है, लेकिन बच्चे ने हवाई जहाज में बैठने की रट लगाए रखी। आखिर मेंढकी मां ने बच्चे की जिद्द पूरी की, बहुत ही मजेदार ढंग से।

# मेंढकी के बच्चे ने की हवाई जहाज की सैर!



गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

एक मेंढकी थी। उसका एक बच्चा था। मेंढकी और उसका बच्चा एक तालाब के किनारे रहते थे। बरसात के दिन आ गए थे, इसलिए मेंढकी को बहुत काम करने पड़ते थे। बच्चा अपनी मम्मी के इर्द-गिर्द खेला करता था। बच्चा बड़ा शैतान था। सारा दिन यहां-वहां नाचता-कूदता रहता था। वह जिद्दी भी बहुत था। कोई भी बात उसके मन में बैठ जाती तो वह उस बात को मनवा कर ही छोड़ता था।

एक दिन बच्चा तालाब किनारे खेल रहा था। तभी उसने अजीब-सी आवाज सुनी। आवाज आकाश से आ रही थी। बच्चे ने ऊपर आकाश की ओर देखा, एक हवाई जहाज उड़ रहा था।

बच्चे ने अपनी मम्मी से पूछा, 'मां... मां... वह ऊपर क्या उड़ रहा है?'

मेंढकी मम्मी ने बताया, 'वह तो हवाई जहाज है।'

बच्चा बोला, 'मां, मुझे हवाई जहाज में बैठना है।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तुम पागल हो गए हो क्या? हवाई जहाज में तो इंसान बैठते हैं, हम नहीं बैठ सकते।'


बच्चे ने जिद्द पकड़ ली, 'हम क्यों नहीं बैठ सकते? मुझे तो हवाई जहाज में बैठना ही है।' यह कहते हुए वह जोर-जोर से रोने लगा। मां ने उसे बहुत समझाया, पर वह तो रोते ही जा रहा था। कुछ भी करो, शांत ही नहीं हो रहा था। मेंढकी सोचने लगी कि अब वह क्या करे?



तभी एक बकरी वहां से गुजरी। मेंढकी ने बकरी से कहा, 'बकरी बहन... बकरी बहन... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

उसकी बात सुनकर बकरी जोर से हंस पड़ी, बोली, 'तुम्हारे बच्चे में अक्ल नहीं है, वह हवाई जहाज में थोड़े ही बैठ सकता है।'

इतना कहकर बकरी वहां से चली गई।



बच्चा रोते ही जा रहा था। मेंढकी ने दूर से एक गाय को आते हुए देखा। वह कूदती हुई गाय के पास गई और बोली, 'गाय मौसी... गाय मौसी... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

गाय को पहले तो बात समझ में ही नहीं आई। बाद में जब समझ में आया कि मेंढकी क्या कह रही है, तो वह 'भां... भां...' करते हुए जोरों से हंस पड़ी।

गाय बोली, 'तू पागल, तेरा बच्चा भी पागल। तेरा बच्चा हवाई जहाज में कैसे बैठ सकता है?'

इतना कहकर गाय भी वहां से चली गई।

एक घोड़ा घास खा रहा था। मेंढकी ने घोड़े को भी यही बात बताई। यह सुनकर घोड़ा मेंढकी पर गुस्सा हो गया। वह बोला, 'दुबारा ऐसी फिजूल की बात मेरे सामने मत करना। तेरा बच्चा हवाई जहाज में नहीं बैठ सकता।'

तालाब किनारे एक पेड़ पर बंदर रहता था। मेंढकी ने बंदर से भी विनती की, 'बंदर भैया, मेरा बच्चा सुबह से रोए जा रहा है। उसे हवाई जहाज में बैठना है। आप मेरी मदद करो ना।'

मेंढकी मम्मी की बात सुनकर बंदर हंसते-हंसते पागल हो गया। वह इतना हंसा कि जवाब भी नहीं दे पाया।

मेंढकी मम्मी हताश हो गई। सोचने लगी कि अब वह क्या करे? बच्चा किसी भी तरह मान नहीं रहा था। वह अधिक जोर से रोने लगा था। मेंढकी मम्मी को चिंता हुई कि बच्चा इतना रोएगा तो कहीं कुछ बुरा न हो जाए। वह भी रोने लगी।

तभी उसे 'गूंन... गूंन... गूंन' जैसी आवाज सुनाई दी। यह आवाज सुनकर बच्चा भी शांत हो गया। मेंढकी ने देखा तो एक भंवरा उड़ता हुआ आ रहा था। मेंढकी ने उसे रोका, 'भंवरा, भंवरा, मेरी बात सुना।'

भंवरा रुक गया, उसने पूछा, 'क्या बात है?'

'देख, मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है। मैं उसे हवाई जहाज में कैसे बिठा सकती हूं? अगर तू मेरी मदद करे तो यह काम हो सकता है।' मेंढकी ने भंवरे से आग्रह किया।

भंवरा बोला, 'मैं तेरी क्या मदद कर सकता हूं?'

मेंढकी मम्मी ने कहा, 'भंवरे, तू ही उसका हवाई जहाज बन जा। अगर तू मेरे बच्चे को अपने ऊपर बिठा कर उड़ता हुआ थोड़ी दूर तक घुमा ले आएगा तो उसे लगेगा कि वह हवाई जहाज में बैठकर आया है।'

पहले तो भंवरे ने मेंढकी की बात हंसी में उड़ा दी, पर जब मेंढकी ने बहुत विनती की तब वह बोला, 'ठीक है, मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनकर घुमा लाऊंगा, पर उसके बदले में तुझे भी मेरा एक काम करना होगा।'

मेंढकी मम्मी बोली,'तू जो बोलेगा वह सब मैं करूंगी।'

भंवरे ने कहा, 'सुन, अब बारिश के दिन आ गए हैं। इस मौसम में मैं पूरा दिन 'गूंन गूंन गूंन' की आवाज करता हुआ उड़ता रहता हूं, पर जब रात होती है तो मुझे बहुत डर लगता है। चारों ओर इतना सन्नाटा होता है कि मुझे डर लगता है। इसलिए जब बारिश हो, तब तू पूरी रात जाग कर आवाज करते रहना। तेरी आवाज सुनकर मुझे डर नहीं लगेगा। बोल, अगर मेरी यह बात तुझे मंजूर है तो मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी हंसते हुए बोली, 'बस, इतनी सी बात! तेरी शर्त मुझे मंजूर है।'

भंवरे ने कहा, 'तब तो मैं भी तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी ने अपने बच्चे को भंवरे की पीठ पर बिठा



दिया और भंवरा हवाई जहाज की तरह हवा में उड़ने लगा। कभी दाएं तो कभी बाएं, कभी ऊपर तो कभी नीचे। भंवरा हवाई जहाज की तरह 'गूंन गूंन गूंन' आवाज भी कर रहा था। मेंढकी के बच्चे को बहुत मजा आ रहा था। भंवरे ने बहुत सारे चक्कर लगाने के बाद बच्चे को नीचे उतारा।

'मां... मां... मुझे हवाई जहाज में बहुत मजा आया।' ऐसा कहते हुए वह अपनी मां से लिपट गया।

'भंवरा अंकल, थैंक्यू!' बच्चे ने भंवरे से कहा।

भंवरे ने मेंढकी से कहा, 'हमारी बात याद है ना? अब तू भी मेरा काम करने के लिए तैयार हो जा।'

उसी दिन बहुत बारिश हुई। रात में मेंढकी बारिश में पूरी रात 'ड्रांव-ड्रांव' बोलती रही। आगे भी वह रात में बारिश होने पर 'ड्रांव-ड्रांव' करती ताकि भंवरा डरे नहीं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हो गए। मेंढकी का बच्चा अकसर भंवरे की पीठ पर बैठकर हवाई जहाज की सैर का मजा लेता। *

अनुवाद: सेतु अंताणी



• सभी इमेज एआई

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## काले बादल

बन सैलानी,
ले कर पानी,
फिर आए हैं काले बादल।
रौब जमाते,
शोर मचाते
घिर आए हैं काले बादल।
हाथापाई,
चोर सिपाही
खेल कर रहे काले बादल।

हाथ मिला कर
गले लगा कर
मेल कर रहे काले बादल।
हवा ने डांटा,
मारा चांटा
लौटे रो कर काले बादल।
घर-आंगन को,
वन-उपवन को
गए भींगो कर काले बादल।



एआई इमेज

## हंसगुल्ले




**टिंकू (रिंकू से):** तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू:** अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू:** क्यों?
**रिंकू:** क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
**- संगीता, बिलासपुर**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**- उमेश, जबलपुर**

**डॉक्टर:** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की:** फिर तो मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर:** वो क्यों?
**मिक्की:** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
**- कविता, दुर्ग**

## जीके क्विज-214

1. भारत के 98 वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बन गए हैं?
2. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
3. किस देश की टीम ने महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
4. देश के वर्तमान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री कौन हैं?
5. जल का रासायनिक सूत्र क्या है?
6. गौतम बुद्ध का जन्म कहां हुआ था?
7. मानव शरीर की सबसे बड़ी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
8. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव क्या है?
9. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
10. 'सत्यमेव जयते' का आदर्श वाक्य किस उपनिषद से लिया गया है?



बच्चो, जीके क्विज-214 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-213 का उत्तर :** 1 इंडोनेशिया, 2.आशुतोष दीक्षित, 3.हर्षवर्धन जीबी, 4.इंग्लैंड, 5.कलिंग युद्ध, 6.उपराष्ट्रपति, 7.हीमोग्लोबिन, 8.नाइट्रस ऑक्साइड, 9.करमचंद गांधी, 10.विटामिन-ए

**जीके क्विज-213 का सही उत्तर देने वाले :** दीक्षिता-बादली, सचिन-बिलासपुर, कोमल-गरियाबंद, तुषार-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सूरज-रायगढ़, सपना-खैरागढ़, अजय-रायपुर, रोहन-बालोद, कबीर-हिसार, कुणाल-बलौदा बाजार, रिया-दुर्ग

एडवाइस

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, पढ़ाई में अच्छे होने के साथ तुम्हारा कम्युनिकेशन स्किल भी बेहतर होना चाहिए। सही ढंग से बोलना, किसी की बात को ध्यान से सुनना और प्रभावी हाव-भाव रखना, तुम्हें हर जगह कॉन्फिडेंस के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। बच्चो, छोटी- छोटी बातें ध्यान में रखकर तुम अपना कम्युनिकेशन स्किल इंप्रेसिव बना सकते हो।

## बनो अच्छे कम्युनिकेटर जीतो सबका दिल





बच्चो, स्कूल खुल चुके हैं। नए सेशन की शुरुआत हो चुकी है। धीरे-धीरे तुम्हारी पढ़ाई भी रफ्तार पकड़ने लगेगी। अपने आपसे प्रॉमिस करो कि इस वर्ष पढ़ाई के साथ ही तुम्हें अपने कम्युनिकेशन को भी सुधारना है। क्लासरूम हो या घर, अच्छे से कम्युनिकेट करना सीखो। इसे अपनी आदत बनाओ। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाया जा सकता है। खुद को प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस करने का अंदाज पढ़ाई, स्कूल के प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन और पर्सनल इंप्रूवमेंट तक हर क्षेत्र में काम आता है।

**समझो प्रभावी कम्युनिकेशन:** टीचर, रिलेटिव्स या तुम्हारे फ्रेंड्स के भैया-दीदी या दूसरे कुछ लोगों से बातचीत करना अच्छा लगता है ना! उनका बातचीत का अंदाज इतना इंप्रेसिव होता है कि तुम मन से उनकी बातें सुनते हो। उनकी कही बातों को अच्छे से समझ पाते हो। असल में किसी इंसान द्वारा अपने विचारों और जानकारियों को स्पष्टता और सही ढंग से समझा पाना ही प्रभावी कम्युनिकेशन का सबसे अहम पहलू है। अच्छे से कम्युनिकेट करना केवल बोलना नहीं होता। यह सही ढंग से बातचीत करने का सधा हुआ तरीका होता है।

**प्रभावी कम्युनिकेशन के फायदे:** अगर तुम अच्छे से संवाद करोगे, सही ढंग से अपनी बात रखोगे, तो यह स्कूल के कार्यक्रम में भागीदारी से लेकर सहज जीवन में भी तुम्हें काम आएगा। कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो तुम मम्मी-पापा को अपनी उलझन, कुछ नया सीखने की योजना या अपने एक्सपेक्टेशंस भी अच्छे से बता पाओगे। ऐसे में पैरेंट्स के लिए भी तुम्हारे दिल की बात समझना आसान होगा। साथ ही तुम्हारे दिमाग की किसी उलझन को भी घर के बड़े बिना किसी गलतफहमी के सही ढंग से जान पाएंगे।

**कम्युनिकेशन में हाव-भाव की भूमिका:** अच्छे कम्युनिकेशन के लिए जरूरी है कि अपने हाव-भाव को समझो। कई बार हमारे शब्द और बॉडी लैंग्वेज अलग-अलग होते हैं। इस स्थिति में कही गई बात सही तरीके और सही मीनिंग के साथ सामने वाले इंसान तक नहीं पहुंचती। कई बार कम्युनिकेशन की प्रक्रिया में 50 प्रतिशत से अधिक तो बॉडी लैंग्वेज की ही भूमिका होती है। बातचीत के दौरान अगर आइ-कॉन्टेक्ट, बॉडी पोश्चर और आवाज का टोन शब्दों से मेल नहीं खाता तो सुनने वाले को प्रभावित नहीं किया जा सकता। तुम्हारे ही हाव-भाव कंफ्यूजिंग होंगे तो सामने बैठे लोगों तक पहुंचते-पहुंचते शब्दों का अर्थ ही अलग हो जाएगा। सोचो, कोई व्यक्ति हैप्पी रहने की बात समझाते हुए सीरियस रहे तो कितना अजीब लगेगा ना। बच्चो, सही ढंग से और प्रभावी हाव-भाव के साथ बात करने वाले सबका दिल जीतते हैं।

**माइंडफुल लिसनिंग है जरूरी:** प्रभावी कम्युनिकेशन का मतलब अपनी बात कहना भर नहीं होता। जैसे अपने बड़ों से बात करते हुए ही नहीं, छोटे भाई-बहनों, फ्रेंड्स या क्लासमेट्स से बातचीत करते हुए भी सही रेस्पॉन्स देना जरूरी है। सामने वाले की बात को बीच में काटे बिना हाव-भाव से यह बताना आवश्यक है कि तुम उनकी बात समझ रहे हो। इसके लिए माइंडफुल लिसनिंग सबसे ज्यादा जरूरी है। साथ ही सामने वाले की बात सुनने के बाद थोड़ा सोचकर बोलने के लिए भी पहले उसे सही ढंग से सुना जाना जरूरी है। क्लास में टीचर्स के सवालों का जवाब देना हो या किसी कार्यक्रम में भागीदारी करना। हर समय पहले कही जा रही बात, प्रश्न या सलाह को ठीक से सुनने की आदत बनाओ। अच्छे से सुनना अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने का बेहद जरूरी पहलू है। इस पर हमें जरूर ध्यान देना चाहिए। *

### ऐसे सुधारो अपने हाव-भाव

**तुम खुद** को बोलते हुए मिरर में देखकर और दूसरे लोगों को बोलते हुए ध्यान से देख-सुनकर सही हाव-भाव सीखने की कोशिश कर सकते हो। इसके लिए मम्मी-पापा से अपना वीडियो बनवाकर भी प्रैक्टिस कर सकते हो। इस मामले में बड़ों का फीडबैक बहुत हेल्प करता है। उनकी सलाह लेकर तुम भी अपनी कमियां सुधार सकते हो। बच्चो, किसी खास अवसर पर ही नहीं, आम जीवन में भी सही एक्सप्रेशन के साथ किया गया संवाद बहुत प्रभावी होता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## जानो पिनकोड की कहानी

बच्चो, तुमने देखा होगा कि पत्र में जहां पर पता लिखा होता है, उसके अंत में छह अंकों की एक संख्या लिखी होती है, इसे पिनकोड कहते हैं- पोस्टल इंडेक्स नंबर। यह अलग-अलग छह अंकों का नंबर, डाक विभाग की पहचान से जुड़ा होता है। डॉ. विमला भंडारी लिखित किताब 'छह अंकों का जादू' (पिनकोड की कहानी) में पिन कोड के बारे में बहुत ही रोचक ढंग से एक कहानी के रूप में जानकारी दी गई है।




सुनीता के हाथ में एक कागज का टुकड़ा देखकर उसकी दोस्त वनिता पूछती है कि यह चिट्ठी बिना रास्ता पूछे घर कैसे पहुंच गई? यह जानने के लिए दोनों दोस्त डाकघर जाती हैं, जहां उन्हें पिनकोड के बारे में जानकारी मिलती है। घर पहुंचकर सुनीता अपने पिताजी से जब पिनकोड के बारे में पूछती है तो वह और विस्तार से बहुत सरल तरीके से बताते हैं कि पिनकोड का पहला, दूसरा, तीसरा और आखिरी के तीन अंकों की सहायता से कैसे अमुक व्यक्ति तक उसका पत्र पहुंच जाता है। इस तरह पत्र के पते में पिनकोड लिखा होने से चिट्ठियां गुम नहीं होतीं। अब तो ऑनलाइन ऑर्डर में भी पिनकोड लिखना जरूरी होता है। किताब में यह भी जानकारी दी गई है कि पिनकोड की खोज श्रीराम भिक्षु चक्रवर्ती ने की थी। पुस्तक में पिनकोड पर लिखी ये पंक्तियां भी मजेदार हैं- 'छह अंकों का पिन है प्यारों/रास्ता दिखलाए सही-सही।/डाक-संदेश पहुंचा दे यारों/चिट्ठी-पार्सल को गली-गली।' *

**किताब** : छह अंकों का जादू (पिनकोड की कहानी), **लेखिका**: डॉ. विमला भंडारी, **मूल्य**: 135 रुपए, **प्रकाशक**: द बिट्स, जयपुर (राजस्थान)

## रंग भरो-206

**रंग भरो-206** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




अगमजोत, कोंडागांव


आशुतोष, उमरिया


ईशानी, बिलासपुर


दिव्या, बिलासपुर


प्रत्यूष, कोरबा


याचना, गरियाबंद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

कृष्ण-रायपुर, आशना-जांजगीर, कविता-रायपुर, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, संपत-जांजगीर, सरल-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, विकास-बिलासपुर, रचना-कोरबा

## रंग भरो 207



बच्चो, यहां दिए गए क्यूट-से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

### अगले पांच वर्षों में 400 करोड़ रुपये से अधिक का किया जाएगा निवेश

# अब नौकरी खोजने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनेंगे दिल्ली के युवाः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली के युवा अब नौकरी खोजने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनेंगे। अगले पांच वर्षों में 400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा और सरकार की तरफ से स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता मिलेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरूवार को बताया कि दिल्ली सरकार ने राजधानी में नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता को नई दिशा देने के उद्देश्य से दिल्ली स्टार्ट-अप एवं इन्क्यूबेशन नीति को मंजूरी दे दी है। इस महत्वाकांक्षी नीति के तहत अगले पांच वर्षों में 400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार इस नीति का उद्देश्य दिल्ली को देश के अग्रणी नवाचार और उद्यमिता केंद्र के रूप में विकसित करना और युवाओं को अपने विचारों को सफल स्टार्टअप में बदलने के लिए आवश्यक हर संभव सहयोग उपलब्ध कराना है। इसी कड़ी में 'वार्षिक दिल्ली स्टार्टअप युवा महोत्सव' का भी आयोजन किया जाएगा, जहां नवाचार करने वाले युवा, शैक्षणिक संस्थान, स्टार्ट-अप, निवेशक, उद्योग जगत और नीति निर्माता एक मंच पर आकर नए विचारों का प्रदर्शन करेंगे, साझेदारियां विकसित करेंगे और युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करेंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह नीति केवल स्टार्ट-अप शुरू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली के युवाओं को नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सरकार चाहती है कि छात्रों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों, पूर्व छात्रों और नए उद्यमियों के पास यदि कोई अच्छा विचार है तो उसे आगे बढ़ाने के लिए उन्हें संसाधनों, मार्गदर्शन और आर्थिक सहायता की कमी महसूस न हो।

#### युवाओं को हर स्तर पर मिलेगी मदद

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस नीति के तहत इन्क्यूबेशन सेंटरों से जुड़े स्टार्ट-अप्स को उनके विकास के विभिन्न चरणों में माइलस्टोन आधारित वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। यह सहायता प्रोटोटाइप तैयार करने, प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट विकसित करने, उत्पाद तैयार करने, बाजार में उसकी उपयोगिता परखने और उसके व्यवसायीकरण तक के विभिन्न चरणों में उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि अच्छे विचार सफल उद्यम का रूप ले सकें। उन्होंने कहा कि इन इन्क्यूबेशन सेंटरों में युवाओं को आधुनिक बुनियादी सुविधाएं, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, व्यवसायिक सलाह, बौद्धिक संपदा (इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी) से संबंधित सहायता, प्रयोगशालाओं और परीक्षण सुविधाओं तक पहुंच के साथ-साथ निवेशकों और उद्योग जगत से जुड़ने के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे छात्रों और नवाचार करने वाले युवाओं को विचार (आइडिएशन) से लेकर इन्क्यूबेशन और व्यवसायीकरण तक चरणबद्ध सहयोग मिलेगा।

#### इन्क्यूबेशन सेंटर को दी जाएगी वित्तीय मदद

मुख्यमंत्री ने बताया कि नीति के तहत दिल्ली के शैक्षणिक संस्थानों में मजबूत नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) विकसित किया जाएगा। शुरुआत में यह नीति 11 राज्य विश्वविद्यालयों, 13 सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक संस्थानों तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में लागू होगी। सरकारी विद्यालयों के छात्र इन संस्थानों में इस नीति का लाभ उठा सकेंगे। इसमें सफल होने वाले छात्रों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा इन इन्क्यूबेशन सेंटरों के संचालन, मेंटरिंग, नेटवर्किंग, नवाचार गतिविधियों और स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के विकास के लिए हर वर्ष संचालन संबंधी वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

#### 'वार्षिक दिल्ली स्टार्टअप युवा मोहत्सव' का भी होगा आयोजन

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह नीति युवाओं को केवल व्यवसाय शुरू करने में ही मदद नहीं करेगी, बल्कि दिल्ली में नवाचार की संस्कृति को मजबूत करेगी, रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी, शोध आधारित नवाचार को बढ़ावा देगी, उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत बनाएगी तथा दिल्ली की ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था को नई गति देगी। उन्होंने कहा कि इस नीति की एक विशेष पहल 'वार्षिक दिल्ली स्टार्टअप युवा मोहत्सव' होगी, जिसे राजधानी में नवाचार के प्रमुख मंच के रूप में विकसित किया जाएगा। इस फेस्टिवल में नवाचार करने वाले युवा, शैक्षणिक संस्थान, स्टार्ट-अप्स, निवेशक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और नीति निर्माता एक साथ आएंगे। यहां नए विचारों का प्रदर्शन होगा, नई साझेदारियां विकसित होंगी और युवा उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी।- मुख्यमंत्री ने बताया कि स्टेट इन्क्यूबेशन पॉलिसी मॉनिटरिंग कमेटी (एसआईपीएमसी) नीति के क्रियान्वयन की निगरानी करेगी।

## धर्मेंद्र प्रधान को हटाकर वांगचुक को बनाया जाए शिक्षा मंत्री : केजरीवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक से मिलने पहुंचे और अपना समर्थन दिया। वांगचुक की भूख हड़ताल के 19वें दिन गुरुवार को जंतर मंतर पहुंचे केजरीवाल के साथ राज्यसभा सांसद संजय सिंह और दिल्ली आप के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज आदि मौजूद थे। लोगों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि देश में शिक्षा प्रणाली, परीक्षा सिस्टम को ठीक करने के लिए कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की अगुवाई में पूरे देश के युवाओं को मेरा सलाम। केजरीवाल ने इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि सोनम वांगचुक को देश का शिक्षा मंत्री बनाया जाना चाहिए। बार-बार होने वाले परीक्षा प्रश्नपत्र लीक को लेकर किसी की भी चिंताओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। साल दर साल परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होते हैं और इसकी कीमत देश के युवाओं को ही चुकानी पड़ती है। केजरीवाल ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से अपील करता हूं कि वह छात्रों के भविष्य के लिए वांगचुक की बात सुने। उन्होंने कहा कि आज यहां आते हुए मुझे चार अप्रैल 2011 की याद आ गई, जब भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के दौरान मैं खुद अन्ना हजारे के साथ इसी जगह बैठा था। तीन साल बाद वह सरकार सत्ता से बाहर हो गई, क्योंकि उसने लोगों की बात नहीं सुनी और आम जनता ने उनके अहंकार को तोड़ा। इस मौके पर सांसद संजय सिंह व सौरभ भारद्वाज ने भी शिक्षा मंत्री को लेकर सरकार पर निशाना साधा। वहीं दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी की सांसद व डिंपल यादव भी वांगचुक से मिलने जंतर मंतर पहुंची। इस मौके पर डिंपल यादव ने सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प और भूख हड़ताल कर रहे छात्रों के साहस को मेरा सलाम है। डिंपल ने कहा कि समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव युवाओं के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर डर का माहौल बनाकर भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने के आरोप लगाए और कहा कि युवाओं की चिंता किसी को नहीं है। इसके अलावा किसान नेता राकेश टिकैत, वंचित बहुजन अघाड़ी पार्टी के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर सहित अन्य नेताओं ने भी जंतर मंतर पहुंचकर अपना समर्थन दिया।

## 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से युवा पीढ़ी का निर्माण कर रहा है कॉलेजः मुख्यमंत्री

### शहीद भगत सिंह कॉलेज के डायमंड जुबली समारोह में शामिल हुईं रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्विद्यालय का शहीद भगत सिंह कॉलेज शिक्षा, अनुशासन और 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से युवा पीढ़ी का निर्माण कर रहा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह कॉलेज के डायमंड जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और आधुनिकता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छात्रों, शिक्षकों और पूर्व विद्यार्थियों से संवाद किया। समारोह के दौरान कॉलेज की 60 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को दर्शाता एक 'वर्चुअल टूर' प्रस्तुत किया गया।

साथ ही, मुख्यमंत्री ने साल भर चलने वाले डायमंड जुबली कार्यक्रमों के कैलेंडर और कॉलेज के डिजिटल आर्काइव्स के क्यूआर कोड का अनावरण भी किया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार अत्री सहित शिक्षाजगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित थीं। यहां डीयू कुलपति ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमें सैंकड़ों बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भारत से चाहिए, ऐसी कंपनियों को बनाने वाले मन विश्वविद्यालयों को तैयार करने हैं। मुख्यमंत्री ने शहीद भगत सिंह कॉलेज को स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय पिछले छह दशकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को आत्मसात करते हुए विद्यार्थियों में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना का विकास कर रहा है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी युवा शक्ति और शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करती है। शहीद भगत सिंह कॉलेज जैसे संस्थान देश के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा और अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।

#### 16 अगस्त को किया जाएगा 'अटल कैंटीन' का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में 16 अगस्त को 'अटल कैंटीन' का उद्घाटन किया जाएगा, जहां विद्यार्थियों को मात्र पांच रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय के लिए जल्द ही 50 नए 'यू-स्पेशल' बस रूट भी शुरू किए जाएंगे। दिल्ली को एक वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार बेहतर शैक्षणिक आधारभूत संरचना और छात्रावास सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी क्रम में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के प्रस्तावित नए परिसर में दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए भी छात्रावास विकसित करने की योजना है।

## तीन महिला पार्षदों को आप ने दिखाया बाहर का रास्ता

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की 12 वार्ड समितियों पर बुधवार को हुए चुनाव में पार्टी के खिलाफ जाकर वोट करने पर आम आदमी पार्टी ने अपनी तीन महिला पार्षदों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। आप के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को पार्षदों को तत्काल निलंबित करने की आधिकारिक घोषणा कर दी। लेकिन उन्होंने निलंबन पत्र में कारण नहीं बताया कि उन्हें पार्टी से बाहर क्यों किया गया है। वहीं निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने एक वीडियो क्लिप जारी करते हुए दावा किया कि आप पार्टी से बगावत करने वाली तीनों निगम पार्षदों को आम आदमी पार्टी ने निलंबित कर दिया है। नारंग ने बकायदा नाम लेकर कहा कि वेस्ट जोन में पार्टी के खिलाफ क्रॉस-वोटिंग करने वाली पार्षद वार्ड 114 से निर्मला देवी शर्मा और वार्ड 116 से पार्षद कृष्णा देवी राघव को निलंबित कर दिया गया है। नारंग ने कहा कि यहां हमारे पास 13 वोट थे जबकि भाजपा के पास 12 वोट थे। लेकिन निर्मला देवी शर्मा व कृष्णा देवी राघव ने पार्टी के खिलाफ जाकर भाजपा को वोट किया, जिससे हम हार गए। नारंग ने तीसरी पार्षद जामा मस्जिद से सुल्ताना आबाद के बारे में कुछ नहीं बोला। बता दें कि आम आदमी पार्टी ने वेस्ट जोन वार्ड समिति के चुनाव में वार्ड नंबर 114 की पार्षद निर्मला देवी शर्मा और वार्ड नंबर-116 की पार्षद कृष्णा देवी राघव ने क्रॉस वोट कर भाजपा के हरीश ओबेरॉय को अध्यक्ष पद पर जीत पक्की की थी। लेकिन इसके विपरीत कृष्णा राघव ने उपाध्यक्ष पद पर आप पार्षदों ने क्रॉस वोट नहीं किया और अपनी पार्टी की डिंपल आहूजा को जितवा दिया। इसी तरह से सिटी एस पी जोन के चुनाव में भी जामा मस्जिद से आप पार्टी की पार्षद सुल्ताना आबाद ने भाजपा की उषा शर्मा के पक्ष में वोट किया। इसके अलावा यहां भाजपा के पक्ष में अखिल भारतीय फॉरवर्ड ब्लॉक (एआईएफबी) के चांदनी महल वार्ड से पार्षद मोहम्मद इमरान पर भी भाजपा को वोट देने का आरोप है। यहां आप के 6 पार्षद होने के बाद भी आप हार गई। बता दें कि निगम के 12 वार्ड में भाजपा के पास पहले 8 वार्ड थे जबकि आप के पास 4 वार्ड समितियां थी। बुधवार को हुए चुनाव में भाजपा ने उक्त दोनों वार्डों को अपने ही पार्षदों के क्रॉस वोट से हार गई थी।

## ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का कार्य तेज़ी से पूरा कर रही है दिल्ली सरकारः सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार राजधानी की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने के लिए ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का कार्य तेज़ी से पूरा कर रही है। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को भलस्वा स्थित ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) आवास परियोजना का निरीक्षण करने के दौरान यह बात कही।

उन्होंने इस दौरान वहाँ चल रहे मरम्मत एवं विस्तार कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के उद्देश्य से पहले से निर्मित पुराने आवासों का पुनः डिज़ाइन कर उनका विस्तार किया जा रहा है, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के आधुनिक मानकों के अनुरूप बनाया जा सके। आशीष सूद ने परियोजना स्थल पर चल रहे विस्तार एवं मरम्मत कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। मंत्री सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में इन आवासों के आकार में वृद्धि की जा रही है। पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए मंत्री सूद ने कहा कि वर्षों तक प्रक्रियागत बाधाओं और राजनीतिक निर्णयहीनता के कारण इन आवासों का लाभ पात्र परिवारों तक नहीं पहुँच पाया। बता दें कि उन्होंने इसी वर्ष फरवरी में भी इस परियोजना का दौरा किया था और अधिकारियों को ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के कार्पेट एरिया को बढ़ाकर उन्हें अधिक सम्मानजनक एवं सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए थे।

## लगातार गिरते भूजल स्तर को रोकने के लिए वर्षा की प्रत्येक बूंद का संरक्षण जरूरी : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में लगातार गिरते भूजल स्तर को रोकने के लिए वर्षा की प्रत्येक बूंद का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। लोक निर्माण एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरूवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 'कैच द रेन- व्हेयर इट फॉल्स, व्हेन इट फॉल्स' का मंत्र दिया है। वर्षा जल संचयन के माध्यम से बारिश का पानी जमीन में समाहित होकर भूजल स्तर को बढ़ाता है, जिससे पूरे वर्ष जल उपलब्धता सुनिश्चित होती है। आज भूजल का दोहन उसकी पुनर्भरण क्षमता से अधिक हो रहा है, जिसके कारण बोरवेल सूख रहे हैं। दिल्ली सरकार ने प्रधानमंत्री के इस विजन को मिशन के रूप में अपनाया है और प्रत्येक सरकारी संस्थान को जल संरक्षण का मॉडल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरूवार को त्यागराज स्टेडियम में पुनर्स्थापित वर्षा जल संचयन प्रणाली का निरीक्षण किया और पूरे शहर में चल रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार जल-सुरक्षित, जलवायु-अनुकूल और टिकाऊ राजधानी के निर्माण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, अस्पतालों, स्टेडियमों तथा अन्य सार्वजनिक संस्थानों में 1,000 मौजूदा वर्षा जल संचयन प्रणालियों के पुनर्स्थापन तथा 500 नई वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अब तक लगभग 400 मौजूदा वर्षा जल संचयन प्रणालियों का पुनर्स्थापन पूरा किया जा चुका है, जबकि 400 से अधिक अन्य प्रणालियों पर कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार पुनर्स्थापन से संबंधित 800 से अधिक परियोजनाएँ पूरी हो चुकी हैं या निर्माणाधीन हैं।

### राजस्व 120 प्रतिशत बढ़कर 1,020 करोड़ रुपये पहुंचा

# डीडीए की आवास योजनाओं को मिली रफ्तार पहली तिमाही में बिके 1,284 फ्लैट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- कुल बिक्री का 90 प्रतिशत हिस्सा नरेला से प्राप्त हुआ

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की आवास योजनाओं को वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में जोरदार उत्साह मिला है। अप्रैल से जून 2026 के दौरान डीडीए ने 1,284 फ्लैटों की बिक्री कर 1,020 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है।

यह पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 120 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में डीडीए को 462 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। डीडीए ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस उपलब्धि में सबसे बड़ी भूमिका नरेला की रही है। पहली तिमाही में नरेला में 1,153 फ्लैट बिके, जो कुल बिक्री का करीब 90 प्रतिशत है।

प्राधिकरण का कहना है कि अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) और प्रस्तावित रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर जैसी आधारभूत परियोजनाओं से क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होने के कारण नरेला लोगों की पसंदीदा आवासीय मंजिल बनता जा रहा है। यह बिक्री डीडीए की कर्मयोगी आवास योजना, नागरिक आवास योजना तथा टावरिंग हाइट्स, ईस्ट दिल्ली हब, कड़कड़डूमा (एफसीएफएस) योजना के तहत हुई। इन योजनाओं की अवधि अब 31 जुलाई 2026 तक बढ़ा दी गई है। इच्छुक खरीदार -पहले आओ, पहले पाओ- के आधार पर पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से घर बैठे फ्लैट बुक कर सकते हैं। सभी फ्लैट फ्रीहोल्ड और रेडी-टू-मूव हैं तथा खरीदारों के लिए सैंपल फ्लैट भी उपलब्ध हैं। डीडीए का कहना है कि एक साथ कई आवास योजनाएं शुरू करने, आसान होम लोन विकल्प उपलब्ध कराने, हेल्पडेस्क, व्हाट्सएप चैटबॉट और डिजिटल सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ व्यापक जनजागरूकता अभियान के कारण लोगों तक योजनाओं की पहुंच बढ़ी है।

डीडीए ने कहा कि वह तकनीक आधारित, पारदर्शी और जन-केंद्रित व्यवस्था के माध्यम से दिल्लीवासियों को गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

**टोरेंट पावर ग्रिड लिमिटेड**
[पंजीकृत कार्यालय: "समन्वय", ६००, तपोवन, अंबावाड़ी, अहमदाबाद - ३८००१५]

**केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष**
**६ वीं, ७ वीं और ८ वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली- ११००२९**

**सार्वजनिक सूचना**

**[केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के निर्धारण के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन का प्रकाशन और अन्य संबंधित मामले) विनियम, २००४ और इसके संशोधन के विनियम ३ के खंड (६) के अनुसरण में प्रकाशित किया गया है]**

१. टोरेंट पावर ग्रिड लिमिटेड ने विद्युत अधिनियम, २००३ की धारा ६२ और ७९ (१)(सी) और (डी) और केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम, २०२४ के साथ पठित केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यवसाय संचालन) विनियम, २०२३ के विनियम १५ (१)(ए) और २३ के तहत "खावड़ा पीएस के ४.५ गीगावॉट आरई इंजेक्शन की निकासी के लिए पारेषण योजना चरण॥ - भाग डी" के लिए वाणिज्यिक संचालन तिथि से ३१.०३.२०२९ तक की अवधि के लिए टैरिफ के निर्धारण की मांग करते हुए केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष एक याचिका दायर की है।

२. उपर्युक्त पारेषण प्रणाली के लाभार्थी हैं:
(क) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी लिमिटेड (ख) पश्चिमी क्षेत्रीय विद्युत समिति (ग) पीटीसी इंडिया लिमिटेड (घ) विद्युत विभाग गोवा (ड) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (च) मध्य प्रदेश विद्युत प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (छ) महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (ज) टोरेंट पावर लिमिटेड (झ) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (ञ) दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ट) केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण

३. लाइन की लंबाई एवं, ट्रांसमिशन सिस्टम के बे की संख्या:

| पारेषण योजना का दायरा | क्षमता/ कि.मी |
| --- | --- |
| १. अहमदाबाद एस/एस में पिराना (पीजी) - पिराना (टी) ४०० केवी डी/सी लाइन का ट्विन एचटीएलएस से लिलो, साथ ही पिराना (पीजी) - पिराना (टी) लाइन का ट्विन एचटीएलएस कंडक्टर के साथ रिकंडक्टरिंग एवं मुख्य लाइन और लिलो खंड दोनों के लिए ओपीजीडब्ल्यू। | ६२.८२ कि.मी |
| २. पिराना (टी) ४०० केवी लाइन में अपेक्षित एफओटीई के साथ बे अपग्रेडेशन कार्य - @ | ४०० केवी लाइन बे - पिराना (टी) में २ बे |

@ पिराना (पीजी) और पिराना (टी) में मौजूदा बे की वर्तमान रेटिंग २००० ए है। ०४ नंबर ४०० केवी लाइन बे उन्नयन में पिराना (पीजी) में ०२ बे अपग्रेडेशन और पिराना (टी) में ०२ बे अपग्रेडेशन शामिल हैं। पिराना (टी) अपग्रेडेशन में ४०० केवी बस कपलर बे अपग्रेडेशन और ४०० केवी ट्रांसफर बस कपलर बे अपग्रेडेशन के साथ-साथ बस बार का अपग्रेडेशन भी शामिल होगा।

४. वाणिज्यिक संचालन की तिथि: २४.०२.२०२६
५. सीओडी के आधार पर पूंजीगत लागत: ५११.७६ करोड़ रुपये
६. याचिकाकर्ता बोर्ड द्वारा स्वीकृत पूंजीगत लागत: ८०० करोड़ रुपये
७. टैरिफ का विवरण:

(करोड़ रुपये में)

| ट्रांसमिशन शुल्क | वर्ष-वार टैरिफ निर्धारित करने की मांग की गई है | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | वित्तीय वर्ष २०२५-२६ (सीओडी से) | वित्तीय वर्ष २०२६-२७ | वित्तीय वर्ष २०२७-२८ | वित्तीय वर्ष २०२८-२९ |
| | ८.१९ | ९०.३५ | ९४.५७ | ९२.४९ |

८. टैरिफ के निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति (www.torrentpower.com)वेबसाइट पर पोस्ट की है
९. आवेदन में निहित टैरिफ निर्धारण संबंधी प्रस्तावों पर यदि कोई सुझाव और आपत्तियां हों, वह व्यक्ति सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, ६ वीं, ७ वीं और ८ वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - ११००२९ के समक्ष इस नोटिस के प्रकाशन के ३० दिनों के भीतर आवेदक को एक प्रति के साथ दायर की जानी चाहिए।

**टोरेंट पावर ग्रिड लिमिटेड**
एसडी/-
**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

**स्थान:** अहमदाबाद
**दिनांक:** १६-०७-२०२६

चिंतन

# रथयात्रा में कुशल प्रबंधन के साथ सतर्कता जरूरी

ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत और 100 से अधिक लोगों का घायल होना एक ताजा खबर है, लेकिन हम लोग ऐसी खबरें लगातार सुनते रहते हैं। इन बड़े आयोजनों में अक्सर ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों की श्रद्धा को देखते हुए यह तो नहीं कहा जा सकता कि ऐसे आयोजनों में नहीं जाएं, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में जाते समय सावधानी और सतर्कता जरूरी है। धार्मिक आस्था भारत की सबसे बड़ी सामाजिक शक्ति है। हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु विभिन्न तीर्थस्थलों, मेलों और धार्मिक जुलूसों में भाग लेते हैं। जब श्रद्धा के साथ सुव्यवस्थित प्रबंधन नहीं जुड़ता, तब यही आयोजन बड़े हादसों का कारण बन जाते हैं। पुरी की ताजा घटना एक बार फिर यही संदेश देती है कि भीड़ प्रबंधन केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन बचाने की पहली शर्त है। पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान पहाड़ी रस्म के समय अचानक बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथों के करीब पहुंचने लगे। वॉलेंटियर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन धक्का-मुक्की के कारण भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल या बेहोश हो गए। तेज बारिश के बावजूद लगभग 10 लाख श्रद्धालु यात्रा मार्ग पर मौजूद थे। यह घटना बताती है कि केवल सुरक्षा बलों की तैनाती पर्याप्त नहीं होती, बल्कि भीड़ के प्रवाह को वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित करना भी उतना ही आवश्यक है। दुर्भाग्य से यह कोई पहली घटना नहीं है। मार्च 2026 में बिहार शरीफ के माता शीतला मंदिर में अष्टमी मेले के दौरान भगदड़ में आठ महिलाओं की जान चली गई थी। फरवरी 2025 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों का इंतजार कर रही भीड़ अनियंत्रित हो गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में आयोजित एक सत्संग में मची भीषण भगदड़ ने 100 से अधिक लोगों की जान ले ली। ये घटनाएं अलग-अलग स्थानों की जरूर हैं, लेकिन इनकी वजह लगभग एक जैसी रही अनियंत्रित भीड़, अपर्याप्त प्रबंधन और समय रहते प्रभावी हस्तक्षेप का अभाव। हर बड़े धार्मिक आयोजन से पहले प्रशासन को केवल सुरक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि व्यापक आपदा प्रबंधन योजना भी तैयार करनी चाहिए। श्रद्धालुओं की संख्या का वास्तविक आकलन, प्रवेश और निकास के अलग-अलग मार्ग, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की पर्याप्त तैनाती जैसे कदम अनिवार्य होने चाहिए। भीड़ को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना और एक स्थान पर अत्यधिक लोगों के एकत्र होने से रोकना सबसे प्रभावी उपायों में शामिल है। हालांकि केवल प्रशासन पर जिम्मेदारी डालकर समस्या का समाधान नहीं होगा। श्रद्धालुओं की भी समान जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, धक्का-मुक्की से बचें, प्रशासन और स्वयंसेवकों के निर्देशों का पालन करें। थोड़ी-सी असावधानी सैकड़ों परिवारों की खुशियां छीन सकती है। हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजे की घोषणाएं होती हैं और भविष्य में सुधार के वादे किए जाते हैं, लेकिन यदि इन सिफारिशों को धरातल पर लागू नहीं किया गया तो ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी। सरकारों की संवेदनशीलता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता, लेकिन सुरक्षा प्रबंधन की निरंतर समीक्षा और जवाबदेही तय करना भी उतना ही जरूरी है।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चुनौतियां

अमेरिका-ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्टेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30 .43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है।

इन दिनों अमेरिका- ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। 15 जुलाई को अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है। ऐसे में एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर की चुनौती है।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशियाई संकट और लॉजिस्टिक कीमतों में बढ़ोतरी का भारत की विकास दर पर प्रतिकूल असर होगा। ऐसे में एडीबी ने भारत के लिए इस वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूर्व में निर्धारित की गई 6.9 प्रतिशत विकास दर को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी रिपोर्ट में वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ का मानना है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत में आर्थिक चुनौतियां बढ़ा सकती हैं। हालांकि इस समय भारत आपूर्ति चुनौतियों से निपटने के लिए पहले से बेहतर स्थिति में है, फिर भी चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत तक ले जाने के लिए रणनीतिपूर्वक नए आर्थिक उपायों के साथ आगे बढ़ना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की शानदार दर से वृद्धि दर्ज की थी, जो कि 2024-25 की 7.1 प्रतिशत की दर से काफी बेहतर थी। निसंदेह इस समय वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और घरेलू आर्थिक मुश्किलों के बीच-बीच अर्थव्यवस्था को गतिशील रखना और विकास दर बढ़ाना चुनौती है। उल्लेखनीय है कि सरकार इन आर्थिक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ते हुए दिखाई भी दे रही है। हाल ही में 15 जुलाई को केंद्रीय कैबिनेट ने आयात घटाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए 2.19 लाख करोड़ रुपये से अधिक के फैसलों को मंजूरी दी है। देश की उर्वरक आयात पर निर्भरता कम करने के लिए फैसले को मंजूरी मिली है। इसके तहत नए गैस-आधारित यूरिया संयंत्रों के लिए घरेलू निवेश को आकर्षित किया जाएगा। चिप और इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप के भारी आयात को कम करने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ इस मिशन के दूसरे चरण को मंजूरी दी गई है, ताकि देश को वैश्विक केंद्र बनाया जा सके। मोबाइल फोन निर्माण अभियान के तहत विदेशी फोन पर निर्भरता खत्म करने के लिए 62,500 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई है।

अभी आर्थिक चुनौतियों के चक्रव्यूह से निकलने के लिए सरकार को 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र को और अधिक रणनीतिक ढंग से उपयोग में लाना



होगा। वैश्विक झटके और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारत को अपनी समष्टि-आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए अपनी रणनीतियों में बदलाव करना होगा। तेल की वैश्विक कीमतों में फिर से आए उछाल के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। केंद्रीय बैंक को अब महंगाई को नियंत्रण में रखने के साथ-साथ विकास की गति को थमने से बचाना होगा। वैश्विक संकट के समय निजी निवेश में सुस्ती आना स्वाभाविक है। ऐसे में आर्थिक गतिविधियों को सहारा देने के लिए सरकार को अपने पूंजीगत व्यय को लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कारगर बनाना होगा।

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं-जैसे रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, नए बंदरगाहों और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में निवेश को प्राथमिकता देनी होगी। बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश बढ़ने से इस्पात, सीमेंट और निर्माण जैसे मुख्य क्षेत्रों में मांग बनी रहती है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए रोजगार पैदा होते हैं और अर्थव्यवस्था का चक्र घूमता रहता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नए सिरे से व्यवधान आने की आशंका को देखते हुए भारत को घरेलू विनिर्माण पर अपनी निर्भरता बढ़ानी होगी। उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाओं का दायरा बढ़ाकर उन क्षेत्रों को शामिल करना चाहिए जो आयात पर अत्यधिक निर्भर हैं। भारत को अपनी निवेश नीतियों को और अधिक सरल बनाकर वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना होगा। अब बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भी ढाल बनाना होगा। अप्रैल-मई 2026 में भारत का निर्यात पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले लगभग 15 प्रतिशत बढ़ा है। वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारत द्वारा तेजी से बढ़ाए जा रहे 'मुक्त व्यापार समझौते' नए बाजार खोलने में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले साबित हो रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, भारत आगामी 10 महीनों में 9 नए व्यापार समझौतों को धरातल पर उतारने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई का दिन भारत और ब्रिटेन के आर्थिक एवं व्यापारिक इतिहास में एक स्वर्णिम दिन के रूप में दर्ज हो गया है। इस दिन दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित और कई दौर की बेहद जटिल वार्ताओं के बाद तैयार किया गया ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लागू हुआ है, जिसे व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीटा) कहा गया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जिस ब्रिटेन ने कभी भारत पर लंबे समय तक शासन किया था, उसी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था का आज भारत एक बड़ा रणनीतिक साझेदार बन गया है।

यह मुक्त व्यापार समझौता ऐसे समय में लागू हुआ है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया संघर्ष और भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रही है। ऐसे में भारत और ब्रिटेन का एक साथ आना दोनों देशों के आर्थिक परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है। वर्तमान में भारत और ब्रिटेन के बीच वस्तुओं तथा सेवाओं का कुल सालाना व्यापार 55 से 60 अरब डॉलर मूल्य का है, जिसे वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उम्मीद करें कि अब न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ के साथ एफटीए शीघ्र कार्यान्वित होगा। सरकार महंगाई नियंत्रण और सात प्रतिशत विकास दर के लक्ष्य को पाने के मद्देनजर नए सरल श्रम कानूनों के परिपालन, मुक्त व्यापार समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन, विशाल घरेलू बाजार की ताकत, नीतिगत सुधारों, बुनियादी ढांचे पर अधिक सरकारी खर्च, खेती- किसानी को प्रभावी सहारा देने के साथ-साथ पेट्रोलियम पदार्थों व जरूरी वस्तुओं की उपयुक्त आपूर्ति की राह पर रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मानसून
योगेश कुमार सोनी




# महानगरों में जल-भराव के लिए बने रणनीति

हाल ही के दिनों में देशभर में वर्षा आ रही है। कई जगह बेहद प्रभावित हुई हैं। महानगरों के संदर्भ में बात करें तो हालात बेहद खराब हैं और इस बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की स्थिति सबसे ज्यादा बेकार है। दिल्ली यमुना नदी खतरे से प्रभावित हो रही है। दिल्ली व मुंबई के कई इलाके इतने जलमग्न हैं कि लोगों के घरों में पानी घुस चुका है और वे बहुत कठिनाइयों के साथ समय निकाल रहे हैं। कोई रिश्तेदार के जा रहा है तो कोई होटल में रुका है और जिसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, वह सड़कों पर डेरा डाले हुए है। दिल्ली को कनेक्ट करने वाले मुख्य मार्ग आईटीओ, लाल किला और रिंग रोड पर भी पानी भरने से दिल्ली पूरी तरह ठप हो गई। राजधानी होने की वजह से एक दिन में ही बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान होता है। बहरहाल, यमुना में बाढ़ का विशेष कारण हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा गया पानी बताया जाता है। हालांकि इस मामले में सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते दिख रहे हैं। इस मामले पर राजनीतिक बयानबाज़ी जारी है। इस तरह के बयान जनता को बेवकूफ बनाने या पल्ला झाड़ने तक को सही है लेकिन यदि इसकी सच्चाई को देखें तो इन दोनों पार्टियों में से किसी एक ने भी इस ओर जरा सा भी काम नहीं किया। चूंकि स्पष्ट है कि हथिनी कुंड बैराज को अपग्रेड करने की बात हो रही है, लेकिन इस ओर एक कदम भी नही बढ़ा। वहीं दूसरी ओर दिल्ली से यूपी व हरियाणा जाने का सारा रास्ता अवैध प्रॉपर्टियों से बाधित है जिस पर कोई न कुछ कहता है और न ही कुछ करता है। कुल मिलाकर हालात यह हैं कि दिल्ली वालों को अपनी जान व माल की रक्षा व सुरक्षा स्वयं करनी पड़ रही है। इस बार भी देख लिया कि बाढ़ से निपटने की हमारे पास कोई व्यवस्था नही है। कोई भी ऐसा तंत्र या सिस्टम नहीं है जो आकस्मिक स्थिति में लोगों को बचा सके। दिल्ली के सबसे बड़े श्मशान घाट निगमबोध में लोग अपनों की चिता भी नहीं जला पा रहे हैं। चूंकि बाढ़ के पानी से पूरा घाट डूब चुका है, वहीं अस्पतालों में पानी भरने के कारण मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। दिल्ली की स्थिति को तकनीकी से समझा जाए तो विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 20 किलोमीटर की नदी पर पुल के निर्माण के कारण पानी का प्रवाह रुकता है। यमुना में वजीराबाद से ओखला तक बीस से अधिक पुल 20 किलोमीटर के दायरे में आए पानी के बहाव को बाधित करते हैं। इससे नदी के तल में गाद जमा हो जाती है और रेतीले चट्टानों का निर्माण हो जाता है। यमुना के जलस्तर में बड़े स्तर पर बढ़ने का एक प्रमुख कारण गाद जमना है जिसके कारण पानी में ठहरावट कम हो जाती है और गति बढ़ जाती है। इस वजह से पानी एकदम प्रवाह में आकर अपना रौद्र रूप धारण कर लेता है। इसके अलावा दिल्ली में अपनी क्षमता से अधिक प्रॉपर्टी बन गई रही है जिसकी वजह से पानी की के ठहरने व बहने की जगह खत्म होती जा रही है। हालात यह है कि लोगों ने दिल्ली नगर निगम व सभी संबंधित विभागों से मिलकर तालाब, जोहड़ व अन्य सभी सरकारी खाली जगहों पर बिल्डिंग बना लीं जिससे स्थिति यह है कि दिल्ली में एक इंच जगह भी नहीं बची। नोएडा से दिल्ली जाने वाले डीएनडी एक्सप्रेस-वे पर खादर पर लोगों ने चार मंजिला इमारतें बना ली। सबको यह भलि-भांति पता है कि यह खादर की जगह है और यहां बाढ़ या थोड़ा सा भी पानी का स्तर बढ़ जाने पर जान-माल का खतरा हो सकता है। फिर भी विभागों की मिलीभगत से खुलेआम हर रोज कई प्रॉपर्टी बन जाती हैं। इसके अलावा महानगरों में जंगल के नाम पर कुछ नहीं बचा और जनसंख्या वृद्धि की वजह से जंगलों का विनाश लगातार जारी है। हम इस बात से जानकर भी अंजान बने हुए हैं कि पेड़ हमारी जिंदगी के पर्यायवाची है। जैसा कि हम यह बात बचपन से पढ़ते व समझते आ रहे हैं कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जो इंसान की जिंदगी के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन हम इस बात को शायद विनाश के बाद ही समझ पाएंगे। दुष्परिणाम अब लगातार देखने को मिल रहे हैं। जंगल, तालाब, झील व अन्य सभी प्राकृतिक स्रोत प्रकृति की सबसे बड़ी देन मानी जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल एक करोड़ हेक्टेयर इलाके के वन काटे जा रहे हैं। अकेले भारत में 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैले जंगल कट रहे हैं। इस वजह से हर देश के हर राज्य का मौसम प्रभावित होने लगा है। शहरीकरण के लालच व विकास की भूख ने हमारे जीवन से हरियाली को खत्म कर दिया। यदि इस मामले को लेकर शासन-प्रशासन समय से नहीं जागा तो आने वाला समय बेहद खतरनाक व चिंताजनक हो जाएगा, चूंकि प्राकृतिक आपदा संभलने का मौका बार-बार नहीं देती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं। यही नहीं, वह वृक्ष सैकड़ों बीजों के जनक होने का गौरव भी प्राप्त करता है।

## हमारी लालसाएं और वृत्तियां नहीं बदलती



संकलित
प्रेरणा

एक पेड़ पर दो बाज रहते थे। दोनों अक्सर एक साथ शिकार की तलाश में निकलते और जो भी पाते, उसे शाम को मिल-बांट कर खाते। एक दिन दोनों शिकार के लिए निकले, तो एक को एक सांप मिला और दूसरे को एक चूहा। अपना-अपना शिकार चोंच में दबाए दोनों पेड़ पर वापस लौटे। दोनों ने अपना शिकार पकड़ा था और उन्हें बस चोंच में दबा रखा था, इसलिए साँप और चूहा- दोनों ही शिकार तब तक जीवित थे। सांप, चूहे का स्वादिष्ट भोजन पाने के लिए जीभ लपलपाने लगा और चूहा सांप के प्रयत्नों को देखकर अपने ही शिकारी बाज के डैनों में छिपने का उपक्रम करने लगा। दूसरे ने उससे पूछा, दोस्त! यह दार्शनिकों की तरह किस चिंतन में डूब गए? पहले बाज ने अपने पकड़े हुए सांप की ओर संकेत करते हुए कहा, देखते नहीं यह कैसा मूर्ख प्राणी है। जीभ की लिप्सा के आगे इसे अपनी मौत का विस्मरण हो रहा है। तब दूसरे बाज ने अपने चूहे की ओर देखते हुए कहा, यह भी तो उतना ही नासमझ है। भय इसे प्रत्यक्ष मौत से भी अधिक डरावना लगता है। पता है कि अगले ही पल मेरा निवाला बनने वाला है, तब भी साँप को देख कर मेरे डैनों में छुपने की कोशिश कर रहा है। वहीं पेड़ के नीचे एक मुसाफिर बैठा सुस्ता रहा था। उसने दोनों बाजों की बात सुनी और सोचने लगा, हम मनुष्यों की दशा भी इसी सांप और चूहे की तरह है। अंतिम क्षणों तक जीवन की आशा नहीं छूटती और न हमारी लालसाएं और वृत्तियां ही बदलती हैं।

अंतर्मन




## आज की पाती


### एथेनॉल का प्रयोग कितना जरूरी?

देश को ईंधन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वाहनों के लिए एथेनॉल का प्रयोग करना जरूरी है, लेकिन विपक्ष, कुछ राजनीतिक दल और अन्य लोग इस ईंधन का विरोध भी कर रहे हैं। ऐसे विरोधियों को इन बातों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जैसे कि अमरीका और ईरान के बीच फिर से युद्ध छिड़ गया है, इसलिए हो सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल के लिए सरकार कुछ और नियम तय कर दे या फिर से यह चीजें महंगी हो जाएं। कुछ समय पहले कनाडा यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूबेक के जैव रसायन प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक मार्क ब्यूरेगार्ड ने बताया था कि धरती पर वर्ष 2070 तक पेट्रोल-डीजल खत्म हो जाएगा। इसलिए पेट्रोल और डीजल का संरक्षण जरूरी है।

*-शरद जोशी, बिलासपुर*

ट्रेंड

### भगवान जगन्नाथ यात्रा



भगवान जगन्नाथ की पवित्र रथ यात्रा के अवसर पर, मेरी कामना है कि उनका आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। उनकी दिव्य कृपा हमारे सभी देशवासियों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करे।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### आईसीएआर



आईसीएआर ने अपने 98 वर्षों के सफर में चमत्कार कर दिखाए हैं। इसलिए, मैं उस तपस्या को नमन करता हूं जिसने भूख को परास्त किया। उस तपस्या को नमन जिसने अभाव को आत्मनिर्भरता में बदल दिया। उस तपस्या को नमन जिसने संकट को समाधान में बदल दिया।

-**शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषि मंत्री


### आधुनिक बस टर्मिनल



हमारी सरकार लगभग 130 करोड़ की लागत से हमीरपुर में राज्य का सबसे बड़ा और आधुनिक बस टर्मिनल बना रही है। मौजूदा बस टर्मिनल की जगह पर लगभग 200 करोड़ की लागत से एक आधुनिक सिटी सेंटर भी विकसित किया जाएगा।

-**सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### 3 खदानों की नीलामी



झारखंड देश की लगभग 40% खनिज संपदा वाला राज्य है, लेकिन विडंबना यह है कि पिछले साढ़े छह वर्षों में हेमंत सरकार केवल 3 खदानों की ही नीलामी कर पाई है। इसके विपरीत, इसी दौरान पूरे देश में 434 खनिज ब्लॉकों की नीलामी हुई है।

-**बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

करंट अफेयर

## ट्रंप की तस्वीर वाले स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू

अमेरिकी टकसाल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर वाले एक डॉलर के नए स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू कर दिया है। अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जारी किए जा रहे इस स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी आयोग (यूएस कमीशन ऑफ फाइन आर्ट्स) ने मंजूरी दी थी। अमेरिकी वित्त विभाग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति ट्रंप ने की थी। हालांकि, बुधवार को जारी अंतिम सिक्का पहले स्वीकृत डिजाइन से कुछ मामलों में अलग है। सबसे प्रमुख अंतर यह है कि यह शुद्ध सोने का नहीं है, बल्कि इसे सुनहरी परत (गोल्ड फिनिश) दी गई है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह सिक्का ''स्वतंत्रता की स्थायी विरासत और देशभक्ति के स्थायी प्रतीक'' के सम्मान में जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की तस्वीर वाला यह सिक्का अमेरिकी मूल्यों की मजबूती और सभी के लिए स्वतंत्रता बनाए रखने के राष्ट्र के संकल्प का प्रतीक है। रिपब्लिकन नेता ट्रंप अपने नाम और छवि को ऐतिहासिक रिकॉर्ड का हिस्सा बनाने के लिए जाने जाते हैं।



ऑफ बीट

## कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में?

फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था – कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

### भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने नई दिल्ली में 98वां स्थापना दिवस आयोजित किया

# पिछले एक वर्ष में भाकृअनुप ने 44 फसलों की 386 उन्नत किस्में विकसित कीः शिवराज

जिनमें 94 प्रतिशत जलवायु-अनुकूल और 29 जैव-सुदृढ़ीकृत (बायोफोर्टिफाइड) किस्में शामिल
अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) को भारत के कृषि परिवर्तन का अग्रदूत बताते हुए कहा कि परिषद के वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचारों ने देश में खाद्यान्न, बागवानी, दुग्ध एवं मत्स्य उत्पादन में रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में भाकृअनुप ने 44 फसलों की 386 उन्नत किस्में विकसित की हैं, जिनमें से 94 प्रतिशत जलवायु-अनुकूल हैं तथा 29 जैव-सुदृढ़ीकृत (बायोफोर्टिफाइड) किस्में हैं। 'किसान कृषि की आत्मा हैं, जबकि वैज्ञानिक उसका मस्तिष्क हैं' इस कथन पर बल देते हुए उन्होंने मांग-आधारित अनुसंधान, जलवायु-अनुकूल कृषि, दलहन एवं तिलहन में आत्मनिर्भरता, गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा, प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण तथा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) नेटवर्क के माध्यम से नवाचारों के व्यापक प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया।

भाकृअनुप ने गुरुवार को नई दिल्ली में अपना 98वां स्थापना दिवस मनाया और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए विज्ञान-आधारित, जलवायु-अनुकूल तथा किसान-केन्द्रित कृषि विकास को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रतिवर्ष 16 जुलाई को मनाया जाने वाला भाकृअनुप स्थापना दिवस वर्ष 1928 में परिषद की स्थापना की स्मृति में आयोजित किया जाता है। पिछले 98 वर्षों में भाकृअनुप ने भारत की कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देने, उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आजीविका में सुधार करने तथा देश की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी तथा कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए। नीति आयोग के सदस्य केवी राजू तथा मत्स्य पालन विभाग के सचिव नरेश पाल गंगवार भी उपस्थित थे। '365 दिनों की उपलब्धियों पर दृष्टिपात, विकसित भारत 2047 के लिए कृषि की पुनर्कल्पना' विषय के अंतर्गत भाकृअनुप की वार्षिक उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव एवं भाकृअनुप के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट ने वर्ष 2025-26 के दौरान परिषद की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा कृषि अनुसंधान, नवाचार, शिक्षा एवं विस्तार को आगे बढ़ाने के लिए परिषद की भावी रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि फसलों, बागवानी, पशुधन तथा मत्स्य क्षेत्रों में उत्पादन वृद्धि से वर्ष के दौरान लगभग 1.70 लाख करोड़ का अतिरिक्त आर्थिक मूल्य सृजित हुआ, जिसमें कृषि अनुसंधान का अनुमानित योगदान 55,000 करोड़ रुपए रहा। यह कृषि विज्ञान में निवेश पर मिलने वाले महत्वपूर्ण प्रतिफल को दर्शाता है। डॉ. जाट ने आगे बताया कि वैज्ञानिक प्रौद्योगिकियां प्रत्यक्ष रूप से लगभग एक करोड़ किसानों तक तथा मीडिया एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक किसानों तक पहुंचीं, जबकि 18 अंतरराष्ट्रीय समझौता ज्ञापनों ने भाकृअनुप के वैश्विक सहयोग को मजबूत किया। उन्होंने समृद्ध किसानों के निर्माण तथा विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए विज्ञान-आधारित, मांग-आधारित तथा सतत कृषि परिवर्तन को बढ़ावा देने की भाकृअनुप की प्रतिबद्धता दोहराई।इस अवसर पर 43 उन्नत फसल किस्मों, 17 उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों तथा 14 प्रकाशनों का विमोचन हुआ । नई प्रौद्योगिकियों में बासमती धान,लवणीय एवं क्षारीय मिट्टियों के प्रति सहनशील जलवायु-अनुकूल धान की किस्में, निर्यातोन्मुख आम उत्पादन प्रौद्योगिकी, भारत का पहला स्वदेशी अफ्रीकी स्वाइन फीवर टीका, डिजिटल स्वाइन रोग एटलस,लघु किसानों के लिए किफायती कसावा हार्वेस्टर शामिल हैं।

---

## खबर संक्षेप

### धारवाड़ में डॉक्टर की हत्या, बेटा घायल

**धारवाड़।** कर्नाटक के धारवाड़ में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 45 वर्षीय



एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर किरण होन्नन्नावर की उनके फ्लैट में चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उनका 8 वर्षीय बेटा भी गंभीर है। पुलिस ने डॉक्टर की पत्नी डॉ. प्रिया को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस इसकी हर पहलू से जांच कर रही है।

### टीएमसी की 'कोयल' का सांसद पद से इस्तीफा

**कोलकाता।** बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद से ममता बेनर्जी का साथ छोड़ने वाले नेताओं की होड़



लगी है। पहले विधानसभा में तमाम विधायकों ने अलग गुट बनाया, फिर शुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बाहर हुए। फिर 20 सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी का दामन थाम लिया। अब राज्यसभा सांसद कोयल मलिक ने पद छोड़ दिया है।

### ट्रैक्टर से टकराई स्कूटी 5 लोगों की मौत

**भिलाई।** भिलाई में हाईवे पर बड़ा हादसा हो गया। खड़े ट्रैक्टर से एक स्कूटी टकरा गई। हादसे में एक



महिला, उसकी बहन और उनके 2 बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा रायपुर से सटे कुम्हारी पुलिस थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस ने बताया कि परिवार के 5 लोग स्कूटर से रायपुर अपने मामा के घर जा रहे थे।

### मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा में हंगामा, तोड़फोड़

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में कांवड़ियों ने बीच बाज़ार भारी उत्पात मचाया है। एक



गाड़ी पर कांवड़ियों का जत्था टूट पड़ा। गाड़ी टच हो जाने से कांवड़िए भड़क गए और उन्होंने बीच सड़क पर ही गाड़ी को बुरी तरह से तोड़ दिया, शीशे तोड़ डाले, गाड़ी पर लाठी डंडों से वार कर दिया।इससे पहले भी ऐसी घटनाएं देखने को मिली हैं।

### डिलीवरी बॉयज ने ट्रैफिक रूल्स तोड़े तो सजा देंगे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में डिलीवरी बॉयज के लिए पुलिस ने नया नियम बनाया है। डिलीवरी एप्स के



लिए काम करने वाले वालों को अब ट्रैफिक रूल्स तोड़ने पर फाइन नहीं देना होगा। इसके बदले में इन्हें 4 घंटे का लेक्चर सुनना पड़ेगा, जिसमें इन्हें ट्रैफिक रूल्स से जुड़ीं बातों के बारे में बताया जाएगा। पुलिस का मानना है नियम तोड़ने की संभावना खत्म हो जाएगी।

---

### संसद सत्र की आहट के साथ शह और मात का खेल शुरू

# एनसीपी की सुप्रिया ने परिसीमन विधेयक पर अलग लाइन ली तो विपक्षी खेमे में बढ़ी बेचैनी

**खड़गे की पाती पीएम मोदी के नाम**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई होते हुए अभी ये खबर दिल्ली पहुंची थी कि शरद पवार की पार्टी भाजपा के साथ जा सकती है। इस संबंध में एक बैठक बुधवार आधी रात को शरद पवार के घर सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ हुई। दूसरे ही दिन गुरुवार को शरद पवार की बेटी सांसद सुप्रिया सुले के परिसीमन विधेयक पर केंद्र की भाजपानीत सरकार का साथ देने की बात कही। उन्होंने फॉर्मूला दिया कि अगर देश भर में जनगणना के आधार पर लोकसभा में सीटें बढ़ाए जाने के बजाए एकमुश्त 50 फीसदी सीट समान रूप से बढ़ाने का लिखित आश्वासन अगर केंद्र सरकार देती है तो एनसीपी समर्थन को विचार करेगी। ज़ाहिर तौर पर ये एनसीपी की अपनी लाइन है।

सुप्रिया सुले के अलग लाइन लेने का सियासी गुणा भाग कांग्रेस पार्टी भी समझ रही है। लिहाजा, डैमेज कंट्रोल शुरू हुआ। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रस्तावित परिसीमन से जुड़े संशोधित संवैधानिक संशोधन विधेयक पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि सरकार को संसद में विधेयक पेश करने से पहले सभी राजनीतिक दलों को विस्तृत चर्चा और अध्ययन का पर्याप्त अवसर देना चाहिए। खड़गे ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि उन्होंने मार्च और अप्रैल 2026 के दौरान संसदीय कार्य मंत्री को कई बार पत्र लिखकर परिसीमन संबंधी प्रस्तावों पर सर्वदलीय बैठक बुलाने का अनुरोध किया था, लेकिन सरकार ने इन आग्रहों को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि इसके बाद संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 लोकसभा में 17 अप्रैल को आवश्यक दो-तिहाई बहुमत प्राप्त नहीं कर सका और स्पष्ट अंतर से पारित नहीं हो पाया। पत्र में खड़गे ने कहा कि मीडिया रिपोर्टों से जानकारी मिली है कि केंद्र सरकार अब आगामी मानसून सत्र में इसी विषय पर संशोधित 131वें संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश करने की तैयारी कर रही है। ऐसे में लोकतांत्रिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए सरकार को पहले सभी राजनीतिक दलों के साथ व्यापक विमर्श करना चाहिए, ताकि विधेयक के सभी पहलुओं का गंभीरता से अध्ययन किया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि संसद में विधेयक पेश करने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाकर परिसीमन के प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा कराई जाए। उनका कहना है कि इतने महत्वपूर्ण संवैधानिक विषय पर सभी दलों की सहमति और भागीदारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करेगी।गौरतलब है कि कांग्रेस पिछले कई महीनों से परिसीमन और उससे जुड़े संवैधानिक संशोधनों पर व्यापक राजनीतिक सहमति बनाने की मांग करती रही है। पार्टी का कहना है कि इस विषय पर जल्दबाजी के बजाय सभी हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। वहीं सरकार की ओर से अभी तक खड़गे के इस ताजा पत्र पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## सुले के बाद राउत ने भी दिए सरकार को समर्थन के संकेत-हम विचार करेंगे

एजेंसी ▶▶ नागपुर

संसद का मानसून सत्र कुछ ही दिनों में शुरू होने वाला है और ऐसे में परिसीमन विधेयक पर चर्चा जोरों पर है। इस बीच शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दल प्रस्तावित परिसीमन विधेयक का विरोध करेंगे लेकिन अगर सरकार उनके सुझाए गए संशोधनों को शामिल करती है तो वे साथ बैठकर इस पर विचार करेंगे। वे अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी के विरोध में शिवसेना (यूबीटी) के राम रक्षा आंदोलन से पहले नागपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। खास बात यह है कि एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को कहा कि अगर परिसीमन बिल सभी राज्यों में सीटों में एक समान 50 प्रतिशत बढ़ोतरी पर आधारित है तो इसके विरोध का कोई खास कारण नहीं होगा।

### शरद के बयान पर बढ़ी सियासी हलचल

संसद के मानसून सत्र में लोकसभा परिसीमन बिल को समर्थन देने के संकेत देकर शरद पवार ने विपक्ष में हलचल



मचा दी है। सुले ने शर्त जोड़ी है कि बिल देखेंगे और फैसला लेंगे। इस सब के बीच महाराष्ट्र में राजनीति में गरमा गई है। संभावना जताई जा रही है कि कांग्रेस के 13 सांसदों के अलावा बाकी सभी का 35 सांसदों का सपोर्ट मोदी सरकार को मिल सकता है। महाराष्ट्र से कुल 48 लोकसभा सांसद हैं क्योंकि शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के इस मुद्दे पर नरम होने के बाद उद्धव ठाकरे की पार्टी नतमस्तक होती दिख रही है।

### भड़के खरगे, पीएम मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार फिर से महिला आरक्षण और लोकसभा की सीटों को बढ़ाने वाले परिसीमन



बिल को पेश कर सकती है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संशोधित 131वें संविधान संशोधन विधेयक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। खरगे ने अपने पत्र में लिखा, मैं माननीय संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखकर यह अनुरोध करता रहा कि केंद्र सरकार परिसीमन आदि के संबंध में अपने प्रस्तावों पर चर्चा करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए। हमारे इन अनुरोधों को स्वीकार नहीं किया गया।

---

### उड़ान योजना के अगले चरण से 120 नए गंतव्यों को मिलेगी हवाई सेवा

# 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों को मिलेगा लाभः राममोहन नायडू

**अगले चरण का उद्देश्य देश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को और मजबूत बनाना है**

**सरकार ने इसे प्रभावी बनाने कई बदलाव किए**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने कहा है कि उड़ान योजना के अगले चरण का उद्देश्य देश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को और मजबूत बनाना है। इसके तहत अगले 10 वर्षों में 120 नए गंतव्यों को हवाई नेटवर्क से जोड़ने और चार करोड़ यात्रियों को हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

उड़ान योजना के अगले चरण पर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार ने योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसमें कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। संशोधित योजना के तहत वायबिलिटी गैप फंडिंग के दायरे का विस्तार किया गया है, जिससे अधिक एयरलाइनों और नए मार्गों को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि पहले एयरलाइनों को इस योजना के तहत तीन वर्षों तक सहायता दी जाती थी, जिसे अब बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया है। इसके अलावा चयनित टियर-2 और टियर-3 शहरों के हवाई अड्डों के लिए संचालन एवं रखरखाव (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) सहायता का भी प्रावधान किया गया है। राम मोहन नायडू ने कहा कि सरकार ने उड़ान योजना के अगले चरण के लिए 29 हजार करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। इस राशि से अगले दशक में 100 नए हवाई अड्डों और 200 हेलीपोर्ट विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे देश के दूरदराज और कम विकसित क्षेत्रों को भी हवाई सेवाओं से जोड़ा जा सके।

उन्होंने कहा कि उड़ान योजना का नया चरण आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती देगा। इससे स्वदेशी विमान निर्माण को बढ़ावा मिलेगा, मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल क्षेत्र का विस्तार होगा, बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि उड़ान योजना का नया चरण भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और छोटे शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों को देश के प्रमुख आर्थिक और व्यावसायिक केंद्रों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

---

# नई भाषा जोड़ने से छात्रों पर पढ़ाई का अतिरिक्त दबाव पड़ेगा, छात्रों पर बढ़ेगा अनावश्यक तनाव

### नौवीं कक्षा में तीसरी भाषा पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**सर्वोच्च अदालत ने इस विषय पर जताई चिंता**

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई के तहत कक्षा 9 में तीसरी भाषा शुरू करने पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि नौवीं में नई भाषा जोड़ने से छात्रों पर पढ़ाई का अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। उनका तनाव बढ़ सकता है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि तीसरी भाषा की पढ़ाई कक्षा 5 या 6 से शुरू की जानी चाहिए, ताकि बच्चे इसे आसानी से सीख सकें। जस्टिस बीवी नागरत्ना और आर. महादेवन की बेंच ने केंद्र से मौखिक रूप से कहा कि वे 9वीं क्लास में तीसरी भाषा शुरू न करें। केंद्र की ओर से पेश वकील से कहा, भारत सरकार, कृपया 9वीं क्लास के लेवल पर तीसरी भाषा न लाए।



**तमिलनाडु सरकार की याचिका पर यह टिप्पणी की**

ये टिप्पणियां तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की गईं, जिसमें मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें राज्य के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने की सुविधा देने को कहा गया था। तमिलनाडु सरकार लगातार जेएनवी खोलने का विरोध करती रही है, क्योंकि उसे इन स्कूलों में अपनाई जाने वाली 'तीन-भाषा नीति' वाले करिकुलम को लेकर चिंता है। पीठ सीधे तौर पर सीबीएसई की नई नीति के मुद्दे पर विचार नहीं कर रही थी।

**6वीं से शुरू की जाए त्रिभाषा**

बेंच ने बोर्ड की थ्री लैंग्वेज पॉलिसी को लेकर चिंता जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि इससे बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों पर बिना वजह का स्ट्रेस पड़ेगा। तीसरी भाषा को 9वीं से नहीं बल्कि 6वीं से अनिवार्य करना चाहिए, 9वीं में शुरू नहीं कर सकते, क्योंकि 9वीं कक्षा काफी तनावपूर्ण होती है।

---

### नीट यूजी 2026 का रिजल्ट घोषित, टॉप स्कोरर्स में 93% फ्रेशर्स शामिल

# 11.21 लाख उम्मीदवार हुए पास, पंजाब के आर्यन और हरियाणा के पांशुल ने किया टॉप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2026 के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस साल परीक्षा में शामिल हुए करीब 20 लाख परीक्षार्थियों में से 11.21 लाख उम्मीदवारों ने मेडिकल, डेंटल और आयुष जैसे कोर्सेज में दाखिले के लिए क्वालिफाई किया है। छात्र अपना स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। नतीजों में पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पांशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक हासिल कर ऑल इंडिया टॉप किया है। इस बार भी छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा, जहां क्वालिफाई करने वालों में 58% से अधिक छात्राएं शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक, टॉप रैंकर्स में 99% छात्रों की उम्र 17 से 19 साल के बीच है और इनमें से 93% से ज्यादा उम्मीदवारों ने पहले ही प्रयास में यह सफलता हासिल की है।

### 13 भाषाओं ,551 शहरों में हुई थी परीक्षा, महिलाएं ज्यादा सफल रहीं

ये परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ऑफलाइन (पेन-एंड-पेपर) मोड में आयोजित की गई थी। यह परीक्षा देश और विदेश के 551 शहरों में बनाए गए 5,440 केंद्रों पर संपन्न हुई। कुल 13 भाषाओं में आयोजित इस परीक्षा में देश के सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ विदेशी छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। इस वर्ष भी महिला उम्मीदवारों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। सफल उम्मीदवारों में 58 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। 56.8 प्रतिशत महिला उम्मीदवारों ने सफलता हासिल की, जबकि पुरुषों का सफलता प्रतिशत 55.1 प्रतिशत रहा।

---

### इस योजना के तहत लाभार्थियों को प्रोत्साहनों का एक व्यापक पैकेज प्रदान किया जाएगा

# एनसीआर में पुराने ट्रकों-बसों को बदलने के लिए 'परिवर्तन' योजना के दिशा-निर्देशों को मंज़ूरी मिली

परिवर्तन योजना दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए सहायक होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने 'परिवर्तन (परिवहन से होने वाले वायु प्रदूषण और नेटवर्क उत्सर्जन में कमी लाने के लिए वाहन परिसंपत्तियों का त्वरित नवीनीकरण एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम) योजना' के दिशा-निर्देशों को मंजूरी दे दी है जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में चल रहे पुराने और अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले ट्रकों एवं बसों को स्वच्छ भारत स्टेज (बीएस)-VI मानक वाले अथवा इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है।

योजना को 9,585 करोड़ रुपए के कुल खर्च के साथ केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 3 जून, 2026 को मंजूरी दी थी। इसमें 5,041 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। अब इस योजना के विस्तृत परिचालन संबंधी दिशा-निर्देशों को केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री ने भी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

इस योजना के तहत लाभार्थियों को प्रोत्साहनों का एक व्यापक पैकेज प्रदान किया जाएगा। इसमें मोटर वाहन कर में रियायत, पंजीकरण शुल्क में छूट, वाहन ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी, पात्र नए वाहनों पर ओईएम द्वारा न्यूनतम 8 प्रतिशत की छूट, डीज़ल और सीएनजी से बदलने वाले पात्र वाहनों के लिए हर महीने ईंधन वाउचर सहायता, तथा इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने पर एक बार की आर्थिक सहायता और सर्टिफ़िकेट ऑफ़ डिपॉज़िट (सीओडी) ट्रेडिंग की सुविधा शामिल है।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली की सरकारों ने योजना के तहत खरीदे जाने वाले नए वाहनों पर दस वर्षों के लिए मोटर वाहन कर में रियायत तथा पंजीकरण शुल्क में पूर्ण छूट प्रदान करने संबंधी अधिसूचनाएं जारी कर दी हैं।

दिशा-निर्देशों के साथ अब यह योजना क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह तैयार है। योजना का कार्यान्वयन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) द्वारा किया जाएगा तथा इसके लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह व्यवस्था दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए सरकार के समन्वित और क्षेत्रव्यापी दृष्टिकोण को दर्शाती है। 'परिवर्तन योजना' दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने, स्वच्छ परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने तथा नागरिकों के लिए अधिक स्वस्थ जीवन-पर्यावरण सुनिश्चित करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घकालिक कल्पना को आगे बढ़ाती है। दिल्ली से होकर गुजरने वाले प्रदूषण फैलाने वाले भारी वाहनों की आवाजाही को कम करने के लिए पहले किए गए प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए यह योजना स्वच्छ वायु और अधिक स्वस्थ एवं टिकाऊ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्योग जगत की भागीदारी के तहत, 11 मूल उपकरण निर्माता (ओईएम), जिनकी वाणिज्यिक वाहन बाजार में संयुक्त हिस्सेदारी 95 प्रतिशत से अधिक है, ने एमओआरटीएच के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत ये कंपनियां योजना के पात्र लाभार्थियों को निर्धारित ओईएम छूट प्रदान करेंगी। इस योजना का क्रियान्वयन एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा, जिसे वाहन, वी-स्क्रैप, डिजीईएलवी, लोक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस), भागीदार वित्तीय संस्थानों तथा ईंधन वाउचर प्रणाली से जोड़ा जाएगा। इससे लाभार्थियों को योजना के सभी लाभ पारदर्शी, दक्ष और पूरी तरह डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

# हरेला पर्व पर श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय का शुभारंभ



**हरिद्वार।** हरेला पर्व के पावन अवसर पर देश के एकमात्र हर्बल वर्ल्ड श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री वृहद् पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वृहद पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय आयुर्वेद के जनक और आरोग्य के शाश्वत प्रतीक भगवान धन्वंतरि के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि यह इकाई हर्बल जगत में दुनिया का पहला जीवंत उद्यान होगी जहां विविध भौगोलिक क्षेत्रों से पौधे एकत्रित किए जाएंगे। स्वामी जी ने कहा कि हर्बल वर्ल्ड हिमालय केवल वनस्पतियों का केंद्र नहीं है। यह वैश्विक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चेतना का एक आंदोलन है। आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि इस धाम में 9 चिकित्सा पद्धतियाँ और विश्व की लगभग 964 चिकित्सा विद्याएँ को समाहित किया गया है। मुख्य अतिथि धामी ने कहा कि हम यहां एक उद्यान अथवा एक संस्थान की चर्चा करने के लिए नहीं, बल्कि स्वामी रामदेव तथा आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के उस महान संकल्प, विराट दृष्टि और सभ्यतागत चेतना के साक्षी बनने के लिए उपस्थित हैं, जो भारत की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान परंपरा को भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

## शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** भू-राजनीतिक तनाव के बीच बृहस्पतिवार को एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में मुनाफावसूली का जोर रहने से स्थानीय शेयर बाजार अपनी तेजी को बरकरार नहीं रख पाया और स्थिर स्तर पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और एशियाई बाजारों में कमजोरी का भी घरेलू शेयर बाजार पर असर पड़ा। आईटी शेयरों में खरीदारी ने बाजार को एक हद तक समर्थन दिया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1.44 अंक की मामूली बढ़त के साथ 77,186.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.26 अंक चढ़कर 77,579.69 अंक तक चला गया था, लेकिन सत्र के अंत में इसने अपनी पूरी बढ़त गंवा दी। वहीं निफ्टी 5.75 अंक की गिरावट के साथ 24,072.75 अंक पर बंद हुआ।

## सोने का भाव लगातार दूसरे दिन स्थिर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें लगातार दूसरे दिन 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं, जबकि वैश्विक बाजार में सुस्ती के कारण चांदी में 1,500 रुपये की गिरावट आई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। हालांकि, चांदी लगातार चौथे दिन दबाव में रही और 1,500 रुपये टूटकर 2,24,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) के स्तर पर आ गई, जो दो सप्ताह से ज़्यादा का निचला स्तर है। बुधवार को यह 2,26,000 प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी का भाव आखिरी बार 29 जून को इस स्तर के आसपास था, जब यह 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। पिछले चार दिन में इसमें 12,500 रुपये या 5.3% की गिरावट आई है।

## वित्तीय समावेशन सूचकांक में आया सुधार : आरबीआई

**मुंबई (एजेंसी)।** देश में वित्तीय समावेशन की स्थिति दर्शाने वाला सूचकांक (एफआई-इंडेक्स) वित्त वर्ष 2025-26 में 4.48 प्रतिशत बढ़कर 70 पर पहुंच गया, जो उसके एक साल पहले 67 के स्तर पर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि मार्च, 2026 में समाप्त होने वाले वर्ष



के लिए सूचकांक का संकलन किया जा चुका है और इसमें सभी उप-सूचकांकों में वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि इस वर्ष वित्तीय समावेशन सूचकांक में सुधार मुख्य रूप से उपयोग में बढ़ोतरी के कारण हुआ है, जो वित्तीय समावेशन की गहराई को दर्शाता है। आरबीआई ने सरकार एवं संबंधित पक्षों के साथ परामर्श के बाद इस समग्र वित्तीय समावेशन सूचकांक का निर्माण किया है। इसे पहली बार अगस्त, 2021 में मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए जारी किया गया था। यह सूचकांक बैंकिंग, निवेश, बीमा, डाक तथा पेंशन क्षेत्र से संबंधित पहलुओं को शामिल करता है और वित्तीय समावेशन के विभिन्न आयामों को एक ही मान में प्रस्तुत करता है। इस सूचकांक का मान शून्य से 100 के बीच होता है, जिसमें 'शून्य' मान पूर्ण वित्तीय बहिष्करण जबकि '100' मान पूर्ण वित्तीय समावेशन को दर्शाता है।

## सरकार ने नए सीएएफई मानदंडों का मसौदा किया जारी, हितधारकों से सुझाव मांगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता (सीएएफई) विनियमों के तीसरे चरण के तहत यात्री वाहनों के लिए अधिक कड़े ईंधन दक्षता मानदंड प्रस्तावित किए हैं। इनमें कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के अधिक सख्त लक्ष्य, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के लिए प्रोत्साहन और बाजार-आधारित अनुपालन व्यवस्था शामिल है। केंद्रीय बिजली मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को नए सीएएफई मानदंड का मसौदा हितधारकों के परामर्श के लिए जारी किया। नए मानदंडों को एक अप्रैल, 2027 से पांच साल के लिए लागू करने का प्रस्ताव है। वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में चरणबद्ध तरीके से कमी लाने के उद्देश्य से तैयार किए गए ये नए मानदंड मौजूदा सीएएफई (द्वितीय) मानदंड का स्थान लेंगे।

**आकलन दो चरणों में किया जाएगा:** मौजूदा सीएएफई मानदंड की अवधि 31 मार्च, 2027 तक है। मानदंड के अनुपालन का आकलन दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण तीन वर्ष का होगा जिसके बाद दो साल का दूसरा चरण होगा। प्रस्तावित नियम 2027-28 से 2031-32 की अवधि के दौरान भारत में बिक्री के लिए विनिर्मित या आयातित एम-1 श्रेणी के उन यात्री वाहनों पर लागू होंगे, जिनमें चालक के अतिरिक्त आठ से अधिक सीट नहीं होंगी।

**उपयोग न करने पर क्रेडिट स्वतः समाप्त होगा :** प्रस्ताव में प्रत्येक अनुपालन क्रेडिट के लिए शुरुआती 'बायआउट' (किसी के एवज में कुछ खरीदना) मूल्य 2,500 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसे हर वर्ष 500 रुपये बढ़ाया जाएगा। अनुपालन अवधि समाप्त होने तक उपयोग नहीं किए गए क्रेडिट स्वतः समाप्त हो जाएंगे।

## पेज एक का शेष

### आस्था का अटूट ...

पड़ी। लेकिन इस दुखद घड़ी में भी, महाप्रभु जगन्नाथ के प्रति भक्तों का विश्वास डगमगाया नहीं है। रथयात्रा के दौरान भगदड़ जैसे हालत हो गए। जिसमें कई लोग घायल हो गए। हालांकि, प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह हादसा किसी भगदड़ की वजह से नहीं, बल्कि अत्यधिक भीड़ के कारण दम घुटने और अचानक तबीयत बिगड़ने से हुआ है। कई अन्य श्रद्धालु बेहोश और घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्रशासन ने आधिकारिक तौर पर भगदड़ की खबरों का खंडन किया है। उनके अनुसार, यह अत्यधिक भीड़ के कारण दम घुटने की घटना है। सुरक्षा बलों और मेडिकल टीमों को अलर्ट पर रखा गया है। ग्रैंड रोड और मंदिर के आस-पास की स्थिति अब नियंत्रण में है।

### संघर्षों के दौर में बातचीत ...

और थाईलैंड के एनएसए और प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने भाग लिया। बीते बुधवार को एनएसए डोभाल ने समूह देशों के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की थी।

### समूह ने दोहराए ...

को भी समर्थन प्रदान किया गया है। जिससे समुद्री गतिविधियों में पूर्वानुमान लगाने की क्षमता बढ़ाने तथा सुरक्षा को प्रोत्साहित करने में सहायता मिलने की उम्मीद है।

**इस क्षेत्र को पुल के रूप में जोड़ता समूह** : ये समूह दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया के मध्य एक महत्वपूर्ण पुल है। जो आईओआर के दो सबसे सक्रिय और अहम क्षेत्रों को आपस में जोड़ता है। समूह ने क्षेत्रीय सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, परिवहन-व्यापार संपर्क, प्रौद्योगिकी और जनता के बीच संपर्क जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाया है।

### 26 हजार 700 करोड़ की ...

की आधारशिला रखेंगे और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री पीजीआईएमईआर में अत्याधुनिक एडवांस्ड मदर एंड चाइल्ड सेंटर तथा एडवांस्ड न्यूरोसाइंसेज सेंटर का भी उद्घाटन करेंगे। दोपहर बाद प्रधानमंत्री पंजाब के जालंधर पहुंचेंगे, जहां वे 5,470 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में कनेक्टिविटी को मजबूत करना, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और आर्थिक गतिविधियों को गति देना है। प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित 75 रेलवे स्टेशनों, जिनमें जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन भी शामिल है, का उद्घाटन करेंगे।

### 2027 की पंजाब ...

और नए टर्मिनलों का निर्माण शामिल है। राज्य के जानकारों का कहना है, किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, गरीब परिवारों को आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ मिला है। इन उपलब्धियों का विस्तृत विवरण पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा ताकि चुनाव प्रचार के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाया जा सके।

**अकाली दल से गठबंधन की संभावना कम:** पंजाब में भाजपा और अकाली दल में गठबंधन रहा है। लंबे समय से दोनों दलों के रास्ते अलग हैं। फिलहाल शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन की संभावना नहीं दिख रही है। ऐसे में पार्टी विकास, अर्थव्यवस्था और सुशासन के मुद्दों को प्रमुखता देकर अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के भाजपा में आने के बाद भी भाजपा को वो रफ्तार नहीं मिली। नवजोत सिंह सिद्धू का कांग्रेस से मोहभंग होने के बाद माना जा रहा है चुनाव के समय उनकी भाजपा में वापसी होगी। चुनावी बिसात की किरदारों पर काम चल रहा है।

**विकास के साथ राष्ट्रवाद और धार्मिक मुद्दों पर भी फोकस :** भाजपा विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा, अवैध घुसपैठ और धर्मांतरण जैसे मुद्दों को भी चुनावी अभियान में प्रमुखता से उठाने की तैयारी कर रही है। पार्टी का कहना है कि सीमावर्ती राज्य होने के कारण पंजाब आतंकवाद, नशे की तस्करी और अवैध गतिविधियों जैसी चुनौतियों का सामना करता रहा है। इसके साथ ही भाजपा यह भी रेखांकित कर रही है कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से वर्ष 2019 में करतारपुर साहिब कॉरिडोर शुरू हुआ था, जिससे भारतीय सिख श्रद्धालुओं को बिना वीजा पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब के दर्शन की सुविधा मिली। हालांकि मई 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण यह कॉरिडोर फिलहाल बंद है।

### भाजपा, ईडी के...

कि अगर वह 1997 में नया रास्ता बना सकती थीं, तो 2026 में भी ऐसा कर सकती हैं। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि वह सभी को बताना चाहती हैं कि उस सांसद ने पहले ही ईमेल के जरिये इसकी जानकारी दे दी थी। उन्होंने कहा कि वह उनका धन्यवाद करती हैं कि आज वह खुद जाकर मिलीं। ममता बनर्जी ने कहा कि जो लोग भाजपा, पुलिस या अदालत के मामलों, ईडी, सीबीआई और सीआईडी मामलों के दबाव में जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई से पहले लोग अपने फैसले के अनुसार कहीं भी जा सकते हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी अपनी क्षमता के अनुसार शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा में प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि कई जगहों पर पुलिस उन्हें जाने से रोक रही है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि वह निष्पक्ष रहने का प्रयास करे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश को किसी बड़े संकट का सामना न करना पड़े। उन्होंने दावा किया कि आम लोग, अर्थशास्त्री और समाज से जुड़े लोग भी देश की स्थिति को लेकर चिंता जता रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि जब उन्होंने 26 दिनों तक अनशन किया था, तब सरकार की ओर से कोई उनसे बात करने नहीं आया था। उस समय केवल राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी उनसे मिलने आए थे।

### मुख्यमंत्री सैनी ने लिया ...

उपरांत मुख्यमंत्री ने जींद रेलवे स्टेशन पहुंचकर हाईड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को प्रबंधों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यहां उन्होंने आमजन व वीआईपी एंट्री, एग्जीक्यूटिव लॉन्ज, कैफेटेरिया तथा रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया और यात्रियों के लिए सुविधाओं का जायजा लिया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने एकलव्य स्टेडियम के सामने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण मैदान में आयोजित होने वाली 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' रैली की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आमजन के बैठने, पार्किंग व्यवस्था, पब्लिक के लिए तैयार की जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रैली में आने वाले लोगों को पीने के पानी की कोई समस्या न आने पाए।

### गृह मंत्री पर लगाए ' ...

(उद्धव बालासाहेब ठाकरे) में हुई टूट का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संविधान की भावना के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल में बने नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया का इस्तेमाल दल-बदल करने वाले सांसदों के लिए ₹पार्किंग स्पेस₹ की तरह किया जा रहा है।

**सुप्रिया सुले के समर्थन की खबरों को बताया अफवाह :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) द्वारा परिसीमन विधेयक का समर्थन किए जाने की खबरों पर जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले पहले ही इन खबरों का विस्तार से खंडन कर चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी खबरें सरकार की ओर से भ्रम फैलाने के उद्देश्य से प्रचारित की जा रही हैं।

**मानसून सत्र में उठाए जाएंगे कई बड़े मुद्दे**
कांग्रेस ने कहा कि मानसून सत्र में वह कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाएगी। इनमें प्रमुख हैं
राम मंदिर चंदा घोटाला का कथित मामला, जिसे कांग्रेस ने ₹चंदा चोरी, आस्था धोखा₹ नाम दिया है।
देश की शिक्षा और परीक्षा प्रणाली की बदहाल स्थिति। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग।
कथित ई-20 घोटाला, जिसमें कांग्रेस ने कुछ वरिष्ठ भाजपा नेताओं और उनके परिजनों की संलिप्तता का आरोप लगाया।
चीन, अमेरिका और पश्चिम एशिया से जुड़े विदेश नीति के मुद्दे तथा पाकिस्तान को अमेरिकी समर्थन मिलने के बाद उत्पन्न नई परिस्थितियों पर चर्चा की मांग।
जयराम रमेश ने बताया कि राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया 'छात्रों की गूंज' अभियान जारी रहेगा और इसका अगला कार्यक्रम आज, शुक्रवार को देहरादून में आयोजित होगा।
सरकार के कई प्रस्तावित विधेयकों का विरोध: कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि मानसून सत्र में सरकार जिन प्रमुख विधेयकों को ला सकती है, उनमें से किसी का भी समर्थन करने का फिलहाल कोई सवाल नहीं है। पार्टी ने संकेत दिया कि वह एफसीआरए संशोधन विधेयक, संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में संशोधन तथा एक राष्ट्र-एक चुनाव से जुड़े विधेयकों का विरोध करेगी। हालांकि, महिलाओं के आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस ने कहा कि यदि सरकार मौजूदा लोकसभा की कुल सीटों के भीतर ही एक-तिहाई महिला आरक्षण लागू करने का विधेयक लाती है, तो पार्टी उसका समर्थन करेगी।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### उनसे सीधी बातचीत....

**उत्तर:** उप चुनाव आ गया। पार्टी को उम्मीदवार चाहिए था। मैं विगत 12-13 वर्षों से सेवढ़ा क्षेत्र में काम कर रहा था। इसलिए, दतिया में मैं चुनाव लड़ने का इच्छुक नहीं था, लेकिन पार्टी के नेताओं ने आग्रह किया आप चुनाव लड़े। पार्टी के आग्रह पर दतिया विधानसभा उप चुनाव में उम्मीदवार के तौर पर हूं।

- **प्रश्न: जिनकी चुनाव लड़ने की इच्छा थी उनको छोड़कर पार्टी ने जिनकी इच्छा नहीं थी, उनको चुन लिया ऐसा क्यों?**

**उत्तर:** पार्टी ने देखा कि सबसे ताकतवर उम्मीदवार मैं ही हूं। पार्टी ने जनता और कार्यकर्ताओं में सर्वे कराया। सबने कहा इनको आप टिकट दीजिए। सबसे ताकतवर मैं ही था इसलिए पार्टी ने मुझे चुना। हालांकि , नरोत्तम मिश्रा होते तो वास्तव में टफ फाइट होती, चुनौतीपूर्ण फाइट होती, अच्छा मुकाबला होता, मजा भी आता। वो ताकतवर थे, अब वे मैदान में नहीं है तो मेरी लिए ये चुनाव जीतना आसान है।

- **प्रश्न: भाजपा ने नरोत्तम मिश्रा को प्रत्याशी क्यों नहीं बनाया?**

**उत्तर:** ये भाजपा का आंतरिक मामला है। लेकिन, भाजपा ने अच्छे-अच्छे लोगों को साइडलाइन कर दिया। भाजपा तो ऐसे निर्णय लेती है जो सामान्य राजनीतिक धारा के विपरीत होता है। नरोत्तम मिश्रा मध्यप्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता हैं। वे चुनाव मैनेजमेंट में माहिर हैं। चुनाव मैनेजमेंट से मेरा मतलब है बूथ लेवल तक उनके पास कार्यकर्ता हैं और कार्यकर्ताओं की मीटिंगें बुलाना उनको प्रेरित करना ये सब काम वो करते रहते हैं। किसी कारण टिकट न मिलने से उनके कार्यकर्ताओं में जबरदस्त नाराजगी थी जो सामने आई ये दिखाता है कि उनका मैनेजमेंट अच्छा है।

- **प्रश्न: क्या आपने नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात की? क्या उनसे समर्थन का आग्रह किया?**

**उत्तर:** मेरी अभी तक नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात नहीं हुई है। कुछ राजनैतिक मर्यादाएं होती हैं। कुल लोग मर्यादाओं का पालन करते हैं, कुछ लोग नहीं करते। आशुतोष तिवारी का अवधेश नायक से मिलना ये उनका अपना तरीका है। लेकिन नरोत्तम मिश्रा के कई लोग संपर्क में हैं और कई लोगों ने आश्वासन दिया है कि वे कांग्रेस का समर्थन करेंगे।

- **प्रश्न: राजेंद्र भारती की पत्नी, बेटे और अवधेश नायक को टिकट नहीं मिलने से वे कितने नाखुश हैं?**

**उत्तर:** राजेंद्र भारती स्वयं मैदान से हट गए थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिलकर पहले ही कह दिया था कि मेरे परिवार में इस समय स्वास्थ्य की समस्याएं हैं और हम लोग तमाम चीजों में उलझे हुए हैं, तैयार नहीं हैं लिहाजा मेरे परिवार में से कोई चुनाव नहीं लड़ेगा। इसलिए वो तो पहले ही पीछे हट गए थे। अवधेश नायक जरूर दावेदारी पेश कर रहे थे। 2023 के चुनाव में उनका टिकट घोषित होने के बाद कट गया था इसलिए उनको पूरी उम्मीद थी कि अबकी बार उन्हें टिकट दिया जाएगा। लेकिन ये पार्टी का निर्णय है लेकिन वे पार्टी के साथ हैं और पार्टी उनके साथ है।

- **प्रश्न: आपको अवधेश नायक से क्या उम्मीद है?**

**उत्तर:** मुझे उम्मीद है वो मेरे समर्थन में प्रचार करेंगे। हालांकि, अभी उन्होंने शुरूआत नहीं की है। निश्चित ही जब किसी को चोट लगती है, कोई आहत होता है तो कुछ दिन परिवार में चर्चा होती है। उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे भारतीय जनता पार्टी में नहीं जा रहे हैं।

- **प्रश्न: आप दतिया से सेवढ़ा क्यों गए थे?**

**उत्तर:** मैं सेवढ़ा से विधायक रहा हूं। मेरा सेवढ़ा और दतिया दोनों जगह निवास है। मैं प्रतिदिन दतिया जाता रहा हूं लोगों से मिलता रहा हूं। लोगों से मेरा संपर्क टूटा नहीं है। राजेंद्र भारती पहले दूसरे दल में थे बाद में उन्हें कांग्रेस में लाया गया था। वे दतिया के कद्दावर नेता हैं। दतिया में केवल एक विधानसभा सीट थी दतिया लेकिन परिसीमन के बाद सेवढ़ा सामान्य सीट हो गई थी तो मेरे पास विकल्प उपलब्ध था, भारतीजी के पास विकल्प नहीं था। पार्टी को मजबूत करने के लिए, पार्टी में एकता के लिए, समन्वय के लिए मैं सेवढ़ा गया था।

- **प्रश्न: ढाई साल में कांग्रेस के विधायक ने ऐसा क्या किया जिससे जनता को और आपको उम्मीद बंधे?**

**उत्तर:** दतिया मेडिकल कॉलेज का उदाहरण दूं तो इसे स्वीकृत कराने में भाजपा या नरोत्तम मिश्रा का कोई हाथ नहीं था। हमारे नेता डॉ. मनमोहन सिंह जब पीएम थे तब आखिरी साल में 2013 में पूरे भारत में 50 मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हुए थे। केंद्र सरकार के द्वारा 100 प्रतिशत उसकी लागत दी गई थी। एक साल में अग्रिम 189 करोड़ रुपए केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को ट्रांसफर कर दिए थे। दतिया से बहुत पहले कांग्रेस ने तो डबरा तहसील मुख्यालय में सड़कें बनवाईं। दतिया से छोटे या बराबर वाले जिलों पन्ना, छतरपुर तक में सड़कें बनवाईं।

- **प्रश्न: आप यहां के पुराने राजा हैं क्या आप जनता से इस आधार पर वोट मांगेंगे?**

**उत्तर:** सामंतवादी मानसिकता के दामोदर यादव और आशुतोष तिवारी हैं। मैं बिलकुल सामंतवादी मानसिकता का नहीं हूं। मैं धरातल स्थल पर हूं। मैं पैदल जाता हूं, जनता के बीच जाता हूं। गांव में घूमता हूं सबके साथ बैठता हूं। ये दो लोग नहीं बैठते, ये सामंतवादी मानसिकता के हैं। तो इसलिए मैं राजा तो नहीं हूं।

- **प्रश्न: आपके चुनाव की कमान क्या दिग्विजय सिंह ने संभाली हुई है?**

**उत्तर:** चुनाव की कमान राजा दिग्विजय सिंह ने नहीं मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संभाली हुई है। दिग्विजय सिंह वरिष्ठ नेता हैं जब सभाएं होंगी तब वे आएंगे। फार्म भरते समय साथ थे और लोग भी साथ थे लेकिन कमान उन्होंने नहीं संभाली है। वे पार्टी के प्रति बहुत समर्पित हैं। उनकी तो मैं तारीफ करूंगा मध्यप्रदेश का कोई नेता उनकी श्रेणी का नहीं है जितनी मेहनत कर रहा है निस्वार्थ भाव से। हर कांग्रेस कार्यकर्ता की लड़ाई लड़ रहे हैं।

- **प्रश्न: आप नरोत्तम जी की प्रतिभा से बहुत प्रभावित नहीं दिखे, क्यों?**

**उत्तर:** नहीं, मैं प्रभावित हूं। लेकिन जब तक वो सामने थे तो हम क्यों उनकी तारीफ करें। उनका प्लस पॉइंट जनता के बीच लाना या सामने लाना विपक्ष का काम नहीं होता है। विपक्ष का काम होता है उनके माइनस पॉइंट को हाईलाइट करना। अब वो सामने नहीं हैं इसलिए उनके प्लस पॉइंट अब मैं आपको बता सकता हूं। वो अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं, बहुत होशियार हैं, माइंड बहुत शार्प है, ज्ञान बहुत है, वक्ता बहुत अच्छे हैं, इसके अलावा सबसे बड़ी चीज वो संगठक बहुत अच्छे हैं। उन्होंने अपनी पर्सनल टीम तैयार की कार्यकर्ताओं की। कार्यकर्ताओं का भावनात्मक लगाव उनके साथ है। उनका टिकट कटने के बाद कार्यकर्ताओं ने जो विरोध प्रदर्शन किया यह पहले से कोई प्लानिंग नहीं थी। ये तो अचानक हुआ। इसका मतलब है कि कार्यकर्ताओं का जबरदस्त लगाव उनसे है।

- **प्रश्न: आशुतोष तिवारी के बारे में क्या कहना चाहेंगे?**

**उत्तर:** वो दतिया के बाहर भोपाल, सागर में संगठन मंत्री रहे होंगे। दतिया जिले में उनका बिलकुल कार्य क्षेत्र नहीं रहा। कोई उनका संगठन नहीं है। संगठन में कोई योगदान नहीं है। व्यक्तिगत कोई योगदान नहीं है। किसी से कोई संपर्क नहीं है। यहां तक कि दतिया विधानसभा क्षेत्र का मैं दावे से कह सकता हूं कि 90 प्रतिशत वोटरों ने उनका कभी नाम ही नहीं सुना, और 5 प्रतिशत वोटरों ने नाम सुना है तो शक्ल नहीं देखी। भाजपा को लगा कि आशुतोष तिवारी संगठन में, प्रदेश में, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में बहुत बड़ा नाम है। लेकिन वो ये गलती कर गए कि उनका जनता में नाम नहीं है।

## हीरो मोटोकॉर्प जर्मनी के बाजार में उतरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड ने केएसआर ग्रुप के साथ वितरण साझेदारी के जरिये जर्मनी के बाजार में प्रवेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस पहल के तहत वह यूरो-5 प्लस मानकों के अनुरूप अपने उत्पादों की श्रृंखला पेश करेगी, जिसकी शुरुआत 'एक्सपल्स 200 4वी' सीरीज से होगी। हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी उपाध्यक्ष (वैश्विक कारोबार, वैश्विक उत्पाद योजना और वैश्विक बाजार अंतर्दृष्टि) संजय भान ने कहा, /"जर्मनी हीरो मोटोकॉर्प की वैश्विक वृद्धि यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इटली, स्पेन, फ्रांस और ब्रिटेन में अपनी मौजूदगी के बाद यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में प्रवेश कंपनी के वैश्विक कारोबार की बढ़ती ताकत और इस क्षेत्र के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**NOTICE**
I, Subhan S/o Mohd Naseem R/o H.No. C-95, Block-c, Radhey Shyam Park Extn. Delhi-110051 declare that the correct spelling of my father's name is Mohd Naseem. The name of my father has written/printed as Naseem Ahmed by typing mistake in my 10th marksheet/12th marksheet, issued by CBSE, Delhi, where as my father's correct name is Mohd Naseem and henceforth for all purpose shall be known as Mohd Naseem. Mohd Naseem and Naseem Ahmed are one and the same person.

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
**धारा 82 CrPC देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साहिबान उर्फ मोहम्मद इमरान पुत्र** मोहम्मद इरफान, **निवासी** प्लॉट नं0–2, खसरा नं0 9/2023, भूतल, ग्राम–मुबारकपुर डबास, कंझावला, रोहिणी, दिल्ली, ने **FIR No. 00191/2023, U/S 380/411 IPC, पुलिस स्टेशन कंझावला, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साहिबान उर्फ मोहम्मद इमरान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साहिबान उर्फ मोहम्मद इमरान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 00191/2023, U/S 380/411 IPC, पुलिस स्टेशन कंझावला, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **साहिबान उर्फ मोहम्मद इमरान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.08.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।
आदेशानुसार
श्री अपूर्व भारद्वाज
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02,
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं0–113, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/9768/RD/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
(धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए)
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रकाश सिंह उर्फ संजू पुत्र मोहन सिंह, पता: मकान नं बी1/672 जेजे कॉलोनी मदनपुर खादर नई दिल्ली** ने **एफआईआर सं. 528/2022 दिनांक 07.12.2022 धारा 324 भा.द.स. के तहत** थाना: कालंदी कुंज, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रकाश सिंह उर्फ संजू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रकाश सिंह उर्फ संजू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 528/2022 दिनांक 07.12.2022 धारा 324 भा.द.स. के तहत** थाना: कालंदी कुंज, दिल्ली **के उक्त प्रकाश सिंह उर्फ संजू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
आज़ाद सहरावत
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–10
कमरा नं.307, तृतीय तल, साउथ ईस्ट, जिला साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/9609/SE/2026


## राशिफल




**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।



**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।



**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।



**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।



**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।



**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।




**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।



**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।



**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।



**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।




**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।



**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 6289




**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवणेंद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरुरतमंद–5
42.सेंधमार–5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

### शब्द पहेली- 6288 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |



## गोल के मामले में ऐसा रहा अर्जेंटीना व स्पेन का सफर

अर्जेंटीना ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 19 गोल किए हैं जबकि टूर्नामेंट में सबसे कम गोल खाने के मामले में स्पेन सबसे आगे है। उसने सिर्फ एक गोल खाया है। ज्ञात हो कि स्पेन ने मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को हराया। इस टूर्नामेंट में वापसी करने में माहिर अर्जेंटीना ने बुधवार को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर जीत हासिल की।

## अर्जेंटीना चौथे और स्पेन दूसरे खिताब की दौड़ में

इस वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है और ब्राजील के बाद लगातार दो बार विश्व कप चैंपियन बनने की ओर अग्रसर है, जिसने 1958 और 1962 में यह उपलब्धि हासिल की थी। स्पेन 2010 में जीतने के बाद अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है। दोहा में होने वाली थी भिड़ंत नहीं हो पाई थी दक्षिण अमेरिकी चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोपीय चैंपियन स्पेन को मार्च के अंत में कतर के दोहा में फाइनलिस्सिमा में एक दूसरे का मुकाबला करना था लेकिन मध्य पूर्व में जारी जंग के कारण यह मैच नहीं हो पाया और अब संयोग देखिए कि विश्व कप फाइनल में यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी। साथ ही उन टीमों के बीच भी मुकाबला होगा जो विश्व कप से पहले फीफा की विश्व रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर काबिज थीं अर्जेंटीना नंबर एक और स्पेन नंबर दो पर।

## वर्तमान और भविष्य के बीच होगा मुकाबला

यह फुटबॉल के वर्तमान और भविष्य के बीच एक मुकाबला होगा। साल 2007 में ली गई एक मशहूर तस्वीर है जब मेस्सी यूनिसेफ के एक कार्यक्रम का हिस्सा थे और उन्होंने एक बच्चे के साथ पोज दिया था। वह बच्चा कोई और नहीं बल्कि यामल है जो अब अपने आदर्श खिलाड़ी को टक्कर देने के लिए तैयार है। स्पेन ने 6 मैच जीते, एक रहा ड्रा।

# फाइनल में अर्जेंटीना-स्पेन ही नहीं मेस्सी और यामल का भी मुकाबला



लामिन यामल
युवा स्ट्राइकर, स्पेन

**न्यूयॉर्क।** विश्व कप फाइनल के लिए मंच सज चुका है जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण वाली टीम अर्जेंटीना का सामना स्पेन की उस टीम से होगा जिसकी रक्षापंक्ति की मजबूती का कोई सानी नहीं है। खिताबी मुकाबले में खेल की दो अलग-अलग शैलियों का टकराव देखने को मिलेगा। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना रविवार को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में स्पेन की मजबूत रक्षात्मक टीम से भिड़ेंगे। स्पेन के पास मेस्सी को टक्कर देने के लिए लामिन यामल के रूप में युवा स्ट्राइकर है।



## अर्जेंटीना 7वीं बार फाइनल में

अर्जेंटीना ने अपने 7वें विश्व कप फाइनल में जगह बनाई है। इस टूर्नामेंट से पहले वह 1930, 1978, 1986, 1990, 2014 और 2022 में फाइनल तक पहुंचे थे। इतिहास की बात करें तो खिताबी मैच में अर्जेंटीना का जीत-हार का रिकॉर्ड 3-3 का रहा है। अर्जेंटीना 3 बार 1978, 1986 और 2022 में विश्व कप जीत चुका है। इसके अलावा वह 1930, 1990 और 2014 में उपविजेता रहे हैं।

## फीफा वर्ल्ड कप में मेसी ने रचा इतिहास

### 12 गोल में मदद करने वाले बने दुनिया के पहले खिलाड़ी

### मेस्सी 'मैजिक' देख इंग्लैंड के खिलाड़ी केन भी हुए कायल

## अर्जेंटीना में जमकर मना जीत का जश्न

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना की विश्व कप की सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत का जश्न मनाने के लिए यहां हजारों फुटबॉल प्रशंसक सड़कों पर उमड़ पड़े। ब्यूनस आयर्स में तब मूसलाधार बारिश हो रही थी लेकिन इससे प्रशंसकों पर कोई असर नहीं पड़ा। इनमें से कई प्रशंसक को अपनी शर्ट उतार कर ही सड़कों पर नाच गा रहे थे। इनमें से कई प्रशंसकों ने अपने शरीर नीले और सफेद राष्ट्रीय रंगों से रंगे थे। युवा लड़के-लड़कियां बिजली के खंभों और ट्रैफिक लाइटों पर चढ़कर अर्जेंटीना के झंडे लहरा रहे थे।

## अटलांटा में दर्शकों के लिए घर जैसा माहौल

**अटलांटा।** अर्जेंटीना के प्रशंसक अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के प्रति उग्र और जोशीले समर्थन के लिए जाने जाते हैं तथा उनके इस जोश और जुनून ने अटलांटा में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए विश्व कप सेमीफाइनल में उनकी प्रिय टीम के लिए घर जैसा माहौल बना दिया। यह ब्यूनस आयर्स नहीं था, लेकिन स्टेडियम अर्जेंटीना के समर्थकों से भरा पड़ा था। इनमें केवल अर्जेंटीना के निवासी ही नहीं थे, बल्कि उनकी टीम को चाहने वाले अन्य देशों के कई लोग भी शामिल थे। उन्होंने मैच के दौरान टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए गाने गाए, नारे लगाए और जोर-जोर से चिल्लाए। शर्ट उतारकर हवा में लहराई गईं।




## खबर संक्षेप



### क्वालीफायर में भारत का मुकाबला इराक और सीरिया से

**कुआलालंपुर।** भारतीय अंडर17 महिला फुटबॉल टीम को पांच से 11 अक्टूबर तक यहां होने वाले एएफसी अंडर17 एशियाई कप क्वालीफायर में मलेशिया, सीरिया और इराक के साथ ग्रुप ई में रखा गया है। एशियाई फुटबॉल महासंघ हाउस में बृहस्पतिवार को ड्रॉ निकाला गया। भारत अपने अभियान की शुरुआत इराक के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह सीरिया और मलेशिया का सामना करेगा। ग्रुप की विजेता टीम अगले वर्ष 31 मार्च से 17 अप्रैल तक चीन के सूज़ौ में होने वाले अंडर17 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करेगी। भारत ने पिछली बार इस प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी।


### आचार संहिता का उल्लंघन पर बराड़ को एक 'डिमैरिट' अंक

International Cricket Council

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में खेले गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच दौरान 'अनुचित और खतरनाक' तरीके से गेंद फेंकने के लिए चेतावनी दी है और उनके खाते में एक 'डिमैरिट' अंक जोड़ा गया है। बराड़ को आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो लेवल एक का अपराध है। आईसीसी ने बयान में कहा, ''इसके अलावा बराड़ के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक 'डिमैरिट' अंक जोड़ा गया है। यह उनका पिछले 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था। यह घटना इंग्लैंड की पारी के आठवें ओवर में घटी, जब बराड़ ने फील्डिंग करते समय गेंद को 'अनुचित और खतरनाक तरीके से' बल्लेबाज की ओर फेंक दिया था।

## इटली के मूर्तिकार ने तैयार की है विश्व कप ट्रॉफी

**मिलान।** फीफा विश्व कप ट्रॉफी का डिजाइन इटली के एक मूर्तिकार ने तैयार किया है। उन्होंने इस सर्पिलाकार आकृति में खेल से जुड़ी तीन भावनाओं को दर्शाने की कोशिश की है जिसमें खिलाड़ियों का संघर्ष, प्रशंसकों का उल्लास और जीत का क्षण शामिल हैं। जब ब्राजील ने 1970 में अपना तीसरा विश्व कप जीतकर मूल ट्रॉफी पर स्थायी अधिकार हासिल कर लिया था तो विश्व फुटबॉल की



सर्वोच्च संस्था फीफा ने एक नए डिजाइन के लिए खुली प्रतियोगिता शुरू की। इसके बाद सिल्वियो गज़ानिगा ने मिलान के ब्रेरा इलाके में स्थित अपने स्टूडियो में ट्रॉफी का डिजाइन तैयार किया। यह डिजाइन अब दुनिया भर के फुटबाल प्रेमियों की आंखों में रच बस चुका है। इसमें दो मानव आकृतियां पृथ्वी को पकड़े हुए हैं। विश्व कप फाइनल के बाद विजेता टीम का कप्तान जिस ट्रॉफी को हासिल करता है वह 36 सेंटीमीटर (14 इंच) ऊंची है और 18 कैरेट सोने से बनी है। यह हरे रंग के दो छल्लों वाले आधार पर टिकी है। यह छल्ले खेल के मैदानों के प्रतीक हैं।

## मालोन और टॉम क्रूज सहित फीफा के समापन समारोह में दिखाई देंगे कई मुख्य कलाकार

**न्यूयॉर्क।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने कहा है कि विश्वकप 2026 के समापन समारोह में अभिनेता टॉम क्रूज से लेकर स्ट्रीमर आईशोस्पीड तक, कई तरह के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। अमेरिकी रैपर-गायक पोस्ट मालोन समापन समारोह में मुख्य प्रस्तुति देंगे। यह समारोह रविवार के फाइनल से 90 मिनट पहले आयोजित किया जाएगा। फीफा ने एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य तीन देशों के 16 मेजबान शहरों में 48 टीमों की अविस्मरणीय यात्रा का जश्न मनाना है। **कौन-कौन से कलाकार होंगे मुख्य आकर्षण :** इस समारोह में आईशोस्पीड व टॉम क्रूज सहित इटली की गायिका लौरा पौसिनी, टोनी पुरस्कार विजेता और पुसीकैट डॉल्स की सदस्य निकोल शेर्जिंगर; और ब्रिटिश गायक और टेक दैट के पूर्व सदस्य रॉबी विलियम्स द्वारा प्रस्तुतियां भी शामिल होंगी। जेनिफर हडसन अमेरिकी राष्ट्रगान गाएंगी। रविवार को टूर्नामेंट का पहला हाफटाइम शो भी होगा, जिसमें कई जाने-माने कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। समापन समारोह का आयोजन माकर बालिच के नेतृत्व वाले बालिच वंडर स्टूडियो के साथ साझेदारी में किया जा रहा है।



### अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

## रोहतक के सूरज और रोहित का हुआ चयन





हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में रोहतक के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें 60 किलोग्राम के सूरज और 65 किलोग्राम में रोहित का चयन हुआ है। इसके लिए वीरवार को ट्रायल लखनऊ में आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता 16 अगस्त से 23 अगस्त तक स्लोवाकिया में खेली जाएगी। सूरज जिले के मेहर सिंह अखाड़े में अभ्यास करता है। रोहित गर्वनमेंट कॉलेज सांपला का छात्र है और ओलंपियन योगेश्वर दत्त रेसलिंग अकादमी में अभ्यास करता है। सूरज ने बताया कि वर्ष 2018 में ओलंपियन पहलवान सुशील व पहलवान योगेश्वर को देखकर खेलना शुरू किया था। सूरज ने बताया कि उस समय गांव में कोई कुश्ती नहीं खेलता था। राके पहलवान के पास शुरू में खेलना शुरू किया। इसके बाद जिले में देव कॉलोनी स्थित मेहर सिंह अखाड़े में आ गया था, तभी से यहीं पर कोच रणबीर ढाका के पास अभ्यास करता हूं।

उन्होंने बताया कि पिता रवि प्रकाश खेती करते हैं, मां सुमन गृहिणी व दो भाई हैं। इससे पहले सूरज ने 2025 में वियतनाम में आयोजित अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। सूरज का तीन बार एशियन प्रतियोगिता में चयन हुआ है। दो बार इस प्रतियोगिता में पदक जीत चुका है। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश, कोच रणबीर ढाका, कोच रामफल मान, मेहर सिंह अखाड़ा संचालक मोहित मलिक, डॉ. संजीत मलिक, कोच सोनू, कोच रिंकू और कोच मनोज कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## मुक्केबाजी चैंपियनशिप में विश्वनाथ और गंगा ने स्वर्ण पर जमाया कब्जा

एजेंसी ⏭ जकार्ता

भारतीय जूनियर मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) और गंगा (55 किग्रा) ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

अंडर-23 पुरुष फाइनल में भारत ने दो स्वर्ण पदक हासिल कर प्रभावित किया। मौजूदा सीनियर एशियाई चैंपियन विश्वनाथ ने पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में जापान के डायची इवाई पर 3-2 से जीत दर्ज कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं गंगा ने भी कजाखस्तान के बेजुलाटन बोरानबेक पर समान अंतर से जीत दर्ज की।



### अन्य मुक्केबाजों का ऐसा रहा प्रदर्शन

वंशज (65 किग्रा) ने फाइनल में चुनौती पेश की लेकिन उज्बेकिस्तान के इखोमजोन अर्गाशेव से 1-4 से हारकर रजत पदक से संतोष किया। अंडर-19 पुरुषों के फाइनल में भारतीय मुक्केबाजों ने जुझारू प्रदर्शन किया लेकिन रजत पदक ही जीत सके। आदित्य (55 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के एलियोर रूस्तामोव से 0-5 से जबकि शुभम राजपूत (90 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के असादबेक सुल्तानबोएव से इसी अंतर से पराजय मिली।

## जापान ओपन: हान यू को हराकर सिंधू क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ⏭ तोक्यो

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को चीन की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी हान यू को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जो उनका मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। विश्व रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर के मुकाबले में अपने से उच्च रैंकिंग वाली चीनी शटलर को केवल 35 मिनट में 21-16, 21-14 से पराजित किया।



### अब मुकाबला जापान की नोजोमी से

इस 31 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा, जिन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी आन से-यंग के दूसरे दौर के मैच से हटने के बाद वॉकओवर मिल गया था।

### तनीशा-कपिला की जोड़ी हुई बाहर

तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी के प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद सिंधू अब टूर्नामेंट में भारत की एकमात्र खिलाड़ी बची हैं।

### भारतीय खिलाड़ी अभी तक नहीं छू पाए 600 का आंकड़ा

## पोलार्ड ने टी-20 में पूरे किए 1001 छक्के, गेल शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज कीरोन पोलार्ड ने अहम उपलब्धि हासिल की। दरअसल, उन्होंने टी-20 क्रिकेट में अपने 1,000 छक्के पूरे किए। मेजर लीग क्रिकेट में एमआई न्यूयॉर्क का प्रतिनिधित्व करते हुए एलिमिनेटर मुकाबले में उन्होंने वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ अर्धशतक लगाया और अपनी पारी के दौरान ये मुकाम हासिल किया। हालांकि, उनकी टीम को मैच में हार मिली। इस बीच टी-20 क्रिकेट में 1,000 से अधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### कीरोन पोलार्ड (1,001)

ओकलैंड में पोलार्ड ने 25 गेंदों में 64 रन बनाए, जिसमें एक चौका और 8 छक्के शामिल थे। अपने 7वें छक्के के साथ, वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने टी-20 क्रिकेट में 1,000 छक्के पूरे किए। वह पुरुषों के क्रिकेट में इस आंकड़े तक पहुंचने वाले केवल दूसरे खिलाड़ी बन गए। 20 साल के शानदार टी-20 करियर में पोलार्ड के नाम अब 923 चौके और 1,001 छक्के दर्ज हैं। वह इस प्रारूप में 14,803 रन बना चुके हैं।



### क्रिस गेल (1,056 छक्के)

इस सूची में पहले स्थान पर वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल हैं। उन्होंने अपना पहला टी-20 मुकाबला साल 2005 में खेला था। आखिरी बार वह 2022 में खेलते हुए नजर आए थे। इस खिलाड़ी ने 463 मुकाबले खेले थे और इसकी 455 पारियों में 1,056 छक्के लगाए थे। उनके बल्ले से 36.22 की औसत और 144.75 की स्ट्राइक रेट से 14,562 रन निकले थे। उन्होंने 22 शतक और 88 अर्धशतक भी जड़े थे।

### रोहित ने लगाए 568 छक्के



भारतीय बल्लेबाजों की बात करें तो रोहित शर्मा ने 472 टी-20 मैचों में 568 छक्के लगाए हैं। उनके अलावा किसी अन्य भारतीय खिलाड़ी ने 500 छक्कों का आंकड़ा नहीं छूआ है।





**व्यापार और रक्षा सहयोग मजबूत करने पर सहमति**

# भारत-बेल्जियम रणनीतिक साझेदारी की नई शुरुआत: पहली बैठक में रक्षा, सेमीकंडक्टर और सप्लाई चेन पर हुआ मंथन

- पहली रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और बेल्जियम के उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री मैक्सिम प्रिवो ने की
- दोनों देशों ने रक्षा, सेमीकंडक्टर, सप्लाई चेन (आपूर्ति श्रृंखला) व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा और मोबिलिटी की समीक्षा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और बेल्जियम ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने के उद्देश्य से 15 जुलाई 2026 को पहली भारत-बेल्जियम रणनीतिक वार्ता आयोजित की। दोनों देशों ने बदलते वैश्विक परिदृश्य में राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमति जताई। यह रणनीतिक वार्ता भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) रणनीतिक साझेदारी के तहत नियमित और परिणामोन्मुख राजनीतिक संवाद का नया मंच बनेगी।


विदेश मंत्री एस जयशंकर बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री प्रिवो से मिलते हुए

## पिछले साल से बन रही थी सहमति

बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने की। बैठक के दौरान दोनों देशों ने व्यापार और निवेश, हरित ऊर्जा, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी, संपर्क, रक्षा, सुरक्षा, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों तथा लोगों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने कहा कि मार्च 2025 का बेल्जियम आर्थिक मिशन दोनों देशों के व्यापार, निवेश और नवाचार भविष्य में सहयोग को और गति देंगे। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि यूरोप के साथ भारत के संबंधों में बेल्जियम का विशेष स्थान है।

## अब उच्च स्तरीय बैठकें होंगी

दोनों पक्षों ने यह भी तय किया कि इस रणनीतिक वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए नियमित उच्चस्तरीय बैठकों का आयोजन किया जाएगा। वर्ष के अंत में प्रस्तावित उच्चस्तरीय यात्राओं के दौरान कई महत्वपूर्ण पहलों को आगे बढ़ाया जाएगा। रणनीतिक वार्ता के साथ ही भारत-यूरोपीय संघ व्यापार मंच का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारत, बेल्जियम और अन्य यूरोपीय देशों के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में भारत की ओर से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद शामिल हुए, जबकि बेल्जियम की ओर से फ्लैंडर्स और वालोनिया के प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

### रणनीतिक साझेदारी के व्यापक दायरे

विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, यह संवाद भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) रणनीतिक साझेदारी के व्यापक दायरे से जुड़ा है। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक जुड़ाव को नियमित और परिणाम-उन्मुख ढांचा प्रदान करेगा। भविष्य की रणनीति: दोनों देशों ने व्यापार-निवेश, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में सहयोग गहरा करने पर सहमति जताई। साथ ही, आगामी उच्च स्तरीय यात्राओं के जरिए साझा लक्ष्यों को जमीन पर उतारने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस रणनीतिक वार्ता के साथ ही भारत-ईयू बिजनेस फोरम की भी बैठक हुई।

## खबर संक्षेप

### ज़ंज़ीबार के राष्ट्रपति डॉ. हुसैन आज से भारत दौरे पर



**नई दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति के आमंत्रण पर ज़ंज़ीबार के राष्ट्रपति एवं रिवोल्यूशनरी काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. हुसैन अली म्विनी आज यानी 17 से 20 जुलाई तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। उनके साथ उनकी पत्नी, कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डॉ. हुसैन अली म्विनी भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता भारत-तंजानिया संबंधों की समीक्षा करेंगे और भविष्य में सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

### न्यूजीलैंड में 5.9 तीव्रता का आया भूकंप, हड़कंप



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के दक्षिणी द्वीप में गुरुवार रात स्थानीय समयानुसार 9:14 बजे 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के बाद प्रशासन ने एहतियातन सुनामी की चेतावनी जारी की, जिसे कुछ समय बाद वापस ले लिया गया। फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र ते अनाउ कस्बे से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में था। शुरुआती आकलन में इसकी तीव्रता 6.3 बताई गई थी, लेकिन बाद में इसे घटाकर 5.9 कर दिया गया। सुनामी चेतावनी हटाए जाने के बावजूद एजेंसी ने लोगों को समुद्र, समुद्र तट, बंदरगाह, मरीना और नदियों से दूर रहने की सलाह दी है।

**राजधानी में गुरुवार को हुए बीआरओ के रणनीतिक अवसंरचना सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री**

# भविष्य के युद्ध में अत्याधुनिक तकनीक से इतर अपरिहार्य बनी रहेगी सीमावर्ती अवसंरचना: राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन-पाकिस्तान सीमा से मिलती साझा सुरक्षा चुनौती के दौर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सीमावर्ती अवसंरचना के विकास के विषय को देश के सामने मजबूती से रखा है। जिसमें उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रौद्योगिकी पर पूरी तरह से केंद्रित युद्धकला में सीमावर्ती अवसंरचना अपरिहार्य बनी रहेगी। आगामी समय में युद्ध की बदलती प्रकृति के बीच रक्षा बलों में अत्याधुनिक हथियार और उपकरणों को शामिल करने का सिलसिला जारी है। इसके बावजूद बंदरगाह, हवाई अड्डों, सड़कों और सुरंगों की महत्वपूर्ण भूमिका जस की तस बनी रहेगी। रक्षा मंत्री ने यह जानकारी राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के दो दिवसीय रणनीतिक अवसंरचना सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी है। जिसकी शुरुआत बीते 15 जुलाई को हो गई थी।

### समझाए सुरक्षा संरक्षक के मायने

उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो मत नहीं है कि युद्ध का परिणाम बहुत हद तक सैन्य शक्ति, सटीक क्षमताओं और आधुनिक प्रौद्योगिकियों द्वारा तय होता है। फिर भी बुनियादी ढांचा सैन्य अभियानों को सक्षम बनाने के लिए काफी महत्व रखता है। राजनाथ ने बीआरओ कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि कभी-कभी युद्ध का पहला मोर्चा सीमा पर नहीं। बल्कि उस सड़क पर होता है।

जो हमारे सैनिकों को अग्रिम पंक्ति तक ले जाती है। इसलिए सड़क निर्माण करने वाला व्यक्ति भी राष्ट्रीय सुरक्षा का उतना ही महत्वपूर्ण संरक्षक है। जितना की सीमा पर तैनात सैनिक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा विश्व-स्तरीय बुनियादी ढांचा निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा को सशक्त बनाने और देश को 2047 तक विकसित भारत में तब्दील करने के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए इस्तेमाल की जा रही उन्नत प्रौद्योगिकियों की प्रशंसा की है।




### अवसंरचना विकास सामूहिक जिम्मेदारी

रक्षा मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि अवसंरचना विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास है। जिसके लिए उन्होंने उद्योगों से नवाचार करने, शिक्षाविदों से अनुसंधान में प्रगति करने, इंजीनियरों से समाधान विकसित करने और प्रशासकों से उन्हें जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि हम सभी को एकजुटता से एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना पड़ेगा। जो उत्कृष्टता को बढ़ावा दे और जिसकी मदद से प्रत्येक हितधारक पूरी निष्ठा के साथ अपनी भूमिका को निभाए।

### मुख्यधारा से कटा न महसूस करें नागरिक

कनेक्टिविटी सभ्यतागत विकास का एक अनिवार्य घटक है। इसलिए सरकार सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल अवसंरचना प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस व उसकी अगुवाई वाली संप्रग की पूर्ववर्ती सरकारों पर नाम लिए बगैर निशाना साधते हुए कहा कि देश की क्षमताओं और आवश्यकताओं के मद्देनजर 1947 में मिली आजादी के बाद से कोई खास ध्यान नहीं दिया गया है।

लेकिन मौजूदा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी सुदूर क्षेत्र में रहने वाला कोई भी नागरिक देश की मुख्यधारा से कटा हुआ महसूस न करे। सरकार जीवंत ग्राम कार्यक्रम के माध्यम से भारत के अंतिम गांव कहे जाने वाले गांवों को पहले गांव के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि मजबूत बुनियादी ढांचे वाले देश का ही भविष्य भी उज्जवल होता है। आज जिस अवसंरचना का निर्माण किया जा रहा है। वह अगली एक-दो शताब्दियों तक हमारी सभ्यता को परिभाषित करेगा।

### सुरंग निर्माण प्रौद्योगिकी ने किया कायाकल्प

बीते करीब 60 वर्षों में बीआरओ ने अपने आप को एक सड़क निर्माण एजेंसी से इतर दुनिया के सबसे सम्मानित रणनीतिक अवसंरचना संगठनों में से एक के रूप में स्थापित किया है। अटल सुरंग, उमलिंग ला दर्रा और सेला सुरंग जैसी कई उपलब्धियों संगठन के नाम दर्ज हैं। समर्पित बीआरओ कर्मियों ने बार-बार अपनी राष्ट्र सेवा की भावना से ये साबित किया है कि परिस्थितियां भले ही कितनी चुनौतीपूर्ण क्यों न हो? लेकिन उनका मुकाबला किया जा सकता है। संगठन द्वारा अपनाई गई सुरंग निर्माण की नवीनतम प्रौद्योगिकी ने शहरों में मेट्रो निर्माण से लेकर पर्वतीय क्षेत्र में राजमार्ग विकास तक के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। रक्षा मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान संगठन की विभिन्न परियोजनाओं को लेकर पुरस्कार वितरित किए और परियोजना प्रबंधन, भर्ती के लिए दो डिजिटल प्लेटफार्म भी लांच किए।

### बदल गया रणनीतिक मापदंड

बीआरओ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह ने कहा कि रणनीतिक क्षमता का मापदंड बदल गया है। अब ये केवल निर्माण कार्यों से ही नहीं बल्कि इस बात से भी तय होता है कि हम कितनी बुद्धिमत्ता से योजना बनाते हैं, उसे क्रियान्वित करते हैं। साथ ही कितने प्रभावी ढंग से उसकी निगरानी करते हैं और कितने टिकाऊ ढंग से उसका रखरखाव करते हैं।

**जनरल धीरज सेठ ने परखे कोर के सुरक्षा हालात, युद्धक तैयारियों का लिया जायजा**

# सेनाप्रमुख ने किया पूर्वोत्तर की सुरक्षा की रीढ़ मानी जाने वाली गजराज कोर का दौरा

**असम-मेघालय में आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने में दिए गए कोर के योगदान को सराहा**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ ने गुरुवार को पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा की रीढ़ मानी जाने वाली चौथी कोर यानी गजराज कोर (असम में मुख्यालय है) का दौरा कर वहां ग्राउंड पर बनी हुई सेना की रणनीतिक और परिचालन तैयारियों की बड़े पैमाने पर समीक्षा की है।

सेना ने एक बयान में बताया कि कोर के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने सेनाप्रमुख को उनकी इस यात्रा के दौरान क्षेत्र में तैनात इकाइयों-संरचनाओं द्वारा वर्तमान सुरक्षा स्थिति, परिचालन तैयारियों और क्षमता विकास को बनाए रखने के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों के बारे में जानकारी दी है।

जनरल सेठ ने सेना की चौथी कोर के असम और मेघालय में आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में दिए गए अहम योगदान, आपदा राहत-मानवीय सहायता अभियानों में उसकी तीव्र, प्रभावी प्रतिक्रिया की भी प्रशंसा की है। गौरतलब है कि सेनाप्रमुख उत्तर पूर्व की यात्रा पर हैं। जिसमें उन्होंने सेना के कई अन्य ठिकानों का भी दौरा किया था। इससे पहले वह जम्मू-कश्मीर से लेकर लेह-लद्दाख तक मौजूद देश की सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सेना की उत्तरी-कमांड की यात्रा पर गए थे।

### मिशन पर रहे पूरा ध्यान

उन्होंने कोर में तैनात सभी अधिकारियों और जवानों को संबोधित करते हुए उनसे आह्वान किया कि वह लगातार अपना ध्यान मिशन पर केंद्रित रखें।

इसके अलावा तमाम एजेंसियों के मध्य समन्वय, परिचालन तैयारियों के सर्वोच्च मानकों को भी बनाए रखें। जिससे लगातार परिवर्तित होते बहु-क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य में उभरती हुई चुनौतियों का और अधिक प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके।

जनरल धीरज सेठ ने सैनिकों के ऊंचे मनोबल, पेशेवर दक्षता के साथ उनकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की है। साथ ही परिचालन क्षमता में बढ़ोतरी करने के लिए नवाचारों, प्रौद्योगिकियों के उपयोग को भी सराहा।

**आतंकी फंडिंग और अवैध घुसपैठ नेटवर्क पर ईडी की बड़ी कार्रवाई**

# 4 राज्य में 13 ठिकानों पर छापे, 40 लाख नगद, सोने के सिक्के बरामद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आतंकी फंडिंग और अवैध घुसपैठ से जुड़े एक बड़े नेटवर्क के खिलाफ गुरुवार को देश के चार राज्यों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इस मामले में 13 स्थानों पर छापेमारी की, जिनमें पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कई ठिकाने शामिल हैं। ईडी की कार्रवाई पश्चिम बंगाल के कोलकाता, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और मुर्शिदाबाद, हरियाणा के फरीदाबाद (बल्लभगढ़), उत्तर प्रदेश के सहारनपुर (देवबंद), दिल्ली तथा अन्य स्थानों पर की गई।

**यूपी एटीएस की एफआईआर के आधार पर कार्रवाई:** ईडी ने बताया कि यह मामला यूपी एंटी टेररिस्ट स्क्वाड द्वारा दर्ज एफआईआर पर आधारित है। जांच के अनुसार, एक संगठित गिरोह कथित तौर पर रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में अवैध घुसपैठ कराने, उनके लिए फर्जी भारतीय पहचान पत्र तैयार कराने और देश के विभिन्न हिस्सों में उन्हें बसाने का काम कर रहा था।

**मदरसे में मिले 40 लाख रुपये और सोने के सिक्के:** तलाशी के दौरान पश्चिम बंगाल के हरोरा अल-जामियातुल इस्लामिया दारुल उलूम, खलीलकापुर परिसर से 40 लाख रुपये नकद और सोने के सिक्के बरामद किए गए। ईडी ने इन बरामदगियों को जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया है।

**विदेशी फंडिंग के दुरुपयोग का आरोप:** प्रारंभिक जांच में एक गहरे वित्तीय नेटवर्क का खुलासा होने का दावा किया गया है। कुछ धर्मार्थ ट्रस्टों और संस्थाओं को विदेशों से बड़ी मात्रा में आर्थिक सहायता प्राप्त हुई, जिसे कथित तौर पर कई बैंक खातों और म्यूल अकाउंट्स के जरिए अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया।

**छोटे-छोटे ट्रांजेक्शन के जरिए भेजी गई रकम:** जांच एजेंसी के मुताबिक, बैंक खातों से नकद निकासी और कई छोटे-छोटे वित्तीय लेनदेन के माध्यम से संदिग्ध लाभार्थियों तक धन पहुंचाया गया। ईडी इस बात की भी जांच कर रही है कि इन फंड्स का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों, अवैध घुसपैठ और फर्जी दस्तावेज तैयार कराने के नेटवर्क में किस प्रकार किया गया।

**जांच जारी:** ईडी ने कहा कि मामले में वित्तीय लेनदेन, विदेशी फंडिंग और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच जारी है। एजेंसी बरामद दस्तावेजों, डिजिटल उपकरणों और बैंक रिकॉर्ड का विश्लेषण कर रही है।

**कर्नाटक के कारवार में होगा समारोह, वायुसेनाप्रमुख करेंगे अध्यक्षता**

# अगले सप्ताह 22 जुलाई को नौसेना में शामिल होगा 'मालवन' युद्धपोत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की मारक क्षमता में जल्द ही और अधिक इजाफा देखने को मिलेगा। जिसकी वजह अगले सप्ताह 22 जुलाई को कर्नाटक के कारवार में होने वाले एक समारोह में समुद्री बल के जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल होने वाला नई पीढ़ी का स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'मालवन' है। इस बाबत आयोजित किए जाने वाले समारोह की अध्यक्षता वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह करेंगे। उनके अलावा इसमें नौसेना की पश्चिमी- कमांड के प्रमुख (एफओसी-इन-सी) वाइस एडमिरल संजय वात्सायन, नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी, कोचीन शिपयार्ड के प्रतिनिधि और पूर्व सैनिक भी मौजूद रहेंगे। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि मालवन, माहे श्रेणी का दूसरा युद्धपोत है। जिसे नौसेना पनडुब्बी रोधी उथले जल के युद्धपोत यानी एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी के रूप में परिभाषित करती है। पूर्व में नौसेना में माहे को कमीशन किया गया था। यहां बता दें कि इसी जुलाई महीने में नौसेना में शामिल किया जाने वाला मालवन दूसरा युद्धपोत है। इससे पहले बीते दिनों महेंद्रगिरी युद्धपोत नौसेना का हिस्सा बना था।



### लगाई गई 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री

मालवन कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा निर्मित है। जिसमें 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री लगी हुई है। इसी के साथ यह युद्धपोतों के डिजाइन, निर्माण और एकीकरण के क्षेत्र में भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता तथा आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। साथ ही यह आधुनिक नौसैनिक युद्धपोत निर्माण और उसकी अभिकल्पना के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान का मजबूत प्रतीक है।

### मॉर्डन सोनार, रडार से लैस मालवन

मालवन आधुनिक सोनार, रडार, टारपीडो और पनडुब्बी रोधी रॉकेट लांचर से लैस है। जिनकी मदद से यह युद्धपोत हिंद-महासागर क्षेत्र (आईओआर) में भारत की समुद्री सुरक्षा के पहलू को और अधिक चाक-चौबंद बनाएगा। इसके अलावा इसकी उपस्थिति कहीं न कहीं दुश्मनों को भी खौफजदा करेगी।

### दुश्मन की पनडुब्बियों की खैर नहीं

यह युद्धपोत समुद्र में पानी की गहराई में घात लगाए बैठी शत्रु देशों की पनडुब्बियों का मौका मिलने पर तुरंत काम तमाम कर देगा। आकार में भले ही यह एक छोटा युद्धपोत है। लेकिन यह बेहद ताकत के साथ बहु-भूमिका निभाने में सक्षम है। मालवन की उच्च गतिशीलता, सटीक परिचालन और लंबे वक्त तक समुद्र में तैनाती की क्षमता इसे खासतौर पर उथले जल क्षेत्रों में प्रभावी संचालन में निपुणता प्रदान करती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109